ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • डालटनगंज • ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 14 • विक्रम संवत 2080 • गुरुवार, 18 मई 2023 • वर्ष-29 • अंक-211 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 2.00



सारा अली खान का कान फिल्म ... पेज 10 पर

## NEWS इन ब्रीफ

### एनोस एक्का के बाद उनकी पत्नी मेनन को भी सुप्रीम कोर्ट से मिली बेल

**रांची।** मधु कोड़ा कैबिनेट में मंत्री रहे एनोस एक्का की पत्नी मेनन एक्का को सुप्रीम कोर्ट ने नियमित जमानत दे दी है. जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जीके माहेश्वरी की बेंच में मेनन एक्का की जमानत अर्जी पर सुनवाई हुई. अदालत ने हिरासत अवधि (कस्टडी) को देखते हुए जमानत अर्जी मंजूर कर ली. मेनन एक्का की ओर से सुप्रीम कोर्ट के वरीय अधिवक्ता सिद्धार्थ दवे और गौरव अग्रवाल ने बहस की. मनी लॉन्ड्रिंग केस में दोषी मेनन एक्का को झारखंड हाइकोर्ट ने जमानत देने से इनकार कर दिया था, जिसके बाद उन्होंने सुप्रीम कोर्ट से जमानत के लिए गुहार लगाई थी.

### मेदिनीपुर ब्लास्ट मामले में दो गिरफ्तार

**कोलकाता।** मेदिनीपुर के एगरा में अवैध पटाखा कारखाने में हुए विस्फोट मामले में सीआईडी ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए देव सुंदर जाना और तपन देवनाथ पर आरोप है कि उन्होंने भारी मात्रा में विस्फोटक एकत्रित किया था, जिसकी मदद से यहां बम बनाए जाते थे। बुधवार अपराह्न जिला पुलिस सूत्रों ने बताया कि चार अन्य लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। इधर, कारखाने के मालिक कृष्णपद बाग उर्फ भानु की तलाश में सीआईडी की टीम ओडिशा रवाना हो गई है। भानु और उसकी पत्नी के खिलाफ गैर इरादतन हत्या, विस्फोटक एकत्रित करने समेत अन्य गैर जमानती धाराओं के तहत मामला दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरू की गई है। सीआईडी के एक सूत्र ने बताया कि भानु बाग का मोबाइल लोकेशन ट्रेस किया जा रहा है। उसके ओडिशा में मौजूद होने की जानकारी मिली है जिसके बाद उसे पकड़ने के लिए टीम रवाना हुई है। इधर, जिला पुलिस ने एगरा थाना प्रभारी को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। उन्हें जवाब देने तक ड्यूटी नहीं आने को कहा गया है।

### गैंगस्टर अमन श्रीवास्तव को कड़ी सुरक्षा में लाया गया रांची

**रांची।** गैंगस्टर अमन श्रीवास्तव को बुधवार को कड़ी सुरक्षा के बीच मुंबई से रांची लाया गया। इस दौरान रांची एयरपोर्ट पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये थे। उल्लेखनीय है कि छह जिलों की पुलिस के लिए चुनौती बना गैंगस्टर अमन श्रीवास्तव को झारखंड एटीएस ने मुंबई से गिरफ्तार किया था। मंगलवार को अमन श्रीवास्तव को मुंबई कोर्ट में पेश किया गया। इसके बाद उसे ट्रांजिड रिमांड पर रांची लाया गया। अमन के खिलाफ राज्य के अलग-अलग थाने में कुल 23 मामले दर्ज हैं।

### एनआईए ने 15 लाख के इनामी नक्सली कृष्णा हांसदा को रिमांड पर लिया

**रांची।** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण ( एनआईए) ने 15 लाख के इनामी रीजनल कमेटी सदस्य कृष्णा दा उर्फ कृष्णा हांसदा उर्फ कृष्णा मांझी उर्फ अविनाश दा उर्फ आनंद को रिमांड पर लिया है। गिरिडीह जिले के पीरटांड थाना क्षेत्र के मंडलडीह, लेधवा निवासी से एनआईए 20 मई तक पूछताछ करेगी।पारसनाथ इलाके का आतंक कृष्णा हांसदा को जनवरी में पुलिस ने गिरफ्तार किया था। ने टेरर फंडिंग के एक मामले में जनवरी 2021 में मनोज कुमार, कृष्णा दा उर्फ कृष्णा हांसदा उर्फ कृष्णा मांझी उर्फ अविनाश दा उर्फ सौरभ दा उर्फ आंनद, सुनील मांझी उर्फ सुनील मुर्मू उर्फ सुनील सोरेन उर्फ चोपा सोरेन और मनोज कुमार चौधरी पर पूरक आरोप पत्र दाखिल किया था।

## जेएसएससी : डिप्लोमा स्तरीय संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा का नोटिफिकेशन जारी

**नवीन मेल संवावदाता**

**रांची।** झारखंड कर्मचारी चयन आयोग ने कनीय अभियंताओं के लिए डिप्लोमा स्तरीय संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा का नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। इसके लिए जेएसएससी की आधिकारिक वेबसाइट पर 24 जून तक ऑनलाइन फॉर्म भरा जा सकता है। अभ्यर्थी 28 जून की मध्यरात्रि तक अपना प्रिंटआउट निकाल सकेंगे. वहीं 26 जून की मध्यरात्रि तक परीक्षा शुल्क भुगतान के साथ ही फोटो और हस्ताक्षर अपलोड कर सकते हैं। जानकारी के अनुसार, 29 जून से 1 जुलाई तक फिर से लिंक खोला जाएगा, जिसमें अभ्यर्थी अपना नाम, डेट ऑफ बर्थ, ईमेल और मोबाइल नंबर के अलावा कोई भी संशोधन कर सकते हैं। जारी नोटिफिकेशन के अनुसार, केवल मुख्य परीक्षा ली जाएगी. सभी प्रश्न ऑप्शनल होंगे। परीक्षा में कुल 120 प्रश्न होंगे, जो हिंदी और इंग्लिश में होंगे. प्रत्यक प्रश्न तीन अंक के होंगे। प्रत्येक सही उत्तर के लिए तीन अंक मिलेंगे. प्रत्येक गलत उत्तर के लिए एक अंक की कटौती की जायेगी।

## झारखंड में फिलहाल प्रचंड गर्मी से नहीं मिलेगी राहत, बढ़ेगा तापमान

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में फिलहाल गर्मी से राहत नहीं मिलेगी। राज्य के कुछ जिलों में तापमान 44 डिग्री तक पहुंच गया है। गर्मी की वजह से लोगों का घरों से बाहर निकलना मुश्किल है। गर्मी की वजह से सुबह 10 बजे तक ही सड़कें सुनसान हो जा रही हैं। हालांकि, मौसम विज्ञान केंद्र ने बारिश की संभावना व्यक्त की है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बुधवार को बताया कि 20 मई तक राज्य के कुछ हिस्सों में बारिश की संभावना है। इस दौरान तापमान में कमी नहीं होगी लेकिन बारिश होने से लोगों को राहत जरूर मिलेगी। मुख्य रूप से बारिश उत्तर पूर्वी, दक्षिणी और मध्य भाग में दर्ज की जाएगी, जिसमें रांची, बोकारो, गुमला, हजारीबाग, खूंटी, रामगढ़, पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सिमडेगा, सरायकेला खरसावां, दुमका, देवघर, गोड्डा, पाकुड़, जामताड़ा, साहेबगंज, धनबाद समेत अन्य जिलों में बारिश की संभावना व्यक्त की गयी है। उन्होंने बताया कि आने वाले दो से तीन दिनों के दौरान तापमान में वृद्धि तीन डिग्री सेल्सियस तक दर्ज की जायेगी। इसके बाद तापमान में कोई बड़े बदलाव की संभावना नहीं है। झारखंड में मॉनसून आने के संबंध में बताया कि सामान्य समय जून के दूसरे सप्ताह 14-15 जून के आसपास आने का समय है। इस वर्ष केरल में बंगाल की खाड़ी से मॉनसून चार जून के आसपास आ सकता है। इसका असर झारखंड पर भी पड़ेगा। मॉनसून के सामान्य रुख में कोई बदलाव नहीं हुआ, तो झारखंड में 20 जून के आसपास मॉनसून आ सकता है। वैसे भी मौसम विभाग ने इस वर्ष सामान्य से पांच फीसदी तक कम बारिश का पूवार्नुमान लगाया है।

# बाबा नगरी से राष्ट्रपति के दौरे की होगी शुरुआत



### सुरक्षा तैयारियों में जुटा पुलिस मुख्यालय

**रांची।** भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू अपने तीन दिवसीय दौरे पर 24 मई को को झारखण्ड आने वाली है । राष्ट्रपति के तीन दिवसीय दौरे की शुरुआत बाबा नगरी देवघर से होगी। 24 मई को देवघर स्थित बाबा बैजनाथ मंदिर में पूजा अर्चना के साथ ही राष्ट्रपति के झारखंड दौरे की शुरूआत हो जाएगी। वहीं दूसरी तरफ राष्ट्रपति के झारखंड दौरे को देखते हुए पुलिस मुख्यालय सुरक्षा तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटा हुआ है। मिली जानकारी के अनुसार राष्ट्रपति की सुरक्षा व्यवस्था को संभालने के लिए 15 से ज्यादा आईपीएस साथ लगभग 4000 जवान तैनात रहेंगे।

मिली जानकारी के अनुसार राष्ट्रपति द्रौपदी मुरमू 24 मई को दिल्ली से इंडियन एयर फोर्स के विशेष विमान से सीधे झारखंड के देवघर पहुचेंगी व 24 मई की सुबह में राष्ट्रपति देवघर में बाबा बैजनाथ मंदिर में भगवान शिव की पूजा अर्चना करेंगी। राष्ट्रपति के देवघर आगमन को लेकर भी सुरक्षा की विशेष तैयारियां की गई है। 23 मई से लेकर 24 मई तक बाबा मंदिर परिसर पुलिस छावनी में तब्दील रहेगा। राष्ट्रपति के देवघर आगमन को लेकर पूर्व में ही एनएसजी की टीम मंदिर परिसर की सुरक्षा का जायजा ले चुकी है। राष्ट्रपति के आगमन वाले दिन देवघर जिला पुलिस के साथ-साथ स्पेशल फोर्सज को भी तैनात किया जाएगा। 24 मई को ही राष्ट्रपति द्रौपदी मुरमू रांची पहुंच जाएंगी जहां पर कई कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगी और रात्रि ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### सुरक्षा में तैनात रहेंगे 15 आईपीएस सहित पांच हजार जवान



**रांची।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के तीन दिवसीय झारखंड दौरे के मद्देनजर सुरक्षा के पुख्ता और कड़े इंतजाम किए गए हैं। राष्ट्रपति की सुरक्षा में पांच हजार जवान तैनात रहेंगे। रांची रेंज और दुमका रेंज डीआईजी के नेतृत्व में 15 से ज्यादा आईपीएस अधिकारी सुरक्षा व्यवस्था की कमान संभालेंगे। राष्ट्रपति की सुरक्षा में सुरक्षा में दो डीआईजी सहित 15 आइपीएस, 24 डीएसपी, 60 इंस्पेक्टर और 250 सब-इंस्पेक्टरों को तैनात रहेंगे। उनके रूट लाइन पर पुलिसकर्मियों की तैनाती, ट्रैफिक सहित सभी पहलुओं की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। राष्ट्रपति के गुजरने वाली रूट की हर ऊंची इमारतों से भी पुलिस के जवान हथियार के साथ निगरानी करेंगे। एडीजी अभियान संजय आनंद लाठकर ने बुधवार को बताया कि राष्ट्रपति के दौरे को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किया गया है। अलग-अलग जगहों पर राष्ट्रपति का कार्यक्रम है। संबंधित जिले के अधिकारियों को विशेष दिशा निर्देश दिए गए हैं।

### ये है निर्धारित कार्यक्रम

देवघर में बाबा बैजनाथ मंदिर में पूजा करने के बाद भी 24 मई को ही दिन के लगभग 12 बजे के करीब रांची पहुंच जाएंगी। रांची एयरपोर्ट से निकलने के बाद बिरसा मुंडा के मूर्ति पर माल्यार्पण कर, वे अल्बर्ट एक्का के मूर्ति पर भी माल्यार्पण करेंगी। माल्यार्पण कार्यक्रम खत्म होने के बाद राष्ट्रपति द्वारा दी मुर्मू सीधे राजभवन के लिए प्रस्थान कर रात्रि विश्राम करेंगी। 25 मई को राष्ट्रपति द्रौपदी मुरमू झारखंड हाईकोर्ट के नए भवन का उद्घाटन करेंगी। हाईकोर्ट के उद्घाटन समारोह से वापस लौटने के बाद राजभवन में भी एक कार्यक्रम में राष्ट्रपति हिस्सा लेंगी। 25 मई को ही हेलीकॉप्टर के माध्यम से राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू खूंटी जाएंगी और वहां मिनिस्ट्री ऑफ ट्राइबल अफेयर्स के कार्यक्रम में हिस्सा लेंगी। ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### दिल्ली सरकार व एलजी की तनातनी में सुप्रीम कोर्ट का हस्तक्षेप

-ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सर्वोच्च न्यायालय, दिल्ली के उपराज्यपाल की एक और मनमानी पर रोक लगा सकती है। सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जेबी पारदीवाला की पीठ ने बुधवार 17 मई को दिल्ली के उपराज्यपाल (एलजी) द्वारा दिल्ली सरकार की कैबिनेट की सहायता और सलाह के बिना दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) में 10 'एल्डरमैन' की नियुक्ति के मामले में अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। मामले में एलजी के फैसले के विरूद्ध आम आदमी पार्टी की दिल्ली सरकार ने याचिका लगाई थी।सुनवाई के दौरान मुख्य सर्वोच्च न्यायालय की इस पीठ ने कहा कि इस तरह के नामांकन एमसीडी को प्रभावी रूप से अस्थिर कर सकते हैं , ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## डाक पार्सल वेन से ले जा रही अवैध शराब की बड़ी खेप जब्त



**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**

पुलिस टीम ने सदर थाना क्षेत्र के संघरी घाटी से एक डाक पार्सल पिकअप वैन में भरे 955 बोतल अवैध अंग्रेजी शराब की खेप जब्त करने में सफलता प्राप्त की है। इस संबंध में एसडीपीओ अविनाश कुमार ने सदर थाना परिसर में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि सूचना प्राप्त हुई थी कि डाक पार्सल का एक पिकअप वैन अवैध अंग्रेजी शराब लोड कर चतरा से जोरी होते हुए बिहार ले जाया जा रहा है। इस पर पुलिस निरीक्षक सह सदर थाना प्रभारी मनोहर करमाली के नेतृत्व में छापामारी टीम का गठन किया गया और त्वरित कार्रवाई करने के लिए प्रातः काल संघ घाटी में चेकिंग की गई। इस दौरान उक्त डाक पार्सल पिकअप वैन को आते देख रुकने का इशारा किया गया। चालक काफी तेजी से वाहन भगाने लगा तो उसका पीछा किया गया। भागने के क्रम में वाहन के चालक भुईयांडीह से पहले पुल के समीप पलटी कर जंगल-झाड़ का फायदा उठाते हुए भाग गया। तत्पश्चात घटनास्थल पर पहुंचकर वाहन को जब्त किया गया। इसमें अवैध अंग्रेजी शराब थी तथा दुर्घटना हो जाने से काफी अंग्रेजी शराब फुटकर गाड़ी में ही पड़ी हुई थी। मैकडेवल 750 एमएल, 375 एमएल व 180 एमएल की कुल 955 बोतल पिकअप वैन से बरामद की गई। अभियान में पुलिस अवर निरीक्षक प्रकाश सेठ व अन्य पुलिस कर्मी शामिल थे।

## भाजपा का 30 मई से 30 जून तक देशव्यापी प्रचार अभियान

### पार्टी के 16 लाख कार्यकर्ता लगेंगे इस काम में

### 'मिस्ड काल' व स्टीकर अभियान भी चलेगा

-ब्यूरो

**नई दिल्ली।** केंद्र में 2014 से अपनी सत्ता का लगातार नौ साल पूरे होने पर भाजपा 30 मई से 30 जून तक 'महा जनसंपर्क अभियान' शुरू करने जा रही है। इस दौरान देश के सभी लोकसभा क्षेत्रों में घर-घर संपर्क, केंद्र की योजनाओं क ो लाभार्थियों तक पहुंचने के कार्यक्रम किए जाएंगे। इसमें पार्टी के 16 लाख कार्यकर्ता शामिल होंगे जो करोड़ों लोगों तक पहुंचेंगे।

सूत्रों के अनुसार, प्रधानमंत्री 30 या 31 मई को एक रैली के जरिए भाजपा के इस महा जनसंपर्क अभियान को शुरू कर सकते हैं। पहले यह अभियान 15 मई से 15 जून तक होने वाला था। लेकिन कर्नाटक चुनाव में बुरी तरह से हार के बाद ये मुंह लटकाए हताश हो रहे नेताओं, कार्यकर्ताओं में जोश भरने के लिए पंद्रह दिन पहले शुरू किया जा रहा है। इस जनसंपर्क अभियान के तहत 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस, 23 जून को डाक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि और 25 जून को प्रधानमंत्री की 'मन की बात' व आपातकाल पर विभिन्न कार्यक्रमों को कराने की योजना है। इस अभियान के दौरान पार्टी के विभिन्न मोर्चा पर सम्मेलन किए जाएंगे, जिनमें पार्टी के सांसद भी हिस्सा लेंगे।प्रधानमंत्री ने अपने दूसरे कार्यकाल की शुरूआत 30 मई, 2019 को शपथ लेकर की थी। लोकसभा क्षेत्र स्तर पर जो कार्यक्रम होने वाले हैं, उनमें 'संपर्क से समर्थन', 'जनसभा', प्रबुद्ध सम्मेलन, व्यापारी सम्मेलन, विकास तीर्थ इत्यादि शामिल हैं। विधानसभा क्षेत्र स्तर पर पार्टी के वरिष्ठ कार्यकताओं के साथ बातचीत के कार्यक्रम के अलावा मोर्चा सम्मेलन और लाभार्थी सम्मेलन किए जाएंगे।पहले चरण के तहत 25 मई तक महा जनसंपर्क अभियान में शामिल कार्यकर्ताओं को नियुक्त और उनका प्रशिक्षण पूरा किया जाएगा। दूसरा चरण 29 मई से 20 जून तक होगा। इसमें लोकसभा और विधानसभा क्षेत्रों में अभियान के कार्यक्रम किए जाएंगे।तीसरे चरण में 20 जून से 30 जून तक बूथ स्तर के कार्यकर्ता घर-घर संपर्क करेंगे।

## दुमका में पदस्थापित कार्यपालक अभियंता को एसीबी ने रांची से किया गिरफ्तार

**रांची।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने दुमका में पदस्थापित कार्यपालक अभियंता को रांची से गिरफ्तार किया है। एसीबी की टीम ने बुधवार को कार्रवाई करते हुए पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कार्यपालक अभियंता संजय कुमार को अरगोड़ा थाना क्षेत्र स्थित बसंत विहार कॉलोनी से गिरफ्तार किया है। रांची से गिरफ्तार करने के बाद एसीबी की टीम संजय कुमार को धनबाद ले गयी। बताया गया कि धनबाद के गोविंदपुर और निरसा प्रखंड की पंचायतों में वित्त वर्ष 2011-12, 2012-13 और 2013-14 में लगाये गये नलकूपों की जांच तकनीकी परीक्षक कोषांग से करायी गयी थी। जांच में करीब दो करोड़ से अधिक राशि का गबन का मामला प्रकाश में आया था।

## उत्कृष्ट विद्यालय : कुल सीट की तुलना में अबतक 246 प्रतिशत अधिक आवेदन

# सीएम की पहल को मिल रही सराहना

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में पहली बार सरकारी स्कूलों का कायाकल्प कर उत्कृष्ट विद्यालय बनाने की मुख्यमंत्री के सार्थक प्रयास के बाद अभिभावकों में अपने बच्चे-बच्चियों के नामांकन को लेकर खासा उत्साह दिख रहा है। बड़ी संख्या में अभिभावकों द्वारा मुख्यमंत्री के नेतृत्व में झारखंड सरकार की उत्कृष्ट विद्यालय की इस ऐतिहासिक पहल को सराहा जा रहा है।

झरना कच्छप अपनी बेटी का नामांकन अब राज्य सरकार की ओर से प्रारंभ किए गए उत्कृष्ट विद्यालय में कराना चाहते हैं, ताकि उनकी बच्ची भी अंग्रेजी माध्यम से पढ़ाई कर सके। इसके लिए उन्होंने टीवीएस उच्च विद्यालय, धुर्वा में छठी कक्षा में नामांकन के लिए आवेदन दिया है। मुख्यमंत्री के प्रति आभार प्रकट करते हुए झरना ने कहा गरीब के बच्चों को भी अंग्रेजी माध्यम में शिक्षा देने की यह पहल सराहनीय है। ऐसे ही हजारों माता -पिता और अभिभावक हैं, जो सरकार द्वारा शुरू किए गए सीबीएसई संबद्धता प्राप्त 80 उत्कृष्ट विद्यालयों नामांकन के लिए अपने बच्चों का आवेदन जमा कर रहें हैं।



### हजारों की संख्या में आ रहे आवदेन

उत्कृष्ट विद्यालयों में नामांकन के लिए 17 मई की शाम 5:30 बजे तक कुल 12146 उपलब्ध सीट की तुलना में अबतक 29863 आवेदन विद्यालय प्रबंधन द्वारा प्राप्त किया गया है। सबसे अधिक आवेदन देवघर से 3247, पलामू से 2322, लोहरदगा से 2254, गिरिडीह से 1708 एवं रामगढ़ से 1498 आवेदन अबतक प्राप्त हुए हैं। राज्य के 80 उत्कृष्ट विद्यालयों में अबतक कुल 29863 आवेदन बच्चों के जमा हुए हैं।

### बढ़ाई गई आवेदन जमा करने की समय सीमा

अभिभावकों की मांग को देखते हुए उत्कृष्ट विद्यालयों में आवेदन जमा करने की समय सीमा 25 मई तक बढ़ाई गई है। चयन परीक्षा का आयोजन 30 मई को होगा। प्रथम मेधा सूची सात जून को जारी होगा एवं 12 जून से मेधा सूची के अनुसार नामांकन प्रारंभ होगा।

## फेस डिटेक्शन कैमरा से धराया श्रीवास्तव गैंग का सरगना अमन

**रांची।** झारखंड और मुम्बई की एटीएस की टीम ने फेस डिटेक्शन कैमरा से श्रीवास्तव गैंग का सरगना अमन श्रीवास्तव को दबोचा है। मुंबई में तकरीबन हर इलाके में फेस डिटेक्शन कैमरा लगा हुआ है। इसका फायदा झारखंड एटीएस की टीम को मिली। झारखंड एटीएस से मिली जानकारी के अनुसार गैंगस्टर अमन श्रीवास्तव मुंबई के अलावा, सूरत, पुणे, बंगलोर आदि जगहों से गैंग को ऑपरेट करता था। वह लगातार इन जगहों पर आना-जाना किया करता था। ज्यादातर अमन ट्रेन से ही सफर करता था। इसकी जानकारी मिलने के बाद झारखंड एटीएस ने मुंबई एटीएस की टीम से संपर्क किया। मुंबई एटीएस को अमन श्रीवास्तव को फोटो उपलब्ध कराया गया। उस फोटो को मुंबई के तकरीबन सभी रेलवे स्टेशन में लगी फेस डिटेक्शन कैमरा के सॉफ्टवेयर में अपलोड किया गया। गैंगस्टर अमन लगातार मुंबई के वासी स्टेशन से ही सूरत समेत अन्य जगहों पर आना-जाना कर रहा था। स्टेशन में लगे फेस डिटेक्शन कैमरा ने उसकी तस्वीर कैच कर ली। जब-जब उसे वासी स्टेशन में प्रवेश किया, तब तब लाल बत्ती जली। इसकी जानकारी मिलने के बाद झारखंड एटीएस की टीम मुंबई पहुंची और दोनों ने संयुक्त रूप से छापेमारी कर अमन श्रीवास्तव को वासी स्टेशन से उस समय पकड़ा, जब वह कहीं जाने की तैयारी में था।

**एक रात गुजारने के बाद बदल देता था ठिकाना :** गैंगस्टर अमन श्रीवास्तव रंगदारी मांगने के लिए अपना ठिकाना बदलता रहता था। एक रात से ज्यादा किसी भी स्थान पर वह रहता नहीं था। रात गुजारने के बाद वह अपना ठिकाना बदल लेता था। वह रात गुजारने के बाद अपना ठिकाना बदल लेता था, ताकि पुलिस को उसके बारे में ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### कर्नाटक में मुख्यमंत्री के चयन पर खींचतान

**बेंगलुरू।** कर्नाटक के अगले मुख्यमंत्री के चयन को लेकर गतिरोध बुधवार को चौथे दिन भी जारी रहा। पार्टी नेता सिद्दारमैया और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डी.के. शिवकुमार इस पद के लिए अपने दावे से पीछे नहीं हट रहे हैं। कांग्रेस आलाकमान को उम्मीद है कि बुधवार को नई दिल्ली में बैठक के दौरान कोई न कोई समाधान निकल आएगा।पार्टी सूत्रों ने कहा कि वरिष्ठ नेता राहुल गांधी और एआईसीसी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे शिवकुमार और सिद्दरमैया से बात करेंगे। सूत्रों के मुताबिक शिवकुमार दावा कर रहे हैं कि लगभग 25 वर्षों के बाद, वोक्कालिगा और लिंगायत समुदायों ने उनकी वजह से कांग्रेस को वोट दिया है और अगर उन्हें मुख्यमंत्री नहीं बनाया गया, तो पार्टी उनका समर्थन खो देगी।

NEWS इन ब्रीफ

## ट्रैक्टर से गिरने पर घायल बच्चे का वाराणासी में निधन

**हैदरनगर।** बिलासपुर गांव निवासी संतोष साह के 12 वर्षीय पुत्र नवीन कुमार की ट्रामा सेंटर वाराणासी में इलाज के दौरान निधन हो गया। परिजनों ने बताया कि नवीन बिहार के नौहट्टा थाना के दारानगर एक शादी समारोह में शामिल होने गया था। नौहट्टा थाना क्षेत्र के करीअइ पर टोला के समीप रिश्तेदार के घर जाने के क्रम में ट्रैक्टर से सड़क पर गिरने से नवीन घायल हो गया था। जिससे गंभीर रुप से घायल हो गया। उसे तत्काल रेफरल अस्पताल नौहट्टा में भर्ती कराया गया। चिकित्सा प्रभारी डॉ. मुकेश कुमार ने प्राथमिक उपचार के वाद उसे रेफर कर दिया। इसके बाद मंगलवार की देर शाम ट्रामा सेंटर वाराणासी मे उसे भर्ती किया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। इस घटना के बाद परिजनों में कोहराम मचा है। पूरे गांव में शोक का माहौल है।

## महिला-पुरुष सीनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता 20 व 21 को

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के तत्वावधान में पलामू जिला स्तरीय महिला-पुरुष सीनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता 20 और 21 मई को कराई जाएगी। प्रतियोगिता की तैयारी तेजी कर दी गई है। एसोसिएशन के सचिव संजय कुमार त्रिपाठी ने बताया कि प्रतियोगिता में 20 जून को 18 वर्ष से अधिक उम्र वाले युवा जिनकी जन्मतिथि 20 जून 2005 से पहले की हो भाग ले सकेंगे। प्रतियोगिता जीएलए कॉलेज के अर्धनिर्मित स्टेडियम और कुछ प्रतियोगिता जीएलए कॉलेज के मैदान में होगी। जिले के सरकारी, प्राइवेट, स्कूल, कॉलेज, क्लब के खिलाड़ी इसमें भाग ले सकेंगे। सुबह सात बजे से प्रतियोगिता प्रारंभ होगी। उम्र प्रमाण के रूप में मैट्रिक का प्रमाणपत्र जिसमें उम्र दर्ज हो और आधार कार्ड की छाया प्रति लाना आवश्यक है। प्रवेश शुल्क 50 रुपये रखा गया है। अव्वल तीन प्रतिभागियों को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने का मौका मिलेगा। एक प्रतिभागी अधिक से अधिक दो इवेंट में भाग ले सकते हैं। प्रतियोगिता के लिए जूता पहनकर आना अनिवार्य है।

## विश्रामपुर में पेंशनर समाज ने मनाया छठा स्थापना दिवस

**विश्रामपुर।** पेंशनर समाज की विश्रामपुर प्रखंड यूनिट ने बुधवार को नगर परिषद मुख्यालय के सामुदायिक भवन में छठा स्थापना दिवस मनाया। प्रखंड अध्यक्ष रामलगन राम की अध्यक्षता में आयोजित स्थापना दिवस समारोह में अत्यंत बुजुर्ग सदस्यों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि भाग लेते हुए पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सह विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने पेंशनर समाज के सदस्यों को प्रोत्साहित किया। रामनारायण राम के संचालन वाले समारोह का उदघाटन करने के बाद विधायक ने पेंशनर भवन बनवाने के प्रस्ताव को स्वीरते हुए आश्वासन दिया कि वे विधायक कोटे की राशि से ही पेंशनर भवन बनवायेंगे। विश्रामपुर और पांडू प्रखंड मुख्यालय में पेंशन अदालत लगवाकर पेंशन में आई विसंगतियों को दूर कराने की मांग को लेकर भी विधायक ने सकारात्मक आश्वासन दिया। समारोह में स्वच्छ भारत मिशन के प्रांतीय सहसंयोजक रवींद्रनाथ उपाध्याय, जिला पेंशनर समाज के अध्यक्ष झुबल राम, उपाध्यक्ष जंगाली महतो, सचिव कुलदीप सिंह, शिवशंकर राम, भागेश्वर राम, चतुर्गुन राम, कृष्ण कुमार पाठक, पारसनाथ पांडेय, रामध्यान राम, हरेराम सिंह, राधिका कुंवर, बृजनंदन राम, शंभु चंद्रवंशी, रामअवतार राम, रामाधार राम, अमर देवी, मानमती देवी, राधिका देवी, नरेश चौधरी, नागेंद्रनाथ शुक्ला आदि मौजूद थे।

# मारपीट कर गहना व पैसा छीनने की प्राथमिकी दर्ज

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद में जपला नवीनगर मुख्य पथ के बसारी गांव के समीप मारपीट कर गहना पैसा छीन लेने का मामला प्रकाश में आया है। इस घटना को लेकर बेगमपुरा गांव निवासी मनीता देवी ने हुसैनाबाद थाना में दो नामजद व दो अज्ञात लूटेरों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी है। दर्ज प्राथमिकी में कहा गया है कि वह अपने बेटा का इलाज कराकर अपने देवर के साथ बाइक से घर लौट रही थी। इसी क्रम में बसारी गांव के समीप एक बाइक पर सवार चार लोग आकर हमारे बाइक को रोकवाकर मारपीट करने लगे और गले में पहने मेरी सोने का चैन और नगद 1200 रुपये छीन लिया। इसी दौरान नवीनगर की तरफ से आ रही वाहन पर सवार लोग पकड़ो-पकड़ो की आवाज लगाने लगे तो सभी लोग अपनी बाइक पर सवार होकर भागने लगे। भागने के क्रम मे वाहन की लाइट से मेरा देवर विकास कुमार ने चार लूटेरों मे से दो लोगों को पहचान लिया। दोनों हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के बिहारी बीघा गांव निवासी संजय उर्फ मंटू,व छोटू राम शामिल थे।

# डीआरएम से वार्ता के बाद 18 को रेल चक्का जाम स्थगित

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** आरपीएफ पोस्ट जपला के प्रभारी निरीक्षक राकेश रंजन की पहल पर 18 मई को हैदरनगर में घोषित 18 मई को रेल चक्का जाम स्थगित कर दिया गया है। रेल उपभोक्ता संघर्ष समिति पलामू की हैदरनगर इकाई के सदस्यों के साथ मंगलवार को ही उन्होंने बैठक कर समाधान की दिशा में अग्रेत्तर कार्रवाई शुरू कर दी थी। डीआरएम से मिलने व वार्ता करने की सहमति होने के बाद उन्होंने बुधवार की सुबह समिति के शिष्टमंडल को लेकर डीआरएम कार्यालय मुगलसराय रवाना हो गये। समिति की ओर से गई ज्ञापन के बाद डीआरएम राजेश गुप्ता, एडीआरएम दिलीप कुमार ने कहा कि ट्रेन नंबर 03359 / 03360 वाराणासी से बरकाकाना स्पेशल



पैसेंजर 29 मई से चलेगी। वहीं हैदरनगर स्टेशन से संबधित रेल फाटक संख्या 50 व 51 पर आरओबी निर्माण कराने की मांग पर उन्होंने कहा कि इसके लिये सर्वे टीम भेजा जायेगा। स्पेशल ट्रेन का दर्जा हटाने व बढ़ी किराया को वापस करने पर उन्होंने कहा कि यह मामला रेल मंत्रालय का है। उनकी मांग अग्रसारित की जा रही है। वहीं नियत समय में सभी ट्रेनों का परिचालन कराने के प्रति उन्होंने कटिवद्धता जताया है। शिष्टमंडल ने द्विपक्षीय वार्ता से संतुष्ट होने के बाद 18 मई को हैदरनगर में अनिश्चितकालीन रेल चक्का कार्यक्रम वापस ले लिया है। वार्ता में उनके अलावे सिनीयर डीईएन, आरपीएफ कमांडेंट व शिष्टमंडल के सदस्यों में मुखिया जितेन्द्र सिंह, मनोज शर्मा, प्रेमतोष सिंह, गुप्तेश्वर पांडेय शामिल थे।

# बीस सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति की बैठक संपन्न

### पेयजल की समस्या के निराकरण हेतु विशेष कार्ययोजना तैयार की जायेगी : प्रभारी मंत्री

### सभी प्रखंड मुख्यालयों में भी जनता दरबार नियमित रूप से लगाने का आदेश दिया गया

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** समाहरणालय के सभागार में जिला बीस सूत्री कार्यान्वयन समिति की बैठक हुई जिसकी अध्यक्षता मंत्री जोबा माझी कर रहीं थी। राज्य की महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा मंत्री सह पलामू जिला बीस सूत्री प्रभारी मंत्री ने कहा कि वे अवगत है कि जिले में पेयजल की समस्या है। उन्होंने सभी बीस सूत्री सदस्यों को आश्वस्त किया कि पेयजल की समस्या के निराकरण हेतु विशेष कार्ययोजना तैयार की जायेगी। ताकि जिले में पानी की अनुपलब्धता की खत्म की जा सके। उन्होंने कहा कि भविष्य में पानी की समस्या ना हो इस दिशा में भी वो मुख्यमंत्री से विचार-विमर्श करेंगी, फिलवक्त उन्होंने सभी आवश्यक स्थानों पर टैंकर के माध्यम से जलापूर्ति सुनिश्चित करने की बात कही। उन्होंने कहा कि बीस सूत्री की बैठक के माध्यम से हम समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाए,यही हम सभी का लक्ष्य होना चाहिये। उन्होंने उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं 20 सूत्री समिति के सदस्यों से कहा कि योजनाओं के कार्यान्वयन की कोई



समस्या यदि उनके संज्ञान में आए तो उपायुक्त के संज्ञान में तत्काल लाएं, ताकि मुझ तक सूचनाएं पहुंचे। उपायुक्त पलामू सप्ताह में 2 दिन स्वयं जनता दरबार का आयोजन करते हैं , साथ ही सभी प्रखंड मुख्यालयों में भी जनता दरबार नियमित रूप से लगाने का आदेश दिया गया है। उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे कहा कि तीनों उत्कृष्ट विद्यालयों में नामांकन हेतु आवेदन देने की अंतिम तिथि 25 मई 2023 तक बढ़ाई गई है ,वहीं नामांकन हेतु एंट्रेंस एग्जाम 30 मई को लिया जायेगा जिसके पश्चात 7 जून को फर्स्ट मेरिट लिस्ट व 12 जून को सेकंड मेरिट लिस्ट के प्रकाशन के अनुरूप विद्यार्थियों का नामांकन लिया जायेगा। इसके अलावे उपायुक्त ने सभी सदस्यों से लोगों को विद्युत विभाग के एकमुश्त निपटारा अभियान के बारे में जागरूक करने पर बल दिया। बैठक में सदस्य द्वारा वोल्टेज समस्या के कारण पेयजल की आपूर्ति नहीं होने का मामला उठाया गया। इसपर उपायुक्त ने पेयजल के कार्यपालक अभियंता व विद्युत विभाग के कार्यपालक अभियंता को आपस में बेहतर समन्वय स्थापित करते हुए पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित करने की बात कही। उन्होंने जनप्रतिनिधियों से आग्रह किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभुकों को उनसे संबंधित योजनाओं के लाभ एवं प्रक्रियाओं की जानकारी दें। ताकि लोग उनका फायदा उठा सकें। पेयजल की समस्या को रेखांकित करते हुए उन्होंने कहा कि इसके निदान के लिए जनप्रतिनिधियों को भी आगे आना चाहिए।वहीं उप विकास आयुक्त रवि आनंद ने समेकित रूप से जिले में चल रहे विकास कार्यक्रमों का प्रतिवेदन समिति के समक्ष प्रस्तुत किया। मंत्री ने बैठक में15वेंवित्त,मनरेगा,स्वास्थ्य,शिक्षा,कृषि,आपुर्ति,खनन,विद्युत,सामाजिक सुरक्षा, समाज कल्याण,मत्स्य विभाग,राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा का क्रियान्वयन,पशुपालन,मत्स्य विभाग, सहकारिता विभाग,श्रम विभाग,भूमि संरक्षण समेत अन्य विभागों के पदाधिकारियों से संचालित योजनाओं की जानकारी ली। बैठक में विभिन्न बीस सूत्री सदस्यों ने आवास निर्माण कार्य में बालू की समस्या,नये उत्कृष्ट विद्यालयों में नामांकन,व कई सदस्यों ने पेयजलापूर्ति नहीं होने का मुद्दा उठाया। बैठक में उपरोक्त के अलावे मनिका विधायक रामचन्द्र सिंह,पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिंहा,पलामू जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष विमला कुमारी, डीएफओ,अपर समाहर्ता,सहायक समाहर्ता,सभी बीस सूत्री सदस्य समेत सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## नेतरहाट स्कूल के लिए कुम्हारटोली से दो विद्यार्थियों का चयन

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर के सुदना पश्चिमी क्षेत्र के कुम्हार टोली स्थित राजकीयकृत मध्य विद्यालय के दो छात्रों का चयन 2023 में आवासीय विद्यालय नेतरहाट में नामांकन के लिए हुआ है। प्रमोद कुमार साह के पुत्र मोहित कुमार तथा ओम प्रकाश सिंह के पुत्र अविनाश कुमार सिंह का चयन हुआ है। इसके पूर्व इस विद्यालय से सैनिक स्कूल के लिए आयुष पंडित तथा युवराज कुमार सिंह चयनित हुए हैं। नवोदय विद्यालय के लिए इस विद्यालय से पूर्व में कृति रंजन, कृष कुमार, करण कुमार, रविकांत सागर, आदित्य कुमार तथा निखिल कुमार का चयन हुआ है। प्रधानाध्यापक श्याम देव महतो ने बताया कि थोड़ी सी मेहनत एवं विद्यालय का प्रबंधन तथा अभिभावकों का साथ मिलने से अबतक दर्जन भर बच्चों का चयन उक्त उत्कृष्ट विद्यालयों में नामांकन के लिए हुआ है। प्रधानाध्यापक ने बताया कि ललिता कुमारी, पूर्णिमा मिश्रा, रेणु कुमारी एवं महेश कुमार मेहता के अलावा वर्तमान में बीएड प्रशिक्षु देवेंद्र कुमार, अनुराग कुमार टोप्पो, अंकिता राज, मेघना कुमारी तथा प्रीति कुमारी ने सहयोग दिया।

## मदरसा को शीर्ष तक पहुंचाने को निगरानी कमेटी का गठन

**हुसैनाबाद ।** पलामू जिले के हुसैनाबाद शहर के इस्लामगंज मुहल्ला स्थित मदरसा खैरुल इस्लाम परिसर में बैठक/सदर जनाब फिरोज अहमद चंगेज की अध्यक्षता में की गयी। इसमें शामिल लोगों ने मदरसा में दिनी तालीम के साथ साथ कई समस्यों पर चर्चा की। समाजसेवी सैयद मशरुर अहमद ने कहा कि मदरसा खैरुल इस्लाम की हुसैनाबाद के साथ पलामू में अलग पहचान थी। इस मदरसा से कई लोग दिनी तालीम पुरी करने के बाद मौलवी हाफिज बनकर दिनी तालीम देने का काम कर रहे है।

# पेयजल संकट निदान के लिए विधायक के प्रधानमंत्री को पत्र पर कार्रवाई

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** स्थानीय विधायक कमलेश कुमार सिंह के प्रधानमंत्री को लिखे पत्र पर पीएमओ ने तत्काल संज्ञान लेते हुए जल शक्ति मंत्रालय भारत सरकार से कार्रवाई करने को कहा है। जल शक्ति मंत्रालय भारत सरकार ने पेय जल एवं स्वच्छता विभाग झारखंड सरकार को समस्या का समाधान कर जलशक्ति मंत्रालय एवं हुसैनाबाद विधायक कमलेश कुमार सिंह को अवगत कराने का आग्रह किया है। पीएमओ द्वारा पत्र



पर तत्काल कार्रवाई करने पर विधायक ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व जलशक्ति मंत्रालय भारत सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया है। विधायक ने उम्मीद जताई है कि जलशक्ति मंत्रालय के आग्रह पर पेय जल एवं स्वच्छता विभाग झारखंड सरकार हुसैनाबाद हरिहरगंज क्षेत्र में जलसंकट का तत्काल समाधान करेगा। मालूम हो कि हुसैनाबाद हरिहरगंज के विधायक कमलेश कुमार सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र के मध्यम से हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र में पेयजल संकट का निदान करने का आग्रह किया है। उन्होंने प्रधानमंत्री को लिखे पत्र में कहा है कि झारखण्ड प्रदेश के हुसैनाबाद-हरिहरगंज विधानसभा क्षेत्र में पेयजल का घोर संकट उत्पन्न हो गया है। विगत वर्ष बरसात में औसत से भी काफी कम बारिश होने के कारण भूगर्भिय जल का स्तर पहले की तुलना में 70 से 80 फिट नीचे चला गया है। फलस्वरूप सरकारी एवं निजी नलकूप एवं पेयजल कूप सूख गए हैं। जन के अलावा जंगली जानवर भी पानी के लिए भटक रहे हैं। विधायक ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से समस्या का समाधान कराने का आग्रह किया है।

## ट्रेन में डब्बों की संख्या कम होने पर ट्वीट कर समस्या से अवगत कराया

**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** जिला पार्षद प्रतिनिधि युवा समाजसेवी अश्विनी कुमार सिंह ने राज्य की राजधानी रांची तक चलनेवाली महत्वपूर्ण ट्रेन 18635/36सासाराम रांची एक्सप्रेस में डब्बा की संख्या घटाये जाने से हो रही परेशानियों को लेकर पलामू सांसद ,रेलवे के उच्चाधिकारियों को ट्वीट कर समस्या से अवगत कराया है। श्री सिंह ने कहा कि गूगल में रेलवे के विभिन्न साइटों पर कोच की संख्या 14 दिखता है,जो पूर्व में निर्धारित कोच संख्या थी। जिसमें 2 एस एल आर, 2 ए सी,व 10 अनारक्षित डब्बा शामिल था। वर्तमान में केवल 10 डब्बे ही रह गये हैं,4 डब्बे हटा दिये गये हैं, जिस कारण भीषण गर्मी व शादी विवाह लग्न के इन दिनों भीड़ भाड़ की समस्या होने के कारण काफी परेशानी झेलनी पड़ रही है।। उक्त ट्रेन बिहार राज्य के सासाराम, डेहरी ऑन सोन, झारखंड राज्य के जपला, हैदरनगर, मोहम्मदगंज, उंटारी रोड, गढ़वा रोड, डाल्टनगंज, बरवाडीह, लातेहार, टोरी, लोहरदग्गा, पिस्का होते हुए रांची तक जाती है। जो राज्य के पलामू,लातेहार,लोहरदगा जिले के लोगो को रांची जाने के लिए महत्वपूर्ण ट्रेन है। श्री सिंह ने उक्त ट्रेन में यथाशीघ्र पूर्व निर्धारित 14डब्बा करवाने के लिए उचित पहल करने की मांग की है।

# झा.क्रां.मं. ने की आईएएस अधिकारी के व्यवहार की निंदा

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** झारखण्ड क्रांति मंच के संस्थापक सह केंद्रीय अध्यक्ष सह संविधान बचाओ मोर्चा पलामू के अध्यक्ष शत्रुघ्न कुमार शत्रु ने आज मेदिनीनगर में प्रेस बयान जारी कर कहा है कि विगत 16 मई को संविधान बचाओ मोर्चा के प्रतिनिधिमंडल के साथ अपमानजनक भाषा का प्रयोग कर जिले के उप विकास आयुक्त सह मेदिनीनगर नगर निगम के आयुक्त आईएएस अधिकारी श्री रवि आनन्द लोक सेवक की मयार्दाओं को भूलकर लोकतंत्र का गला घोंट रहे हैं,जो निंदनीय है। जारी बयान में उन्होंने कहा है कि श्री रवि आनन्द जैसे अधिकारी ना केवल घोर साम्प्रदायिक सोच के शिकार हैं बल्कि वे झारखण्डी महापुरुषों व प्रतीकों के भी घोर विरोधी हैं। यही कारण है कि भाजपा के मेयर व डिप्टी मेयर द्वारा साहित्य समाज चौक स्थित कथित भारत माता की प्रतिमा के हाथ में राष्ट्र ध्वज के बदले भगवा ध्वज लगाने, शहर के किसी भी चौक-चौराहे पर परम यशस्वी राजा मेदिनी राय जिनके नाम पर शहर का नामकरण किया गया है,उनकी प्रतिमा नहीं लगाने,झारखण्ड के धरती अब्बा भगवान विरसा मुण्डा,पलामू के लडाके पुरखे अमर शहीद नीलाम्बर-पीताम्बर,देश के क्रांति पुत्र अमर शहीद सरदार भगत सिंह,समाजवाद के प्रणेता जननायक श्री कपूर्री ठाकुर व पलामू के गौरव महान समाजवादी नेता श्री पूरनचंद जी की प्रतिमा स्थल के सुन्दरीकरण समेत भीषणतम पेयजल संकट पर नगर आयुक्त ने संघ व भाजपा का कार्यकर्ता बनकर चूप्पी साध ली,जो जांच का विषय है।

## शिक्षा और चिकित्सा की व्यवस्था को हर व्यक्ति तक पंहुचायेगा मगध फाउंडेशन : केएन त्रिपाठी

**मेदिनीनगर।** मगध फाउंडेशन की पलामू जिला कमिटी का गठन बुधवार को किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से शैलेश चंद्रवंशी को जिला प्रमुख, नन्दगोपाल त्रिपाठी को महासचिव तथा जीशान खान को कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए मगध फाउंडेशन के संस्थापक अध्यक्ष केएन त्रिपाठी ने कहा कि 'आज देश में जातिपाति, सांप्रदायिक भेदभाव के आधार पर वोटबैंक की राजनीति की जा रही है।जिससे देश कमजोर हो रहा है। उन्होंने कहा कि भारत सबसे ज्यादा मजबूत मगध साम्राज्य के समय था। चाणक्य और चंद्रगुप्त ने जिस मगध साम्राज्य की नींव रखी उसे सम्राट अशोक ने सर्वोच्च शिखर पर पंहुचाया। मगध फाउंडेशन का उद्देश्य उसी गौरवशाली अतीत को पुनः स्थापित करना है ताकि भारत पुनः उसी तरह मजबूत और सशक्त हो सके। इसके लिए मगध कालीन भारत के अंतर्गत आनेवाले सभी राज्यों एवं देशों के अंदर राज्य, जिला तथा प्रखंड कमिटियों का गठन किया जायेगा। ये सभी कमिटियां 'मैं ही भारत हूँ' का उद्घोष करते हुए गांव-गांव तक राष्ट्रीय एकता और भाईचारा का संदेश फैलाते हुए भारत को पुनः विश्वगुरु के पद पर स्थापित करने के लिए दिनरात कार्यरत रहेंगी। सभी लोगों को मगधकालीन इतिहास से अवगत कराते हुए भारत को सशक्त बनाने का कार्य करेंगी।' पलामू जिला कमिटी के नवमनोनीत प्रमुख शैलेश चंद्रवंशी ने कहा कि 'पलामू जिला कमिटी की मजबूती के लिए मगध फाउंडेशन के सैनिक की भांति डटा रहूंगा।' मगध फाउंडेशन के सेंट्रल कमिटी के वरीय सदस्य सी एस दुबे ने कहा 'मगध फाउंडेशन का गठन एक ऐतिहासिक परिघटना है। जो भारत का आगामी सामाजिक और साँस्कृतिक परिदृश्य तय करेगा जिसके प्रभाव से वर्तमान नफरत की राजनीति भी बदलेगी।' बैठक में के डी सिंह, वरीय अधिवक्ता बलराम तिवारी, बलराम उरांव, मगध फाउंडेशन के महासचिव डॉ अजय ओझा, पलामू जिला कमिटी के नवमनोनीत महासचिव नन्दगोपाल त्रिपाठी, जिशान खान सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## भाजपा के सांसद ,विधायक के वजह से पीछे जा रहा है पलामू : राजेन्द्र

**मेदिनीनगर।** पलामू प्रभारी मंत्री सह महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग की मंत्री जोबा मांझी का आगमन बीती शाम 7 बजे पलामू में हुआ। झामुमो पलामू के कार्यकताओं ने फूल मालाओं के साथ उनका स्वागत जोर शोर से चियांकी के पास किया। मंत्री बुधवार को बीस सूत्री की बैठक और टाउन हाल के कार्यक्रम में भाग ले कर कई करोड़ की योजनाओं का शिलान्यास कर पलामू की आम जनता को सौगात दिये। टाउन हाल में मंत्री का कार्यक्रम हुआ, जहां 2599 माडल प्री -स्कूल किट का वितरण हुआ। कई मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र का उद्घाटन भी हुआ। परंतु आमंत्रण के बाद भी इस कार्यक्रम में स्थानीय विधायक और सांसद गायब रहे।जिसे लेकर झामुमो के जिलाध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद सिन्हा ने इसकी कड़ी निन्दा करते हुए कहा यहां के स्थानीय भाजपाई विधायक सांसद पलामू का विकास नहीं चाहते हैं। मंत्री जोबा मांझी पलामू के विकास के लिए समय निकाल पलामू के कार्यक्रम में भाग लेने आई हैं।

अनियमितता

भ्रष्टाचार रूकने का नाम नहीं

# रोजगार सेवक पर पीसी मांगने का आरोप

### ग्रामीणों ने रोजगार सेवक अवधेश विश्वकर्मा के प्रति नाराजगी जाहिर की

**नवीन मेल संवाददाता**

**उंटारी रोड।** पलामू जिले में इन दिनों भ्रष्टाचार रुकने का नाम नहीं ले रहा है। भोले भाले ग्रामिणों से खुलेआम पीसी मांगा जा रहा है, पीसी नहीं देने पर काम को भी बंद कर दिया गया है। ऐसा हीं एक मामला पलामू जिले के उंटारी रोड प्रखंड क्षेत्र के जोगा पंचायत अन्तर्गत जरही टोला से प्रकाश में आया है। बुधवार को जरही टोला के ग्रामीणों ने पंचायत सचिवालय पहुंचकर रोजगार सेवक अवधेश विश्वकर्मा के प्रति नाराजगी जाहिर की है। ग्रामीण उदेश चौधरी,मिथलेश राम,कमलेश चौधरी,सरिता देवी,यशोदा देवी,कैलि देवी,बिरझू राम,सुरेश




पाल, बिरझू चौधरी,शिवपूजन चौधरी, बाबूलाल चौधरी,रामशिस प्रजापति,अजीत राम,बिकर्मा चौधरी, असरेश पाल,विवेक पाल सहित कई लोगो ने रोजगार सेवक अवधेश विश्वकर्मा पर आरोप लगाते हुए कहा है कि किसी भी योजना में काम कराने के लिए पीसी मांगा जाता है, जिसका एक साक्ष्य वीडियो भी मौजूद है। रोजगार सेवक अवधेश विश्वकर्मा के द्वारा खेलमैदान समतली करण में , बाहर में काम कर रहे लोगो के नाम पर रोजगार सेवक अवधेश विश्वकर्मा के द्वारा डिमांड लगाकर पैसे की निकासी कर ली गई है। ग्रामीणों ने रोजगार सेवक पर जॉब कार्ड बनाने के नाम पर एक, एक हजार रुपए लेने का भी आरोप लगाया है। ग्रामीणों ने जिले के उपायुक्त से रोजगार सेवक पर कारवाई करने की गुहार लगाई है। ग्रामीणो ने बताया की लोकनाथ राम के घर से करकटा सिवान तक मनरेगा के तहत सड़क निर्माण के लिए 1.5 लाख रुपए पीसी की मांग की गयी है। इस संबंध में जोगा मुखिया से बात करने पर उन्होंने कहा की पैसे मांगना गलत है, व बिना जानकारी दिए हुए कार्य को बंद करना गलत है। ऐसे लोगो पर कारवाई होना चाहिए। वहीं उंटारी रोड बीडीओ ललित राम से बात करने पर उन्होंने कहा की जाँच का विषय है जाँच कर कारवाई होगी। वहीं रोजगार सेवक से पूछने पर उन्होंने कहा की मुझपर जो आरोप लगाया गया है वह निराधार है।

# दाता पीर बक्श के सालाना उर्स पर सजेगी कव्वाली की महफिल



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू हुसैनाबाद शहर स्थित दाता पीर बक्श के सालाना उर्स के मौके पर कव्वाली की शानदार महफिल सजेगी। यह महफिल 21 मई को सजेगी। जिसमें मशहूर कव्वाल शाहरुख साबरी और रीना परवीन के बीच मुकाबला होगा। इसकी जानकारी आयोजनकर्ता इब्राहिम सेठ ने दी।उन्होंने बताया कि कव्वाल और कव्वाला दोनों के साथ इकरारनामा हो चुका है। उर्स के मौके पर 20 मई को जलसे का आयोजन किया जाएगा। जबकि हर एक वर्ष की तरह दूसरी रात 21 मई को शानदार कव्वाली का मुकाबला होगा। उन्होंने बताया कि इसके लिए आयोजन समिति का गठन किया गया है. उन्होंने बताया कि दाता पीर बक्श की मजार पर मांगी गई मन्नतें पूरी होती है।समिति के संरक्षक एजाज हुसैन ने बताया कि इब्राहिम सेठ हैदरनगर के बलडिहरी गांव निवासी हैं। वह मुंबई में व्यापार करते हैं। दाता पीर बक्श रहमतुल्लाह अलैह जपला की मजार पर हर वर्ष उर्स के मौके पर पूरा समय देने के साथ साथ कव्वाली कार्यक्रम अपने निजी खर्च पर कराते हैं। इस बार भी उन्होंने कव्वाली कार्यक्रम के खर्च का जिम्मा लिया है।कार्यक्रम के संयोजक सैयद शम्मू हुसैन ने बताया कि दाता नगर स्थित मैदान में कव्वाली का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए अनुमंडल के अधिकारियों से सुरक्षा व्यवस्था उपलब्ध कराने का आग्रह किया गया है। उन्होंने बताया कि पूर्व की तरह वॉलेंटियर भी पर्याप्त संख्या में रहेंगे। जिससे कि शांति के साथ कार्यक्रम संपन्न कराया जा सके। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का उद्घाटन और अतिथियों को आमंत्रित करने की जवाबदेही एजाज हुसैन उर्फ छेदी, डॉ एजाज आलम, एसएम अकरम व सैयद शम्मू हुसैन को दी गई है।

## NEWS इन ब्रीफ

### शिक्षक अभ्यर्थियों को दिये गये दिशा निर्देश

**मेदिनीनगर।** स्थानीय जिला स्कूल में बुधवार को पलामू जिले में चयनित अभ्यर्थियों को डीईओ के द्वारा आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। डीईओ अनिल कुमार चौधरी ने कहा कि सभी चयनित अभ्यर्थियों को 19 मई को राँची के खेल गांव स्थित टाना भगत स्टेडियम में सुबह 8 बजे रिपोटिंग करनी है। सभी अभ्यर्थियों को मुख्यमंत्री के द्वारा सामूहिक रूप से नियुक्ति पत्र का वितरण किया जाना है। पलामू से अभ्यर्थियों को 19 की सुबह 4 बजे स्थानीय जिला स्कूल में उपस्थित होने को कहा गया है। सभी अभ्यर्थियों को सुरक्षित वाहन से राँची ले जाया जाएगा।गौरतलब है की 19 मई को मुख्यमंत्री के द्वारा तीन हजार शिक्षको को नियुक्ति पत्र का वितरण किया जाना है।जिसमे पलामू से भी लगभग 189 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र दिया जाना है।

### पुत्र वधू ने लगाई फांसी



**मेदिनीनगर।** छतरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम करमाकला निवासी विष्णुदेव यादव के पुत्र वधू का शव घर में ही फांसी के फंदे से लटकता हुआ पाया गया। वही इस घटना के बाद घर में अफरा-तफरी का माहौल उत्पन्न हो गया। आसपास के ग्रामीण का भीड़ शव को देखने के लिए विष्णुदेव के घर उमड़ पड़ी। इसके बाद स्थानीय ग्रामीण और परिजनों ने इस घटना की जानकारी छतरपुर थाना को दी। घटना की जानकारी मिलते ही छतरपुर थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर को फांसी के फंदे से नीचे उतार कर शव का पंचनामा कर उसे पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल भेज दिया है।वही इस घटना के बाद से पुलिस आत्महत्या से संबंधित मामले की छानबीन में जुट गई है।

### पलामू मे पानी के लिए त्राहिमाम निगम बेखबर : आजसू

**मेदिनीनगर।** आजसू के केंद्रीय सचिव सतीश कुमार ने कहा कि निगम समेत पलामू मे गर्मी में जल संकट प्राकृतिक नही बल्कि कृत्रिम रूप से पैदा किया गया है। लगभग सभी जल श्रोत को भरकर बडे-बडे अपार्टमेंट बना दिए गए हैं। स्थानीय नवकेतन सिनेमा के सामने संडर्स बांध तालाब इसका उदाहरण है। इस तलाब पर मेयर का व्यवसायिक प्रतिष्ठान शोभा बढा रहा है। अंचलाधिकारी से मिलकर जाली कागजात बना लिये गये हैं। हालांकि अंचल अधिकारी की जांच होगी तो ऐसे अनगिनत उदाहरण मिल जाएगें। ईडी को उदाहरण समेत कई कागजात सुपुर्द करने जा रहा हूँ। ताकि मेदनीनगर की गरीब जनता को जमीन लूट से बचाया जाए। नगर निगम चुनाव में सभी मेयर प्रत्याशी गला फाड़कर चिल्ला रहे थे कि मेदनीनगर का जल संकट दूर करना प्राथमिकता मे होगा। मगर निगम का कार्यकाल समाप्त हो गया कोई प्रयास नहीं किया गया। शहर के सुन्दरीकरण के नाम पर करोड़ों का व्यारा न्यारा हो गया। अगर जलस्त्रोतों की सफाई व गहरीकरण करा दिया जाता तो भूमि जलस्तर बरकरार रहता। कोयल नदी को दो तीन जगह बांध देने से पानी संकट से निजात मिल जाती। आधा से अधिक मेदिनीनगर ड्राई जोन है। अब तक इस पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। टेंकर से पानी बांट देना स्थायी निराकरण नही है। जिले के आधे से अधिक चापाकल खराब है। जलस्त्रोतों पर ध्यान नहीं है। स्थाई निराकरण का कार्यक्रम नहीं है। हर गर्मी में जलसंकट राजनीतिक मुद्दा बनते रहेगा। जनता जल के लिए त्राहि-त्राहि करते रहेगी। उन्होंने जल संकट के स्थायी निराकरण के लिए जोरदार आन्दोलन करने की मांग की है।

# बालू एवं पेयजल समस्या पर 22 को धरना



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामु जिला मुख्यालय मेदिनीनगर के शहरी इलाके में पेयजल संकट गहरा गया है। शहर के सभी मुहल्ले में यह स्थिति उत्पन्न हो गयी है। वही बालू के अभाव में सभी तरह का निर्माण कार्य प्रभावित हो रहा है। इस मामले को लेकर आम नागरिको एव निवर्तमान वार्ड पार्षदों ने बैठक की। इसकी अध्यक्षता बबलू चावला ने की, संचालन अमर सहाय ने किया। बैठक में शामिल लोगों ने शहर में गंभीर रूप से व्याप्त पेयजल समस्या एव बालू के अभाव पर विस्तार से चर्चा की। बैठक में बताया गया कि जल स्तर नीचे चले जाने के कारण अधिकांश चापानल सूख गये हैं। कोयल नदी सूखने के कारण शहर की जलापूर्ति व्यवस्था फेल हो गयी है। निगम प्रशासन टैकर से जलापूर्ति कर रही है लेकिन वह पर्याप्त नहीं है। शहरी जलापूर्ति योजना फेज टू का काम लंबित है। जनता के इन परेशानियों को लेकर आन्दोलन करने का निर्णय लिया गया। बैठक में तय किया गया कि 22 मई को आम जनता के साथ धरना प्रदर्शन किया जायेगा और उपायुक्त के माध्यम से राज्य सरकार को सारी स्थिति से अवगत कराया जायेगा। बैठक में निवर्तमान वार्ड पार्षद प्रदिप कुमार अकेला, निरंजन प्रसाद, मनोज सिंह उर्फ. बिल्लु, नवीन गुप्ता, विवेकानंद त्रिपाठी,रौशन कुमार, राजु राम,पूर्व पार्षद अमित सिंह उर्फ. मिनी, मनोज सिंह, दिलीप कुमार के अलावा नवीन प्रसाद, महेश भगत, राजेन्द्र गुप्ता सहित कई लोग मौजुद थे।

# पलामू में जिला योजना समिति की बैठक

### वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए 194 योजना जिला योजना कार्यकारिणी समिति से अनुमोदित एवं स्वीकृत की गयी है



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** जनप्रतिनिधियों, आमजनों एवं पदाधिकारियों के सहयोग से क्षेत्र का विकास होगा। साथ ही आमलोगों की समस्याएं भी दूर होगी। समन्वय के साथ कार्य करने से बेहतर परिणाम आएंगे। यह बातें महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग की मंत्री-सह- जिला योजना समिति की अध्यक्ष जोबा माझी ने कही। वे आज पलामू जिले में जिला योजना समिति के बैठक की अध्यक्षता कर रही थीं। पलामू के उपायुक्त ने बैठक के उद्देश्यों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जिला योजना समिति पंचायतों एवं नगरपालिका द्वारा तैयार की गई योजनाओं को समेकित करने एवं संपूर्ण जिला के लिए विकास योजना जैसे- शिक्षा, लोक स्वास्थ्य, परिवार कल्याण, महिला बाल विकास, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, उर्जा क्षेत्र का प्रारूप तैयार करने हेतु जिला योजना समिति का गठन किया गया है। उपायुक्त ने कहा जिला योजना समिति के सदस्यों की अनुशंसा वाली योजनाएं इसमें रखते हुए अनुमोदित एवं स्वीकृत की जाएगी। उप विकास आयुक्त रवि आनंद ने जिला योजना समिति की पृष्ठभूमि पर प्रकाश डाला। उन्होंने विगत 4 वर्षों में प्राप्त आवंटन एवं योजनाओं की संख्या एवं उसकी प्रशासनिक स्वीकृति से संबंधित आंकड़ों से अवगत कराते हुए कहा कि वित्तीय वर्ष 2020-21, 2021-22, 2022-23 में जिला योजना कार्यकारिणी समिति से अनुमोदित एवं स्वीकृत योजनाओं की संख्या 101 है। वहीं प्रशासनिक स्वीकृति की राशि 1968.76 लाख है। इसके अलावा वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए 194 योजना जिला योजना कार्यकारिणी समिति से अनुमोदित एवं स्वीकृत की गयी है, जिसकी अनुमानित प्रशासनिक स्वीकृति 5289.37 लाख रुपए है। बैठक में मंत्री जोबा माझी, उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे, वन प्रमंडल पदाधिकारी सौमित्र मिश्रा, जिला परिषद अध्यक्ष प्रतिमा देवी, जिला परिषद उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह एवं जिला योजना समिति के सभी सदस्यगण, उप विकास आयुक्त रवि आनंद, सहायक समाहर्ता श्रीकांत विस्पुते, अपर समाहर्ता सुजीत कुमार सिंह सहित अनुमंडल पदाधिकारी एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## समाज कल्याण मंत्री का स्वागत



**मेदिनीनगर।** पलामू प्रभारी झारखण्ड सरकार के समाज कल्याण मंत्री श्रीमती जोबा मांझी पलामू के दौरे पर हैं। पलामू परिषदन में वे ठहरे हुए हैं। जहाँ पार्टी कार्यकर्ताओ द्वारा उनसे मुलाकात एवं स्वागत किया जा रहा है। उनके आगमन पर संत मरियम स्कूल के संचालक शह झामुमो नेता अविनाश देव ने उन्हें फूलमाला पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। इसके अलावा झारखण्ड कुम्हार समन्वय समिति जिला कमिटि पलामू के एक प्रतिनिधिमंडल समाज कल्याण मंत्री श्रीमती जोबा मांझी से परिषदन में मुलाकात की। झारखण्ड माटीकला बोर्ड के उत्कृष्ट उत्पाद जलपात्र मिट्टी की बोतल, पुष्पगुच्छ व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किए। पलामू के जनसमस्याओं सहित माटीकला बोर्ड के पुनर्गठन को लेकर भी गंभीर बातें हुई।माटीकला से जुड़े महिलाओं को बेहतर व मर्यादित जीवनयापन के सवाल पर चर्चा किये। हर संस्कार मिट्टी के बर्तन बिना निष्पादन सम्भव नहीं है। इसलिए महिलाओं के प्रोत्साहन व सम्मान के लिए माटीकला में वैकल्पिक व्यवस्था करने कि हम सभी संयुक्त रूप से आग्रह करते हैं। झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के वरीय सदस्य एवं अपने समाज के अध्यक्ष होने के नाते अविनाशदेव के कुशल नेतृत्व में हमारा समाज आगे बढ़ने की दृढ़ संकल्पित है।

## मालगाड़ी की चपेट में आकर अज्ञात युवक की मौत

**मेदिनीनगर।** रजहरा स्टेशन डाउन लाइन पर ट्रेन की चपेट में आकर एक अज्ञात व्यक्ति की घटनास्थल पर मौत हो गई है। इस घटना के बाद स्थानीय लोगों के द्वारा इसकी जानकारी नावा बाजार थाना और जीआरपी थाना को दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही नावा बाजार थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर शव का पंचनामा कर उसे पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल भेज दिया है। वह इस घटना के बाद से पुलिस अज्ञात मृत युवक के परिजनों की तलाश करने में जुट गई है। यदि कोई भी व्यक्ति इस अज्ञात व्यक्ति को पहचानते हैं तो नावा बाजार थाना की पुलिस से संपर्क करें।

# डिजिटल लर्निंग के माध्यम से अनौपचारिक शिक्षा का उद्घाटन

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू दौरे पर आई मंत्री जोबा मांझी आज स्थानीय टाउन हॉल में पलामू जिले के मॉडल आंगनबाड़ी केंद्रों में (अरली चाइल्डहुड केयर एंड एजुकेशन) पाठ्यक्रम के अनुसार डिजिटल लर्निंग के माध्यम से अनौपचारिक शिक्षा का उद्घाटन एवं प्रशिक्षण समारोह के शुभारंभ के मौके पर बोल रहीं थीं। समारोह के दौरान डीएमएफटी के तहत 62 करोड़ 55 लाख 58 हजार 638 रुपए की लागत से 173 विभिन्न योजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया गया। साथ ही आंगनवाड़ी सेविकाओं के बीच टैब, स्कूल किट का वितरण किया। इसके अलावा पलामू जिले में संचालित सखी वन स्टॉप सेंटर के सेवा प्रदाताओं को नियुक्ति पत्र का वितरण किया। मंत्री ने कहा कि बालिकाओं की शिक्षा पर सरकार की विशेष जोर है। साथ ही निर्धारित आयु सीमा के पूर्व उनकी शादी नहीं हो, इसके लिए भी कई प्रयास किए जा रहे हैं। सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत प्रोत्साहन राशि देकर बालिकाओं को उच्च शिक्षा प्रदान किया जा रहा है। वही मनिका विधायक रामचंद्र सिंह ने पलामू उपायुक्त द्वारा जिले के आंगनबाड़ी केंद्रों में अध्ययनरत बच्चों को विशेष रूप से सुविधा दिये जाने के कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि उपायुक्त के सोच से यहां के बच्चे बेहतर करेंगे।पलामू उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे ने कहा कि अधिकांशतः आर्थिक रूप से कमजोर अभिभावकों के बच्चे आंगनबाड़ी केंद्रों में अध्ययन के लिए आते हैं। उनके लिए सरकार की ओर से टीएचआर की व्यवस्था की गई है, ताकि पढ़ाई के साथ-साथ उन्हें गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध हो सके। उनके पढ़ाई के लिए कार्ययोजना तैयार की गई है। पाठ्यसामग्री दी जा रही है। साथ ही आंगनवाड़ी सेविका को टैब उपलब्ध कराया गया है, ताकि बच्चों की शिक्षा को रूचिकर बनाते हुए बेहतर शिक्षा दी जा सके। उन्होंने कहा कि पलामू जिले में डीएमएफटी के तहत योजनाओं के शिलान्यास एवं उद्घाटन से जिलेवासियों को फायदा होगा। समारोह में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी संध्या रानी ने सभी का स्वागत करते हुए कार्यक्रम की रूपरेखा पर प्रकाश डाला। मौके पर उक्त अतिथियों के अलावा उप विकास आयुक्त रवि आनंद, सहायक समाहर्ता श्रीकांत विसपुते, जिला परिषद उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह, प्रमुख सहित अन्य पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

## भाजयुमो ने सरकार को असंवेदनहीन व निरकुंश बताया

**मेदिनीनगर।** भाजयुमो के पलामू जिला के महामंत्री श्वेतांक गर्ग ने बयान जारी कर राज्य के अकर्मण्य, निरंकुश तथा भ्रष्टाचार में आकंठ डूबी सरकार को असंवेदनहीन बताया। महामंत्री गर्ग ने राज्य सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि वर्तमान सरकार बड़े-बड़े चुनावी वादे करके जब से सत्ता में आई है ' तब से राज्य की स्थिति भयावह हो गई है। वर्तमान स्थिति की बात करें तो राज्य में चारों तरफ बालू के लिए हाहाकार मचा हुआ है परंतु सरकार के कानों पर इस विषय को लेकर जूं तक नहीं रेंग रही है। सरकार केवल स्वयं की चिंता करते हुए खुद खनन, बालू, शराब सहित जमीन घोटालों में संलिप्त हो राज्य के आम जनमानस की नजरों से गिर चुकी है। आज पूरा झारखंड त्राहि-त्राहि कर रहा है।आम जनता की परेशानियों एवं उनकी बातों को सुनने के लिए सरकार का कोई नुमाइंदा तैयार नहीं है। काम के नाम पर केवल खानापूर्ति हो रही है यह हम सब देख रहे हैं।आगामी 1 महीने से भी कम समय में पुनः बरसात का आगमन होने वाला है तथा एनजीटी के द्वारा देशभर में बालू उठाव एवं अन्य खनन से संबंधित कार्य 4 महीने के लिए बंद करने का आदेश भी आ जाएगा परंतु इस सरकार द्वारा अभी तक बालू के मुद्दे पर स्थाई समाधान की कोई पहल ना किया जाना एवं सरकार के जनप्रतिनिधि एवं पार्टी नेताओं के द्वारा खुलेआम बालू की बड़े पैमाने पर अवैध तस्करी करना नेतृत्व की संवेदनहीनता को दर्शाता है।

### हनुमत प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ का आयोजन 20 मई से

**पाटन।** बरडीहा में महावीर मंदिर का नव निर्माण हुआ है। इसी के उपलक्ष में श्री हनुमत प्राण प्रतिष्ठा सह मंदिर स्थापना यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। जिसकी जल यात्रा 20 मई को निकाली जाएगी तथा 22 मई को यज्ञ की पूणाहुति की जाएगी। इस यज्ञ को सफल बनाने में कमेटी के अध्यक्ष प्रवीण कुमार दुबे, सचिव उपेंद्र नाथ दुबे, कोषा अध्यक्ष शशिकांत दुबे सदस्य प्रेम शंकर दुबे मुख्य रूप से कमेटी बनाए गए हैं।

## शहर में पानी के लिए मचा है हाहाकारः विनोद सोनी



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** अधिवक्ता सह बसपा नेता पूर्व विधायक प्रत्याशी विनोद कुमार सोनी ने पलामू उपायुक्त को प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से कहा है कि शहर में पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है। मेदिनीनगर शहर के जल स्त्रोतों तालाब,कुआं सूख चुका है जल स्त्रोत में कचरा भर दिया गया है।कुआं और तालाब के कचरे को निकाल के उनक ा गहरीकरण कर बरसात के पानी को संचय करने योग्य बनाया जाय। उन्होंने कहा कि मेदिनीनगर में पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है मेदिनीनगर के मुख्य जल स्त्रोत का साधन तालाब कुआं रहा है लेकिन तलाब को ज्यादातर भाग को लोगों द्वारा कब्जा कर लिया गया है जो बचा है वह भी मिट्टी से भरा पड़ा है जिसे गहरीकरण करने से एवं शहर के कुआं को अतिक्रमण मुक्त करने से पानी का स्त्रोत शहर में किया जा सकता है। मेदिनीनगर निगम काम करने में असफल रही है जिसका परिणाम है कि पूरे शहर में पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है। बहुत से इलाका ड्राई जोन हो चुके हैं। विनोद कुमार सोनी ने प्रेस के माध्यम से उपायुक्त महोदय को कहा है कि उपरोक्त लिखी गई बातों को ध्यान में रखते हुए अति शीघ्र शहर के सभी तालाबों एवं कुआं को अतिक्रमण मुक्त कर गहरीकरण किया जाए ताकि बारिश का पानी तालाब एवं कुआं में संचय हो सके । इस हेतु मेदिनीनगर निगम की जनता आपकी सदा आभारी रहेगी।

# पानी व पलायन पांकी विधानसभा की गंभीर समस्या : कौशल

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** आम आदमी पार्टी के जुझारू नेता कौशल किशोर बच्चन ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि गर्मी का मौसम आते ही पांकी विधानसभा के विभिन्न क्षेत्रों में जल संकट छा जाता है। जबकि पांकी विधानसभा क्षेत्र में सबसे अधिक मात्रा में नदियां है सरकार व प्रशासन अगर इस और ध्यान दें तो पांकी विधानसभा में पानी पेयजल के साथ-साथ सिंचाई के लिए भी भरपूर मात्रा में उपलब्ध हो सकती है । अगर खेतों को पानी मिल जाए तो इस क्षेत्र की 75% पलायन पर रोक लगाई जा सकती है। चूंकि यहां की जमीन उपजाऊ है और यहां के लोग मेहनती भी है वे किसी भी तरह खेती-बाड़ी करके अपना भरण पोषण कर लेंगे। सिंचाई की व्यवस्था नहीं होने की वजह से आज गांव के गांव खाली हो चुके है।

## पुलिस जवान रामजी राम ड्यूटी साथ-साथ गीत संगीत में भी रखते हैं रुचि



**मेदिनीनगर।** शहर थाना के टीओपी वन में कार्यरत टाइगर मोबाइल का जवान रामजी कुमार राम पलामू और गढ़वा जिला पर हाल में एक एल्बम प्रस्तुत किए है। रामजी कुमार पुलिस जवान में तैनात होकर पब्लिक का सेवा करने के साथ-साथ लोगों के मनोरंजन के लिए भी एक से बढ़कर एक गीत प्रस्तुत करते हैं। जो आपको यूट्यूब चैनल और फेसबुक पर देखने को मिल जाएगा। हाल के दिनों में उन्होंने पलामू और गढ़वा पर आधारित एक गीत प्रस्तुत किया है, जिसका नाम ए शहरी डॉल है। जिसका लोग खूब तारीफ कर रहे हैं। इस संबंध में जानकारी देते हुए टाइगर मोबाइल के जवान रामजी कुमार राम ने बताया कि उन्हें गाने बजाने का काफी शौक है। वह बचपन से ही गीत संगीत के कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते है। अभी तक उन्होंने कई तरह के गीत संगीत कार्यक्रम प्रस्तुत कर अपने परिवार और पुलिसकर्मियों का मनोबल बढ़ाया है। इस बीच उनके कई गाने सुपरहिट भी हुये हैं।

**मौसम** मानसून में देरी कृषि व गर्मी से राहत के लिए अच्छी खबर नहीं

# इस साल मानसून में होगी देरी

### इस साल जून के तीसरे सप्ताह यानी 20 जून से मॉनसून आ सकता है

### केरल में बंगाल की खाड़ी से मॉनसून 4 जून के आसपास आ सकता है। इसका प्रभाव झारखंड पर भी पड़ेगा



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू सहित राज्य में इस साल मानसून देर से आने के आसार नजर आ रहे हैं। वैसे तो झारखंड में मानसून आने का सामान्य समय जून के दूसरे सप्ताह में यानी 15 जून तक आ जाता है। मगर इस साल जून के तीसरे सप्ताह यानी 20 जून से मॉनसून आ सकता है। वजह हैं कि इस साल केरल में बंगाल की खाड़ी से मॉनसून 4 जून के आसपास आ सकता है। इसका प्रभाव झारखंड पर भी पड़ेगा। मानसून में देरी कृषि के लिए और आम लोगो को गर्मी से राहत के लिए अच्छी खबर नहीं है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार सामान्यतः केरल में मानसून एक जून तक दस्तक दे देता हैं।जबकि मौसमी रुख की वजह से कभी-कभी इसमें एक सप्ताह की देरी या जल्दी होने की संभावना रहती हैं। मौसम विभाग ने इस साल सामान्य से 5 फीसदी तक कम बारिश का पूवार्नुमान लगाया है। ज्ञात हो कि भारत में केरल से ही मानसून प्रवेश करता है।अरब सागर और बंगाल की खाड़ी के रास्ते होते हुए मॉनसून आता है। झारखंड में सामान्यतः मॉनसून के दौरान करीब 1-22 मिमी बारिश होती हैं। वर्ष 2021 में 12 जून और वर्ष 2020 में 13 जून को झारखंड में मानसून की बारिश शुरू हो गयी थी। वहीं, वर्ष 2022 में 15 जून के आसपास मॉनसून की शुरूआत हो गई थी।

# चियांकी में खुला श्रीराम मकराना मूर्ति कला केंद्र



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** शहर के रांची रोड स्थित चियांकी हवाई अड्डा टाटा मोटर्स के समीप श्रीराम मकराना मूर्ति कला केंद्र खुला। मुख्य अतिथि छतरपुर पाटन विधायक पुष्पा देवी ने इसका उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि पलामु विकास की ओर तेजी से आगे बढ़ रहा है। इस तरह का प्रतिष्ठान खुलना पलामु के विकास का प्रतिक है। उन्होंने कहा कि पलामु कला के क्षेत्र में भी आगे बढ़ रहा है। मूर्ति कला को बढ़ावा देने की आवश्यकता है। सरकार को चाहिए कि मूर्ति कला के प्रशिक्षण की व्यवस्था करे। इसके लिए वह अपने स्तर से भी प्रयास करेंगे। इससे पहले दुकान के प्रोपराईटर रामाशीष चौधरी एवं मालती देवी ने विधिवत पूजा अर्चना की। पंडित मन मोहन पाठक ने विधिवत पूजा संपन्न करायी। प्रोपराईटर श्री चौधरी ने बताया कि इस कला केंद्र के द्वारा मकराना पत्थर पर जयपुर के कारीगरों के द्वारा देवी, देवताओं के अलावा महापुरुषों एव अन्य तरह के प्रतिमा एवं शीलापट्ट बनाये जाते हैं। मौके पर अशोक तिवारी, शैलेन्द्र तिवारी, संतोष तिवारी, अभय वर्मा, संजय चौधरी, पारस चौधरी, रंजीत चौधरी, संजू चौधरी, संगीता देवी, आरती देवी, सुनयना कुमारी सहित कई लोग मौजुद थे।

### ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में किया गया समर कैंप का आयोजन

# खेल से होता है बच्चों का शारीरिक और मानसिक विकास : डीएसपी

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**
ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में समर कैंप का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन मुख्यालय डीएसपी संतोष कुमार, ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल के प्रबंधन समिति के चेयरमैन अनूप सोनी, सेक्रेटरी आलोक सोनी, आकाश सोनी, धीरज राज, नुर आलम ने दीप जलाकर किया। इस कार्यक्रम का मंच संचालन कविता चौधरी एवं अमित सोनी के द्वारा किया गया।

मौके पर डीएसपी ने कहा कि गढ़वा जैसे शहर में इस तरह का समर कैंप का आयोजन पहली बार किया गया है। इसमें बच्चों की प्रतिभा को निखारने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि खेल से बच्चों के शारीरिक और मानसिक दोनों ही विकास होते हैं।






उन्होंने कहा कि इन छोटे-छोटे बच्चों की प्रतिभा निखारने की पहली कड़ी विद्यालय होता है और ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल इस प्रतिभा को बखूबी समझती हैं। कार्यक्रम के दौरान कक्षा चार से सात तक के बच्चों ने सभी कार्यक्रमों में एक-एक कर अपनी सहभागिता को दिखाया और छोटे बच्चों को आर्ट एंड क्राफ्ट तथा डांस कराया गया, जिसमें सभी बच्चों ने भरपूर लुत्फ उठाया। इस समर कैंप में आने वाले 10 दिनों में अलग-अलग कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों को नई-नई चीजें सिखाई जाएंगी। इनमें हॉर्स राइडिंग, तीरंदाजी, एयर राइफल शूटिंग, ताइक्वांडो योगा, डांस, कोडिंग, आर्ट एंड क्राफ्ट, पर्सनालिटी डेवलपमेंट, थंब पेंटिंग, इत्यादि का आयोजन किया जाएगा। मौके पर शिक्षक सुमित, कविता चौधरी, नेहा प्रीति लकड़ा, ममता टोपनो, अलका लकड़ा, सत्य प्रकाश वर्णवाल, सूरज ठाकुर, रागिनी कुमारी, प्रियंका पांडे, अंजली कुमारी, आलोक कुमार, सोनी कुमारी, रेशमी सिन्हा, सुतापा सेन तथा नीरज कुमार गिरी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## किशोरी की संदिग्ध परिस्थिति में मौत

**गढ़वा।** धुरकी थाना क्षेत्र के बीरबल गांव निवासी कामेश्वर राम चंद्रवंशी की पुत्री मुन्नी कुमारी (16) की मौत संदिग्ध अवस्था में बुधवार को हो गई। घटना के संबंध में बताया गया कि मुन्नी कुमारी को दो माह पूर्व कुत्ते ने काट लिया था। इसके बाद उसके परिजनों ने उसे गांव में ही झाड़-फूंक कराने के चक्कर में उसका इलाज नहीं करवाया। मंगलवार को मुन्नी कुमारी कीअचानक तबीयत बिगड़ गई। इसके बाद उसे नगर उंटारी अनुमंडल अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद बुधवार को उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। नगर उंटारी से गढ़वा सदर अस्पताल आने के दौरान मुन्नी कुमारी की मौत रास्ते में ही हो गई। जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने गढ़वा सदर अस्पताल पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर अंत्य परीक्षण के लिए भेज दिया है।

### आवास व अन्य जरूरी सुविधाएं देने का दिया आश्वासन

# बीडीओ ने कोशलीबार पहुंच कर जाना वृद्ध दंपती का हाल

**नवीन मेल संवाददाता। खरौंधी(गढ़वा)**
बीडीओ गणेश महतो ने हिंदी दैनिक राष्ट्रीय नवीन मेल में समाचार प्रकाशित होने के बाद बुधवार को खरौंधी प्रखंड के मझिगांवां पंचायत अंतर्गत कोशलीबार टोले में वृद्ध दंपती के यहां पहुंच कर दोनों का हाल जाना। बीडीओ ने गिरे हुए घर का मुआयना भी किया।


इस दौरान उन्होंने वृद्ध दंपती की टूटी झोपड़ी में बैठ कर विधिवत जानकारी ली। वृद्ध दंपती ने बताया कि हम दोनों को पेंशन और राशन मिलता है, परंतु घर नहीं होने से आसमान के नीचे टूटी झोपड़ी में रहना पड़ता है। वृद्ध दंपती ने कहा कि बरसात एवं ठंड में रात गुजारना बहुत मुस्किल हो जाता है।

इधर, बीडीओ गणेश महतो ने उन्हें आंबेदकर आवास देकर घर बनवाने का आश्वासन दिया है। उन्होंने कहा कि जो भी सरकारी



**खरौंधी प्रखंड के मझिगांवां पंचायत अंतर्गत कोशलीबार टोले में झोपड़ी में बैठकर वृद्ध दंपती से बातचीत करते बीडीओ गणेश महतो।**

### नवीन मेल में खबर छपने के बाद जागा प्रशासन


दो साल से झोपड़ी में रहने को मजबूर, किसी ने नहीं ली सुध

वृद्ध दंपती मूलभूत सुविधाओं से वंचित

नवीन मेल संवाददाता। खरौंधी
प्रखंड के मझिगांवां पंचायत के

बीडीओ बोले, दी

मदद हो सकेगी वह दी जाएगी। यहां बता दें कि राष्ट्रीय नवीन मेल ने अपने बुधवार के अंक में वृद्ध दंपती की समस्याओं को प्रमुखता से उजागर किया था। अखबार में प्रकाशित समाचार पर प्रखंड विकास पदाधिकारी गणेश महतो बुधवार को वृद्ध दंपती का हाल जानने कोशलीबार पहुंचे थे।

## नवविवाहिता ने सल्फास खाकर की आत्महत्या

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**
कांडी थाना क्षेत्र के सुंडी पुर गांव निवासी ओम प्रकाश चौधरी की पत्नी आरती देवी (23) ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली। घटना के संबंध में आरती देवी के पति ओमप्रकाश चौधरी ने बताया कि वह घर से सुबह अपना होटल पर चला गया था। इसके बाद आरती ने घर में सल्फास खा लिया। इसके बाद गांव में झोलाछाप चिकित्सक से उसका इलाज कराया। कुछ देर ठीक रहने के बाद अचानक उसकी स्थिति काफी बिगड़ गई। परिजनों ने आनन-फानन में गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती करवाया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। इस संबंध में उसके पिता गढ़वा थाना क्षेत्र के मऊपी गांव निवासी रामप्यारे चौधरी ने बताया कि 2022 मई में ही उसकी बेटी की शादी ओम प्रकाश चौधरी के साथ की गई थी। ससुराल जाने के बाद से वहां ठीक-ठाक थी। अचानक ससुराल में क्या हुआ है इसकी जानकारी उन्होंने नहीं दी। किस बात को लेकर आरती ने सल्फास खाया है इसकी जानकारी उन्हें नहीं है। हो सकता है कि कहीं अपनी मां को घटना के बारे में कोई जानकारी दी हो।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में हुई समीक्षा बैठक

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**
समाहरणालय के सभागार में बुधवार को उपायुक्त शेखर जमुआर की अध्यक्षता में बैठक की गई। बैठक में उपायुक्त द्वारा पूर्व में दिए निर्देशों के अनुपालन की समीक्षा की गई। इसके उपरांत उपायुक्त ने गढ़वा जिला अंतर्गत सभी बैंकों का महत्वपूर्ण संकेतक सीडी रेशियो, वार्षिक साख योजना (एसीपी) 2022-23, केसीसी, पीएमईजीपी, एमएसएमई, पीएमएफएमई, महिला लखपति किसान योजना समेत अन्य योजनाओं एवं विषयों को लेकर गहन समीक्षा की गई एवं निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप कार्य करने हेतु कई आवश्यक निर्देश दिए गए।

## चतरा/लोहरदगा/लातेहार

### नामांकित थे 40 बच्चे, उपस्थित मिले आठ

**गिद्धौर (चतरा)।** गिद्धौर प्रखंड 20 सूत्री क्रियान्वयन समिति द्वारा अध्यक्ष विनोद कुमार पासवान के नेतृत्व में बुधवार को विभिन्न आंगनबाड़ी व उप स्वास्थ्य केंद्रों का निरीक्षण किया गया। इस क्रम में महुआटांड़ आंगनबाड़ी में सेविका व सहायिका उपस्थित थे, परंतु रजिस्टर में 40 बच्चों का नामांकन था, पर उपस्थित मात्र आठ बच्चे ही थे। इस पर सभी ने असंतोष व्यक्त किया। मजे की बात यह रही की 15 व 16 मई तक बच्चों का पूरा अटेंडेंस बनाया गया था। साथ ही आंगनबाड़ी केंद्र का जल मीनार पूरी तरह खराब है। उप स्वास्थ्य केंद्र गांगपुर के निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य केंद्र से दोनों एनएम व सफाई कर्मी अनुपस्थित थी, परंतु उनकी उपस्थिति बनी हुई थी। सदस्यों ने विभागीय अधिकारियों को सूचित कर व्यवस्था में सुधार लाने का निर्देश दिया। निरीक्षण में जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष सह 20 सूत्री सदस्य मनोज कुमार वर्मा सहित अन्य शामिल थे।

### मजदूर संघ को बीएमएस से मिली संबद्धता

**टंडवा (चतरा)।** टंडवा थाना क्षेत्र अंतर्गत आम्रपाली कोल परियोजना स्थित कार्यालय के समक्ष झारखंड ग्रामीण मजदूर कल्याण संघ की बैठक बुधवार को हुई। इसकी अध्यक्षता गुरदयाल साव व संचालन रमेश वर्मा ने किया। कार्यक्रम में भारतीय मजदूर संघ के सीसीएल कोलवरी कर्मचारी संघ अध्यक्ष मनोज रजक, महामंत्री राजीव रंजन सिंह, झारखंड प्रदेश संगठन मंत्री ब्रजेश कुमार, मंत्री मुकेश कुमार, आम्रपाली सचिव शिवकुमार सिंह ने भाग लिया। सभा में भारतीय मजदूर संघ ने रमेश वर्मा को संबद्धता प्रमाण-पत्र सौंपा। मौके पर नए कार्यकारिणी समिति का गठन करते हुए अध्यक्ष गुरदयाल साहू, महामंत्री रमेश कुमार वर्मा, संगठन मंत्री ओम कुमार की जिम्मेवारी दी गई। मौके पर पवन कुमार, अनूप खन्ना, धीरेंद्र चौधरी, राजेश साव, संजय महतो, रवि रवानी, सुनील साव, संतोष वर्मा, सुनील यादव, ओम कुमार, अशोक साव, मनोज साव, महेंद्र साव, जयलाल राणा, कामख्या सिंह, नरेश महतो, दीपक साव, सुजीत कुमार, नारायण कुमार, बजरंगी पासवान समेत सैंकड़ों मजदूर उपस्थित थे।

### उपनिर्वाचन पदाधिकारी ने किया गांवों का दौरा

**गिद्धौर (चतरा)।** जिला उपनिर्वाचन पदाधिकारी पूर्णिमा कुमारी बुधवार को गिद्धौर प्रखंड के विभिन्न गांव का दौरा किया। इस क्रम में अधूरे पड़े प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास को जल्द पूर्ण करने का निर्देश उन्होंने लाभुकों से भेंट कर दिया। मई के अंत तक किसी भी स्थिति में आवास को पूर्ण करें। उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रखंड के गांगपुर व बारियातु सहित अन्य गांव का दौरा किया। इस दौरान बीडीओ संजीत कुमार सिंह आदि कर्मी शामिल थे।

### खनन टॉस्क फोर्स की समीक्षात्मक बैठक

**चतरा।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में राजस्व संग्रहण, अंचल समीक्षा, नीलाम पत्र, निबंधन, अवैध उत्खनन रोकथाम हेतु जिला स्तरीय खनन टॉस्क फोर्स की बैठक की गई। इसमें मुख्य रूप से खनन विभाग, परिवहन विभाग, निबंधन विभाग, विद्युत विभाग, मतस्य विभाग, अंचलवार राजस्व संग्रहण, परिशोधन योजना, अवैध जमाबंदी, इ-कोर्ट में लंबित मामले सहित अन्य की क्रमवार समीक्षा की गई। खनिजों के अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण को लेकर पूर्व कि बैठक में दिए गए निर्देश के अनुपालन प्रगति प्रतिवेदन की बिंदुवार समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। मोटरसाइकिल से कोयला उठाव पर उपायुक्त ने निर्देशित किया कि विभिन्न परियोजनाओं के प्रबंधन के साथ समन्वय स्थापित कर अंकुश लगाया जाए। उपायुक्त ने ई-परिवहन चालान की उपयोगिता और उसके अनुपालन तथा कांटाघर की जानकारी ली।

### कुडू में 20 सूत्री क्रियान्वयन समिति की बैठक

**कुडू।** कुडू प्रखंड मुख्यालय के सभागार में बुधवार को 20 सूत्री प्रखंड अध्यक्ष सदरुल अंसारी की अध्यक्षता में 20 सूत्री क्रियान्वयन समिति की बैठक हुई। इसमें पिछली बैठक में लाये गए प्रस्तावों पर चर्चा करते हुए सभी विभागों की योजनाओं की समीक्षा की गई। पेयजल स्वच्छता प्रमंडल को खराब चापाकल की सूची देते हुए तीन दिन में चालू करने का निर्देश दिया गया। स्कूलों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने, मनरेगा में मानव दिवस सृजन पर जोर, प्रधानमंत्री आवास पूर्णता पर फोकस, जाति, आवासीय, आय, जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र संबंधी आवेदनों को समय पर निष्पादित करने, बाल विकास परियोजना से सावित्रीबाई फुले योजना एवं कन्यादान योजना का लाभ शत प्रतिशत योग्य लाभुक को देने का निर्देश दिया गया। बैठक मेंबीस सूत्री अध्यक्ष सदरुल अंसारी,कुडू बीडीओ मनोरंजन कुमार, सीओ प्रवीण कुमार सिंह, सांसद प्रतिनिधि भूषण प्रसाद, सुनील चंद्र कुंवर, उपाध्यक्ष रमेश उराँव, सदस्य तनवीर गौहर, राकेश कुमार, शंकर उराँव, महावीर उराँव, अजय उराँव, फारुख अहमद, सहित अनेक विभाग के अधिकारी व समिति के सदस्य शामिल थे।

### मुखिया की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन

**महुआडांड़।** प्रखंड के परहाटोली पंचायत सचिवालय भवन में बुधवार को परहाटोली मुखिया रिता खलखो की अध्यक्षता में पंचायत के सभी वार्ड सदस्यों, रोजगार सेवक और ग्रामीणों के साथ विशेष बैठक आयोजित की गई। इसमें पंचायत अंतर्गत चल रही आम बागबानी, सिंचाई कुप योजना, मेढबंदी, टीसीबी, दीदी बाड़ी समेत अन्य प्रकार की जन उपयोगी योजनाओं के विषय में रोजगार सेवक चंदन कुमार ने ग्रामीणों को जानकारी दी। नरेगा वाच सदस्य अफसाना के द्वारा ग्राम एवं पंचायत के अंदर ग्रामीण मजदूरों का पलायन रोकने एवं इन्हें रोजगार से जोड़ने हेतु जनप्रतिनिधि वार्ड सदस्यों को जागरूक किया गया। वार्ड सदस्य निलम रोश (डूमरडीह) ने खरीफ फसल धान की बुवाई की तैयारी को लेकर कच्ची नहर की मरम्मत के लिए मुखिया को आवेदन दिया। मौके विनोद राम, मेंहदी हसन, माखनराज खलखो एवं वार्ड सदस्य समेत ग्रामीण मौजूद थे।

## निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन का शुभारंभ, 29 मरीजों की हुई सर्जरी

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**
सदर प्रखंड के चिरौंजिया मोड़ स्थित राधिका नेत्रालय अस्पताल में निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन की शुरुआत की गई। इसका उद्घाटन अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अरुण कुमार, नेत्र चिकित्सा पदाधिकारी नागेश्वर प्रसाद राधिका नेत्रालय के संचालक डॉ. सुशील कुमार ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस अवसर पर अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अरुण कुमार ने कहा कि मोतियाबिंद ऑपरेशन कर लोगों को रोशनी देना सबसे बड़ा पुण्य का काम होता है। उन्होंने कहा कि राधा लक्ष्मी ट्रस्ट के द्वारा चलाया जा रहा अभियान बहुत ही नेक कार्य है। हम इनके संचालक को शुभकामनाएं देते हैं। उन्होंने कहा कि राधा लक्ष्मी ट्रस्ट में अत्याधुनिक मशीन के द्वारा मोतियाबिंद ऑपरेशन किया जा रहा है। लोग आकर अपना रजिस्ट्रेशन कराएं। उन्होंने कहा कि यह अभियान मार्च 2024 तक चलाया जाएगा। संस्था का उद्देश्य है कि मार्च 2024 तक 5000 मोतियाबिंद मरीजों का ऑपरेशन करना है। इसे लेकर जिला मुख्यालय के अलावा प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में भी वैसे मरीज का जांच कर ऑपरेशन कराया जाएगा। संचालक सह आई चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. सुशील कुमार ने बताया कि बुधवार को कुल 29 मरीजों का मोतियाबिंद का सफल ऑपरेशन के साथ लेंस प्रत्यारोपण किया गया है। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए बताया कि मोतियाबिंद ऑपरेशन लगातार मार्च महीने तक चलता रहेगा। साथ ही मोतियाबिंद के जो भी मरीज हों वे प्रतिदिन आंखों की जांच करवा कर मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं। राधिका नेत्रालय में मोतियाबिंद का ऑपरेशन बिल्कुल निःशुल्क किया जाता है।

## बालू के अवैध उठाव व परिवहन के आरोप में दो ट्रैक्टर किए गए जब्त

**नवीन मेल संवाददाता। कांडी**
थाना क्षेत्र अंतर्गत पतीला मोड़ के समीप से बुधवार की सुबह गुप्त सूचना के आधार पर अंचलाधिकारी अजय कुमार दास एवं थाना प्रभारी योगेंद्र कुमार के द्वारा दो अवैध बालू लदे ट्रैक्टरों को जब्त किया गया। उक्त दोनों ही ट्रेक्टर खरौंधा घाट के कोयल नदी से अवैध तरीके से बालू उठाव कर परिवहन कर रहे थे। दोनों ट्रैक्टर पकड़े जाने पर सुबह के समय पतीला मोड़ पर काफी लोगों की भीड़ जुट गई। साथ ही स्वराज एवं महिंद्रा ट्रैक्टर को पुलिस बल के द्वारा थाना ले जाया गया। सूत्रों के अनुसार अवैध तरीके से बालू लोड ट्रैक्टर प्रखंड क्षेत्र के किसी पार्टी अध्यक्ष के बताए जा रहे हैं। काफी दिनों से अवैध तरीके से बालू लोड कर परिवहन करने की सूचना के आधार पर अंचलाधिकारी एवं थाना प्रभारी द्वारा ट्रैक्टरों को पकड़ा गया। समाचार लिखे जाने




तक दोनों ट्रैक्टरों पर कोई भी कार्रवाई नहीं की गई थी। इस संबंध में अंचलाधिकारी अजय कुमार दास ने पूछे जाने पर कहा कि जिले में आवश्यक कार्य होने के कारण कार्रवाई नहीं की गई है। साथ ही उन्होंने कहा कि प्रावधान के अनुसार सुसंगत कार्रवाई की जाएगी।

### संकट | भीषण गर्मी में आम लोगों के जीवन की रफ्तार थमी

# 36 घंटे से बिजली गुल, लोग बेहाल

**नवीन मेल संवाददाता। धुरकी**
प्रखंड में 36 घंटे से पूरे में ब्लैकआउट की स्थिति बनी हुई है। बिजली नहीं रहने से आम लोगों के जीवन की रफ्तार पूरी तरह ठहर गई है। इधर, बिजली गुल रहने से आम जनजीवन इस गर्मी के मौसम में बुरी तरह प्रभावित हुआ है। सरकारी कार्यालयों, बैंकों में कामकाज बुरी तरह प्रभावित हुआ।

बिजली नहीं रहने से शहर में व्यावसायिक गतिविधियां बुरी तरह प्रभावित हुई। आटा चक्की से लेकर मार्केट की दुकानों में इसका असर देखा गया। बुधवार देर शाम तेज हवा में गिरे तार-खंभे को अब तक विद्युत निगम ठीक नहीं कराया सका है। इसके चलते धुरकी फीडर से जुड़े गांवों में 36 घंटे से अधिक समय से



बिजली आपूर्ति बंद है। उपभोक्ता गर्मी से बेहाल हैं। कई लोगों के मोबाइल फोन तक बंद हो गए हैं। इससे विद्युत आपूर्ति बहाल नहीं हो सकी है। यह स्थिति क्षेत्र के सभी गांवों में उपभोक्ता मोटर से अपनी टंकियों में पानी नहीं भर पा रहे हैं। उन्हें पानी के संकट से जूझना पड़ रहा है।

## बंधक बनाए जाने पर युवक ने खाया जहर

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**
पलामू जिले के बिश्रामपुर गांव के हरिजन मोहल्ला निवासी रामचंद्र भुइयां का पुत्र राजू कुमार भुइयां ने कीटनाशक खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। उसे इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है। घटना के संबंध में रामचंद्र भुइयां ने बताया कि राजू कुमार भुईयां की शादी डंडई थाना क्षेत्र के पचोर गांव में तय हुआ था। लड़की पक्ष के द्वारा 15 मई को तिलक चढ़ाने का दिन भी तय कर दिया गया था। इसी दौरान उर्मिला देवी नामक एक महिला ने राजू कुमार भुईया के साथ अपना संबंध बता कर लड़की पक्ष को शादी करने से मना कर दिया। जब इसकी जानकारी राजू के परिजनों को मिली तो वह उक्त महिला पर प्राथमिकी दर्ज करने के लिए थाने पहुंचे लेकिन बिश्रामपुर वार्ड नंबर 16 के पूनम देवी वार्ड पार्षद के पति विजय कुमार रवि ने उसे पंचायत करके आपस में समझौता कराने की बात कह कर मना कर दिया। इसी बीच लड़की पक्ष ने 6 मई को राजू कुमार भईया को अपने घर बुलाकर उससे शादी में दी गई राशि की मांग करने लगा तथा उसे बंधक बनाकर अपने घर ही रख लिया। राजू के परिजन द्वारा पैसा वापस किया गया तो मंगलवार को राजू को छोड़ दिया। इसी बात से आहत होकर राजू भुइयां ने अपने घर पहुंच कर कीटनाशक खा लिया। इस बात की जानकारी होने के बाद परिजन द्वारा उसे आनन-फानन में गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती करवाया, जहां उसका इलाज चल रहा है।

**सदर अस्पताल में भर्ती करवाया, जहां उसका इलाज चल रहा है**

## लातेहार जिला पुलिस की पहल पर सामुदायिक पुलिसिंग के तहत फुटबॉल प्रतियोगिता आयोजित, नुक्कड़ नाटक से किया जागरूक

# फाइनल में कुरमीटोला ने डुमारो को 1-0 से हराकर खिताब पर किया कब्जा



**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा**

लातेहार जिला पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन के निर्देश पर डुमारो पंचायत के काली मैदान में डायन बिसाही को लेकर जागरूकता अभियान के तहत नुक्कड़ नाटक और फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता की शुरुआत बीडीओ विजय कुमार व सार्जेंट सुशांत कुमार ने कराई। पहला मुकाबला बजरमरी और डुमारो के बीच खेला गया, जिसमें डुमारो की टीम ने पेनाल्टी शूटआउट में बजरमरी को 5-4 से हरा दिया। वहीं दूसरा मुकाबला काली कुर्मिटोला और माल्हन की टीम के बीच खेला गया, जिसमें काली कुमीटोला ने माल्हन को 2-1 से हराया। डुमारो व काली कुर्मी टोला के बीच खेले गये फाइनल मैच में काली कुर्मिटोला ने डुमारो को 1-0 से हराकर खिताब पर कब्जा जमा लिया। विजेता-उपविजेता टीम को एसडीपीओ संतोष कुमार मिश्रा ने पुरस्कृत किया। रेफरी की भूमिका सुमित उरांव व लाइन मैन रूपंती कुमारी, दीपक टाना भगत ने निभाई। मंच संचालन मुजफ्फर आलम ने किया।

मैच के पुलिस प्रशासन की ओर से नुक्कड़ नाटक का आयोजन कर लोगों के बीच कुप्रथाओं को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया। मौके पर एसडीपीओ संतोष कुमार मिश्रा, बीडीओ सह सीओ विजय कुमार, उप प्रमुख अश्विनी मिश्रा, पुलिस प्रशासन की ओर से सुशांत कुमार, मेजर राज, प्रभारी थाना प्रभारी विकाश कुमार शर्मा, सब इंस्पेक्टर दिव्यप्रकाश, प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि राजु उरांव, डुमारो मुखिया सुनीता खलखो, समाजसेवी रोहित कुमार यादव के अलावे मुखदेव गोप, सुशील उरांव, रामविलास गोप, संजय गोप, लाला उरांव आदि मौजूद थे।

### क्रिकेट के टूनामेंट 10 जून से, ड्यूज गेंद से ट्रायल का आयोजन 18 मई से

**बरवाडीह/ महुआडांड।** लातेहार पुलिस सामुदायिक पुलिसिंग के तहत खेल की प्रतिभाओं को निखारने का काम करेगी। इसके तहत 10 जून से अंडर-19 क्रिकेट टूर्नामेंट की शुरुआत की जा रही है। इसमें प्रखंड स्तर की अंडर-19 की टीमें हिस्सा लेंगी। बरवाडीह थाना प्रभारी निवास सिंह ने बताया कि खिलाड़ियों के चयन को लेकर 18 मई को प्रदर्शनी मैच (ट्राइल मैच) का आयोजन सुबह 7 बजे से किया जाएगा। ट्रायल ड्यूज गेंद के माध्यम से देना होगा। महुआडांड थाना क्षेत्र से भी युवाओं को चयन करने की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। यह जानकारी थाना प्रभारी आशुतोष यादव ने दी है।



## NEWS इन ब्रीफ

### विद्यालय परिसर से तीन पेड़ कटवाने व भवन ध्वस्त करने पर डीसी ने लिया संज्ञान

**मयूरहंड(चतरा)।** मयूरहंड प्रखंड मुख्यालय स्थित स्वामी विवेकानंद प्लस टू विद्यालय परिसर स्थित तीन हरे पेड़ तथा विद्यालय भवन ध्वस्त करने से क्षुब्ध हुए उपायुक्त ने टीम गठित कर जांच करवाई। जानकारी अनुसार विद्यालय प्रशासन द्वारा लाखों रुपये की कबाड़ विद्यालय अवधि में तथा बंद अवधि में बेचने का वीडियो तथा फोटो क्लिप उपायुक्त को भेजा गया था। इस पर उपायुक्त ने संज्ञान लेते हुए टीम गठित की। उपरोक्त टीम में शामिल चतरा डीईओ दिनेश कुमार मिश्र, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी मंजू देवी ने भवन का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान विद्यालय परिसर से पेड़ की कटाई व भवन ध्वस्त देखा। विद्यालय के प्राचार्य राकेश कुमार सिंह से संबंधित आदेश या स्वीकृति पत्र की मांग की गई, तो किसी भी प्रकार का आदेश पत्र विद्यालय के प्राचार्य प्रस्तुत नही कर पाए। वहीं निरीक्षण के दौरान तीन माह से मध्याह्न भोजन में बच्चों की थाली से अंडा व फल गायब रहने की शिकायत मिली। वहीं एक शिक्षक बगैर सूचना के अनुपस्थित पाए गए। उन्होंने मध्याह्न भोजन संबंधी अभिलेख की जांच की तो अभिलेख संधारण नहीं पाया गया। डीईओ मिश्रा ने बताया कि विद्यालय में अनियमितता पाई गयी है जल्द ही उचित कार्रवाई की जाएगी।

### 34 नेत्र मोतियाबिंद का सफल ऑपरेशन


**लातेहार।** लाइफ लाइन एक्सप्रेस ट्रेन के तहत निःशुल्क स्वास्थ्य उपचार एवं सर्जरी शिविर में ओपीडी के साथ ही नेत्र मोतियाबिंद ऑपरेशन का सफल ऑपरेशन प्रारंभ हो गया है। आंख की जांच एवं मोतियाबिंद की सर्जरी 15 से 20 मई तक निर्धारित की गई है। मोतियाबिंद सर्जरी के लिए आंखों की जांच के साथ ही विशेषज्ञों की टीम द्वारा मोतियाबिंद से ग्रसित नेत्र मरीजों का ऑपरेशन किया किया जा रहा है। बुधवार को शिविर में चिकित्सकों के द्वारा 1134 व्यक्तियों की आंखों की जांच की गई। शाम 5 बजे तक 34 से अधिक नेत्र मोतियाबिंद का सफल ऑपरेशन किया गया।

## भीषण गर्मी में बाजार के पानी के भरोसे रहे शहर के लोग

# पेयजल आपूर्ति ठप, हाहाकार

**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**

लातेहार जिला मुख्यालय में बुधवार सुबह से ही पेयजल आपूर्ति सेवा ठप है। लोग नलों में पानी का इंतजार करते रहे लेकिन शहर में पेयजल सेवा बहाल नहीं हुई। पेयजल आपूर्ति सेवा बहाल नहीं होने के कारण शहर में पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है। जिले में कई घर ऐसे हैं जहां सरकारी नल के अलावा और कोई विकल्प नहीं है। ऐसे घरों में खाना बनाने से लेकर तमाम काम बाधित है। कई लोग बाजार से पानी का जार खरीदकर अपने घर का काम कर रहे हैं। वहीं पानी की समस्या को लेकर नगर पंचायत के कनीय अभियंता संदीप बेदिया ने बताया कि पंपू कल सप्लाई लाइन में बिजली सेवा बाधित होने के कारण शहर में पानी की सप्लाइ ठप है। बिजली सेवा को दुरुस्त करने का प्रयास किया जा रहा है। जल्द ही लोगों को पानी की समस्या से छुटकारा मिलेगा। यह पहली बार नहीं है जब शहर में पेयजल सेवा बाधित है। दिसंबर 2022 में भी सात दिनों तक शहर में पेयजल सेवा बाधित थी। गिजनियाटांड़ स्थित पंपू कल का ट्रांसफॉर्मर खराब होने के कारण एक सप्ताह पेयजल आपूर्ति सेवा बंद रही थी। सातवें दिन रांची से जेनरेटर मंगा कर शहर में पेयजल व्यवस्था बहाल की गयी थी।



## लातेहार में गर्मी का सितम जारी, लोग परेशान

**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**

जिले में लोग इन दिनों गर्मी से परेशान हैं। प्रचंड गर्मी की वजह से लोगों का घरों से बाहर निकलना मुश्किल है। वहीं 17 मई को जिला मुख्यालय का तापमान अपने चरम सीमा पर आंका गया। गर्मी की वजह से 10 से 11 बजे के बाद ही सड़कें खाली हो जा रही हैं। शहर की लाइफ लाइन मानी जाने वाली औरंगा नदी सूखने की कगार पर है। कुएं व चापाकलों का जलस्तर काफी नीचे चला गया है। गर्मी की वजह से जानवर भी परेशान हैं, मवेशियों को पानी के लिये दर-दर भटकते देखा जा रहा। नदियों में पानी कम होने की वजह से उनके सामने भी पानी की समस्या हो गयी है। वहीं जिले के बालूमाथ प्रखंड भी प्रचंड गर्मी की चपेट में है। साथ ही बिजली की आंख मिचौली से भी लोग परेशान हैं। बिजली नहीं होने की वजह से पंखे, एसी, कूलर



व फ्रीज शोपीस बन कर रह गये हैं। साथ ही बाजारों में ताजे फलों और सब्जियों की मांग भी बढ़ गयी है। बता दें कि बालूमाथ में सीसीएल की ओर से कोयले की आधा दर्जन खदानें संचालित की जा रही हैं। इसके अलावा कई पत्थर की खदानें भी संचालित होती है। जिले में तापमान की वृद्धि में ये भी एक अहम कारण माना जा रहा है।

# वर्षों से शिक्षकों की कमी से जूझ रहा है पांडेयपुरा हाई स्कूल

## यहां के बच्चे तैयारी के लिए निजी कोचिंग में पढ़ाई करने को मजबूर

**नवीन मेल संवाददाता। हंटरगंज(चतरा)**

हंटरगंज प्रखंड के पांडेयपुरा स्थित राज्य संपोषित उच्च विद्यालय 31 वर्षों से लगातार शिक्षकों की कमी से जूझ रहा है। शिक्षकों की कमी विद्यालय में नामांकित विद्यार्थियों के भविष्य निर्माण में बाधक सिद्ध हो रही है। ज्ञात हो की विद्यालय की स्थापना 1961 हुई और लगभग 30 वर्षों तक यहां सभी विषयों के शिक्षक कार्यरत थे। पर 1992 से लेकर अब तक यहा शिक्षकों की कमी लगातार देखने को मिल रही है। विद्यालय में नौवीं व दसवीं कक्षा में विद्यार्थियों की संख्या 704 है। पर इन विद्यार्थियों को पढ़ाने के लिए मात्र दो शिक्षकों की नियुक्ति है। जो अनुपात संबंधित विभाग की निष्क्रियता को साबित करने के लिए पर्याप्त है। विद्यालय के छात्र-छात्राओं से जब इस बाबत जानकारी ली गई तो सभी ने बताया कि यहां शिक्षकों की भरपूर कमी है। वहीं विद्यालय के प्रभारी जयंत कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि हाई स्कूल में 11 शिक्षक और प्लस 2 में 12 शिक्षक होने चाहिए। ऐसे में सवाल उठता है कि जब विद्यालय में शिक्षकों के इतने अधिक पद सृजित हैं तो अबतक पदस्थापन आखिर क्यों नहीं हुआ?




परीणामस्वरुप पांडेयपुरा हाई स्कूल के बच्चे तैयारी के लिए निजी कोचिंग में पढ़ाई करने को मजबूर हैं। ग्रामीणों से भी इस मामले में बात किये जाने पर उनकी बस एक ही मांग है की संबंधित विभाग जल्द से जल्द संज्ञान ले और यहां शिक्षकों की कमी जैसे गंभीर मामले का निपटारा करे।

# हादसे में युवक की मौत पर आक्रोश, रोड किया जाम

**नवीन मेल संवाददाता। चतरा/हंटरगंज**

जिले के हंटरगंज थाना क्षेत्र के डुमरी खुर्द गांव निवासी भुनेश्वर यादव के 24 वर्षीय पुत्र सुरेंद्र यादव की मौत सड़क दुर्घटना में हो गई। इससे आक्रोशित ग्रामीणों ने बुधवार को डुमरी खुर्द के पास एनएच 22 को जाम कर दिया। पुलिस प्रशासन द्वारा बड़ी मशक्कत के बाद अक्रोषित लोगों को समझाा बूझा कर जाम हटवाया गया।

एनएच 22 हंटरगंज डोभी मुख्य मार्ग स्थित नागर तेतरिया छेछी मंझार के समीप हाईवा की चपेट में आने से मंगलवार देर रात युवक की मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि युवक की मौत घटनास्थल पर ही हो गई थी और पुलिस ने बिना बताए शव को चतरा पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इससे आक्रोशित लोगों ने हिंटरगंज के डुमरी के पास एनएच 22 को दो घंटों तक जाम कर रखा। पुलिस इस्पेक्टर प्रमोद पांडेय व सीओ मिथिलेश कुमार ने उचित मुआवजा दिलाने का आश्वासन देकर जाम हटवाया। वहीं मृतक के परिजनों को चटनीया माईंस के हाईवा मालिक के द्वारा 50 हजार



रुपये दाह संस्कार के लिए आर्थिक सहयोग दिया गया, जबकि 50 हजार रुपये क्रिया कर्म के लिए दिये जाने की बात कही। बताया गया कि मृतक युवक मंगलवार शाम अपना ससुराल नावाडीह पनारी जाने के लिए निकला था। इसी दौरान नागर के समीप हाईवा ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। वहीं पुलिस पर हाईवा पर नियंत्रण रखने की मांग करने के साथ ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि बिना लाइसेंस एवं बिना उप चालक के हाईवा चलाया जाता है। ओवरलोडिंग तो आम बात हो गई है। हाईवा पर पत्थर इतना लोड रहता है कि डाला से भी एक फीट ऊंचाई दिखाई पड़ता है। जर्जर रोड पर हाईवा के हिचकोला मारने के बाद पत्थर के भी गिरने का भय बना रहता है।

### सहायक अध्यापक का निधन, आश्रितों को नौकरी की मांग

**बारियातु।** उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय गोनिया के सहायक अध्यापक (संप्रति पारा शिक्षक) रामखेलावन गंझु (42)की बीते मंगलवार की शाम को आकस्मिक निधन हो गया। इसकी खबर मिलते ही दर्जनों सहायक अध्यापकों नेपरिजनों से मुलाकात कर संभव मदद का आश्वासन दिया। अंतिम संस्कार बुधवार को किया गया, जिसमें दर्जनों सहायक अध्यापक व प्राथमिक शिक्षक संघ के शिक्षक शामिल हुए। सहायक अध्यापकों ने सरकार से आश्रितों को अनुकंपा के आधार पर नौकरी तथा अन्य सुविधाएं देने की मांग की है। मौके पर भीम प्रजापति, सुनील सिंह, राजेश यादव, अनिल सुमन, विनोद मिश्रा, राजेश गंजू आदि मौजूद रहे।

# ग्रामीणों की समस्याओं से अवगत हुए कांग्रेसी

**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा**

स्थानीय मुद्दों को लेकर कांग्रेस पार्टी का सुदूरवर्ती गांवों का दौरा जारी है। प्रखंड अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि असगर खान के नेतृत्व में टीम ने बुधवार को प्रखंड के डुमरो पंचायत के सुदूरवर्ती गांव बेलगड़ा का दौरा किया। उन्हें लोगों ने अपने गांव की समस्याओं से अवगत कराया। करीब 300 घर की आबादी वाले गांव में अभी तक आंगनबड़ी की सुविधा नहीं दी गई है, जिससे यहां के लोगों में स्थानीय जन प्रतिनिधि के साथ-साथ सरकार के खिलाफ भारी आक्रोश है। इस गांव में मूलभूत सुविधा नगण्य है। ग्रामीणों ने प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष को एक हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन सौंपा। इस कार्यक्रम में लातेहार जिला कांग्रेस के नेता साजन कुमार, संजय गोप, मधु देवी, ईश्वर टाना भगत, नीलम देवी, सीता देवी, सुनीता देवी, निर्मल मुंडा, विकास मुंडा, पार्वती देवी, विनोद मुंडा, संजय गोप, सिंपल, मुंडा, राजेश गोप, तुलसी गोप, रोहित मुंडा, फूलकुमारी देवी, मंजू देवी, रीना देवी, नरेश गांझू, लहसन गांझु, राजमुनी देवी, सुरेंद्र यादव, संदीप महतो, जेठु गंजू, विमला देवी, सहोलिया देवी, सोनी देवी, सोमा मुंडा, लखन मुंडा, सजना गोप, चौथा गोप, निरासो देवी समेत कई लोग शामिल थे।

## पहल | वन व वन्यजीव को बचाने के लिए जागरूकता अभियान

# ग्रामीण ले रहे वनों की रक्षा की शपथ

नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह

वन और वन्यप्राणियों के संरक्षण हेतु प्रखंड के छिपादोहर वन प्रशासन इन दिनों काफी सक्रिय हो गया है। जंगल और जंगली जानवरों को शिकारियों, लकड़ी माफियाओं तथा आग से बचाने के लिए वन विभाग जंगली क्षेत्र में निवास करने वाले लोगों को जागरूक करने में लगा है।

पीटीआर जंगल से सटे गांव में प्रतिदिन वनकर्मी जा के लोगों को जंगल बचाने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। वे ग्रामीणों को विभिन्न माध्यमों से यह समझाने का प्रयास कर रहे हैं कि पर्यावरण को संतुलित रखने के लिए वन बचाना कितना जरूरी है। वनकर्मी ग्रामीणों को शपथ दिलवा रहे हैं कि वे जंगल को आग से बचाएंगे, सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग नहीं करेंगे, जंगली जानवरो की सुरक्षा



करेंगे, वनों की सुरक्षा के करेंगे। इतना ही नहीं, जंगलों की सुरक्षा को लेकर वन विभाग द्वारा लगातार छापामारी अभियान चला कर जंगली क्षेत्र में सक्रिय वन माफियाओं को जेल भेजने का भी कार्य किया जा रहा है। पिछले 15 दिनों में छिपादोहर और बेतला वनक्षेत्र में सक्रिय आधा दर्जन लकड़ी माफिया को अवैध लकड़ी के साथ गिरफ्तार कर जेल भी भेजा जा चुका है। वहीं भारी मात्रा में अवैध लकड़ी और परिवहन में प्रयुक्त होने वाले बाइक और साइकिल को जब्त भी किया गया है। प्रखंड के पूर्वी वन क्षेत्र के वनपाल नंद कुमार मेहता ने कहा कि जंगल और जंगली जानवरों के संरक्षण और सुरक्षा के लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा है। पर्यावरण संतुलित रखने हेतु सरकार लाइफ नामक कार्यक्रम चला रही है। उसी के तहत छिपादोहर वनक्षेत्र में जगरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। वहीं माफियाओं के विरुद्ध भी कारवाई हो रही है जो आगे भी जारी रहेगी।

### नियमों का उल्लंघन करते पाये गए 20 वाहनों पर कार्रवाई

**चतरा/टंडवा।** उपायुक्त अबु इमरान के निदेर्शानुसार अवैध उत्खनन के विरूद्ध जिला स्तरीय खनन टॉस्क फोर्स द्वारा टंडवा और सीमारिया थाना क्षेत्र में वाहन चेकिंग अभियान विगत देर रात चलाया गया। ज्ञात हो कि उक्त क्षेत्रों में पिछले छह महीनों में कुल 18 लोगों ने सड़क दुर्घटना में प्राण गवाएं हैं। इन बढ़ती दुर्घटनाओं में कमी लाने हेतु प्रशासन प्रयासरत है और इसी के क्रम में वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया था, जिसमें कुल 20 वाहनों के कागजात को जब्त किया गया। जिला परिवहन पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि उपरोक्त नियमों की अवहेलना पर उक्त 20 वाहनों के कागजात जब्त किये गए थे तथा भविष्य में भी अभियान चलाकर उपरोक्त नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों और अवैध उत्खनन करने वाले वाहनों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने हेतु निर्देश प्राप्त है। अभियान में जिला परिवहन पदाधिकारी के साथ संबंधित थानों के पुलिस कर्मी आदि शामिल थे।

# जिप सदस्य की स्कार्पियो युवक को धक्के मार बिजली पोल से टकराई

**नवीन मेल संवाददाता। मनिका**

मनिका प्रखंड कार्यालय परिसर के नजदीक एफसीआई गोदाम के समीप प्रखंड के पश्चिमी जिला परिषद सदस्य बलवंत सिंह की तेज रफ्तार स्कार्पियो वाहन के धक्के से भदईबथान टोला के 17 वर्षीय युवक नितिश कुमार यादव गंभीर रूप से घायल हो गया। उसको सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां पर युवक की गंभीर स्थिति को देखते हुए लातेहार सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया।

वहीं घटना के संबंध आसपास के लोगों ने बताया कि बुधवार की सुबह एनएच 39 के किनारे युवक पंचफेड़ी चौक की ओर जा रहा था। इसी बीच एफसीआई गोदाम के मेन गेट के समीप डाल्टेनगंज की ओर से आ रही जिप सदस्य बलवंत सिंह की तेज रफ्तार स्कार्पियो ने युवक को धक्का मारते हुए बिजली के पोल से जा टकरायी व पोल



टूटकर स्कार्पियो पर ही जा गिरा। गनीमत रही कि बिजली के तार से स्कार्पियो में करंट नहीं दौड़ा। ग्रामीणों ने आनन-फानन में बिजली ग्रिड से बिजली कटवाई। मौके पर स्कॉर्पियो चला रहे मुरारी ठाकुर नामक व्यक्ति की भारी लापरवाही देखी गई। युवक को धक्का मारने के बाद उसे अस्पताल ले जाने के बजाय वह घटनास्थल से फरार हो गया। अगर वाहन पोल से नहीं टकराता तो ड्राइवर की लापरवाही से और भी कई व्यक्ति वाहन की चपेट में आ सकते थे।

## NEWS इन ब्रीफ

### कैरो के विभिन्न क्षेत्रों में वाहन जांच अभियान चला



**कैरो/लोहरदगा।** जिला पुलिस के निर्देशनुशर कुडू-चट्टी मुख्य पथ पर बुधवार को कैरो के विभिन्न क्षेत्रों में वाहन जांच अभियान चलाया गया। कैरो थाना क्षेत्र के एडादोन, गजनी मोड़, खंडा मोड़ आदि अलग अलग जगहों पर वाहनों की जाँच की गई।चेकिंग के दौरान दो पहिया,चार पहिया वाहनों की गहन जांच की गई।वाहन से संबंधित कागजात, हेलमेट व डिक्की आदि की भी जांच की गई। मौके पर पुलिस पदाधिकारियों ने वाहन चालकों से कहा कानून का पालन नहीं करने वाले चालकों से जुमार्ना वसूला जायेगा। अगर सड़क पर वाहन लेकर निकलना हैं तो यातायात नियमो का पालन करना ही होगा। नियम का उलंघन करने वाले चालकों पर जुमार्ना तय हैं। मौके पर एएसआई वर्मा उरांव के साथ थाना के दलबल मौजूद थे।

### जेजेएमपी नक्सली के घर पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार



**चैनपुर (गुमला)।** चैनपुर पुलिस ने प्रतिबंधित नक्सली संगठन जेजेएमपी के सदस्य, पलामू जिले के रामगढ़ थाना अंतर्गत नावां गांव निवासी रविंद्र यादव पिता चंद्रदेव यादव उर्फ चंद्रदेव महतो के घर में ग्रामीणों की उपस्थिति में ढोल नगाड़ा बजाकर इश्तेहार चिपकाया। इसी के साथ रविंद्र यादव के परिजनों से उसे पुलिस और कोर्ट के समक्ष एक महीने के अंदर सरेंडर करने की अपील की है। वहीं ग्रामीणों से पुलिस ने अपील करते हुए कहा कि आप सभी उसे जागरूक करते हुए सरेंडर करने के लिए कहा।

### कृषि एवं वनोपज के सतत विकास के लिए सात प्रस्ताव स्वीकृत

**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ. वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में कृषि एवं वनोपज के सतत विकास के लिए जिला संघ के माध्यम से बिजनेस प्लान से संबंधित प्रस्ताव एवं विजन प्लान तैयार कर राज्य संघ को प्रेषित करने हेतु बैठक आयोजित हुई। बैठक में कुल सात प्रस्तावों पर विचार किया गया और सभी पर सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गई। इसमें बिजनेस प्लस और विजन प्लान समेत अन्य बिंदु शामिल थे। बैठक में वन प्रमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल, जिला सहाकारिता पदाधिकारी एबी क्रांति, जिला पंचायती राज पदाधिकारी, कृषि विभाग, उद्योग विभाग, लैम्पस के संचालक आदि उपस्थित थे।

## लोहरदगा जिले की 40वीं वर्षगांठ पर विभिन्न क्षेत्रों में बेहतर कार्य करने वालों को किया गया सम्मानित

# जंगल, जमीन, नदी को बचाना हमारी जिम्मेवारी : मंत्री

### पद्मश्री मुकुंदलाल नायक और मधु मंसूरी हंसमुख ने दी प्रस्तुति





**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा।** लोहरदगा जिले की 40वीं वर्षगांठ बुधवार को ललित नारायण स्टेडियम में मनायी गयी। इस मौके पर स्टार्टअप मेला-सह-सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत वित्त विभाग, योजना एवं विकास विभाग, खाद्य, उपभोक्ता मामले एवं सार्वजनिक मामले के मंत्री डॉ. रामेश्वर उरांव ने की। इस मौके पर मुख्य मंच पर पद्मश्री मुकुंद लाल नायक, मधु मंसूरी हंसमुख, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजेंद्र बहादुर पाल, उपायुक्त डॉ. वाघमारे प्रसाद कृष्ण, पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार, जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी, सांसद प्रतिनिधि अशोक यादव, सांसद प्रतिनिधि चंद्रशेखर अग्रवाल, बिशुनपुर विधायक प्रतिनिधि सुखदेव उरांव, विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल, सुखैर भगत, युवा नेता रोहित उरांव समेत अन्य गणमान्य उपस्थित थे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में मंत्री रामेश्वर उरांव ने कहा कि लोहरदगा जिले में प्राकृतिक संपदा भरपूर है। यहां नदियां हैं, हरे भरे जंगल हैं, लेकिन अब मौसम में काफी बदलाव आया है। मानसून अब देर से आता है। पर्यावरण बिगड़ रहा है। नदी, जंगल, जमीन को बचाना हम सभी की जिम्मेवारी है तभी पर्यावरण में सुधार आएगा। वर्ष 1901 में लोहरदगा जिला को रांची सदर ले जाया गया, तब से रांची जिला हो गया। वर्ष 1972 में सब-डिवीजन बनाया गया और 1983 में रांची और लोहरदगा जिला अलग-अलग हो गया। लोहरदगा जिला बनाने और लोहरदगा जिला में बड़ी रेल लाइन बिछाने में स्व. शिपप्रसाद साहू की महत्वपूर्ण पहल रही। जब मैं पुलिस सेवा में रहा तो यहां पदस्थापित रहा। जोनल डीआईजी रहते हुए भी इस जिले में आना-जाना रहा। राजनीति में आने के बाद पार्टी के निर्देश पर लोहरदगा से चुनाव लड़ा और यही मेला कर्मक्षेत्र रहा। लोहरदगा जिला का एक व्यवसायिक और ऐतिहासिक महत्व है। ईस्ट इंडिया कंपनी और ब्रिटिश इंडिया के समय यह प्रमुख केंद्र रहा। शेरघाटी, चतरा, लोहरदगा, जशपुर औ रायपुर उस समय महत्वपूर्ण केंद्र हुआ करते थे। यहां वर्ष 1983 के समय जनजातीय समूहों को महत्वपूर्ण निवास स्थल हुआ करता था, लेकिन बाद में स्थितियों में सुधार आता गया। लोहरदगा जिला बनने के बाद यहां पांच प्रखंड बने, बाद में कैरो और पेशरार प्रखंड बना। आज जिले में स्टेडियम हैं, खेल के क्षेत्र में प्रतिभाएं निखर कर बाहर आ रही हैं। आज बिजली की सुविधा है, सड़कें अच्छी बन गई हैं, पावर सब-स्टेशन का निर्माण हुआ है। इसके साथ ही मंत्री ने लोहरदगा जिले के अच्छे भविष्य की कामना की।

### लोहरदगा जिला वीरों की भूमि : डॉ. वाघमारे प्रसाद

उपायुक्त डॉ. वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने कहा कि लोहरदगा वीरों की भूमि रही है। शहीद पांडेय गणपत राय यहां जन्में और स्वतंत्रता की लड़ाई लड़ी, शहीद हुए। बाबू वीर कुंवर सिंह की बहन लोहरदगा जिले में ब्याही गयीं। यहां के युवाओं के पास उर्जा है, प्रतिभा है। यहां के युवा राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर जिले को पहचान दिला रहे हैं। प्रकृति की ओर से लोहरदगा जिले को असीम सुंदरता मिली है।

### आने वाले 10 वर्षों में और बेहतर होगा लोहरदगा : राजेंद्र बहादुर पाल

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजेंद्र बहादुर पाल ने कहा कि आने वाले 10 वर्षों में लोहरदगा जिला और बेहतर होगा यही कामना है। हम सभी को पर्यावरण की रक्षा के लिए व्यक्तिगत व सामूहिक प्रयास करना होगा। यहां की खूबसूरती बनी रहे इसके लिए हमें आगे आना होगा। यहां के युवाओं में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है, बस भटकाव से बचने की जरूरत है। नैतिक व शारीरिक पतन से बचना होगा। जिले के विकास की गति को अक्षुण्ण बनाये रखने के लिए सामूहिक प्रयास करना होगा।

### विजेता व उप विजेता टीमों को किया गया पुरस्कृत

14 मई से आयोजित हो रहे विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं, क्रिकेट, फुटबॉल, कुश्ती, बैडमिंटन और एथलेटिक्स के विजेताओं व उप विजेताओं (टीम व एक प्रतियोगिता) को मुख्य मंच से पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण पद्मश्री मुकुंद लाल नायक और मधु मंसूरी हंसमुख द्वारा दी गई प्रस्तुति रही, जिसका लोगों व अतिथियों ने भरपूर आनंद लिया। जिला प्रशासन की ओर से दोनों कलाकारों का सम्मान भी किया गया। मेले में कुल 26 स्टॉल लगाये गये थे, जिनमें नगर परिषद के चार, जेएसएलपीएस के तीन, हिंडाल्को का एक और अन्य शिक्षा विभाग के थे। उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा मेला का निरीक्षण भी किया गया। आज के कार्यक्रम में सभी जिला परिषद सदस्य, सभी प्रखंड प्रमुख व अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

### बेहतर कार्य करने वाली महिलाओं को मिला सम्मान

लोहरदगा जिले में अपने-अपने क्षेत्र में बेहतर कार्य करने वाली महिलाओं को जिला प्रशासन की ओर से अंगवस्त्र, स्मृति चिह्न व पौधा देकर सम्मानित किया गया। इसमें शिक्षा के क्षेत्र में प्लस टू राजकीयकृत कस्तूरबा उच्च विद्यालय की प्रभारी प्राचार्य रश्मि तिर्की, एकलव्य आवासीय मॉडल उच्च विद्यालय कुजरा की प्राचार्या अमृता मिश्रा, सहायक अध्यापिका रूबी एक्का उत्क्रमिक प्राथमिक विद्यालय कुटमू, चिकित्सा के क्षेत्र में डॉ दीप्ति माल्विका कुजूर, जीएनएम सबीता कुजूर, समाजसेवा के क्षेत्र में होप संस्था की मनोरमा एक्का, पत्रकारिता के क्षेत्र में नूतन कच्छप को अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया।

# रानी टोंगरी से फिसल कर गिरने पर युवक की मौत

**नवीन मेल संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा।** सेन्हा थाना क्षेत्र के उगरा पंचायत अंतर्गत कोराम्बे रानी टोंगरी से पैर फिसलने के कारण एक युवक नीचे गिर गया, जिससे उसका बांया पैर टूट गया और गंभीर अंदरूनी चोट लगने के कारण उसकी मौत घटना स्थल पर हो गई। मृतक की पहचान इचरी टेंगरिया निवासी स्व. रामचंद्र उरांव के 20 वर्षीय पुत्र विरेंद्र उरांव के रूप में की गई। बताया जाता है कि गांव में शादी समारोह था। गांव में तेतर टोली से आया शराती लोगों के स्वागत के पश्चात विरेंद्र उरांव शराब के नशे में देर शाम रानी टोंगरी की ओर घूमने गया था। कुछ ही समय के बाद उसके गिरने की सूचना ग्रामीणों को मिली। वहीं घटना की सूचना सेन्हा थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान को मिलते ही उनके निर्देश पर स0आ0नि0 जमशेद खान शस्त्र बल के साथ मृतक का घर पहुंच शव को कब्जे में लेते हुए घटना स्थल का निरीक्षण कर जायजा लिया। वहीं शव को पोस्टमार्टम के उपरांत परिजनों को अंतिम संस्कार के लिए सौप दिया गया। घटित घटना के संदर्भ में थाना प्रभारी ने बताया कि ग्रामीणों का कहने के अनुसार युवक की मौत कारण टोंगरी से गिरने का प्रतीत हो रहा है। फिलहाल पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है।

# बाल विवाह पर लोगों को जागरूक करें पंचायत सचिव : बीडीओ



**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड कार्यालय में प्रखंड विकास पदाधिकारी की अध्यक्षता में बाल विवाह पर रोक को लेकर प्रखंड स्तरीय कमेटी की बैठक बुधवार को हुई। इसमें बीडीओ अशोक कुमार चोपड़ा ने कहा कि प्रखंड क्षेत्र में बाल विवाह पर रोक के लिए गांव, टोला और मुहल्ला में जागरूकता अभियान चलायें और लोगों को बताएं कि लड़की 18 वर्ष से कम उम्र की हो और लड़का 21 वर्ष से कम उम्र का हो तो दोनों ऐसी स्थिति में बाल विवाह की श्रेणी में आएगा और यह कानून के तहत गैर जमानती अपराध है। इस विवाह में कोई व्यक्ति शामिल होता है तो वह भी अपराध की श्रेणी में आयेगा और उस पर भी कानूनी कार्रवाई की जायेगी। जब तक बच्चे बालिग ना हो तब तक उनका विवाह नहीं करें। बाल विवाह में सबसे पहले लड़का के माता-पिता को गिरफ्तार किया जाएगा। उसके बाद लड़की के माता-पिता की गिरफ्तारी की जाएगी। साथ ही उस उत्सव में अगर कोई भी व्यक्ति खाने पीने, बाजा या विवाह कराने में किसी तरह से शामिल होता है तो वह भी बाल विवाह अपराध में साथ देने की श्रेणी में आएगा और उसके ऊपर भी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। बीडीओ ने निर्देश देते हुए कहा कि इसको लेकर आप सभी विद्यालय में शिक्षक एवं प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी विद्यालय में इस विषय पर जागरूकता अभियान चलाएं। पंचायत सचिव व आंगनबाड़ी सेविकाएं गांव-गांव में लोगों को जागरूक करें ताकि जिसे बाल विवाह जैसा अपराध पर रोक लग सके। मौके पर बीडीओ अशोक कुमार चोपड़ा, सीओ विजय कुमार, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी रामकरण द्विवेदी, महिपाल उराँव, अंगनी बेक सहित सभी प्रखंड व अंचल कर्मी उपस्थित थे।

# पुस्तकालय की महत्ता विषयक विचार गोष्ठी का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**घाघरा।** पुस्तकालय की महत्ता विषयक विचार गोष्ठी का आयोजन चिल्ड्रेन एकेडमी स्कूल रनहे घाघरा में बुधवार को किया गया। गोष्ठी में सीओ प्रणव ऋतुराज ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों के लिए प्रखंड मुख्यालय स्थित महात्मा गांधी पुस्तकायल वरदान साबित होगा। उन्होंने कहा कि विद्या अर्जन से बड़ा और कोई विकास का मापदंड नहीं है। हम सबों के सामूहिक प्रयास से ही बच्चों का सपना पूरा होगा। महात्मा गांधी पुस्तकालय के सचिव अनिरुद्ध चौबे ने कहा कि घाघरा में विद्यार्थियों के भविष्य के लिए उपायुक्त सुशांत गौरव एवं अपर समाहर्ता सुधीर गुप्ता ने सरकारी सहयोग से पुस्तकालय को समर्पित कर हम सभी को गुणात्मक शिक्षा और प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के लिए एक सौगात दी है। इसका लाभ उठाने से विद्यार्थियों को नहीं चूकना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को पुस्तकायल में नामांकन कराने और प्रबंधन को ज्ञान दान देने की बात कही। चिल्ड्रेन अकाडेमी के निदेशक बिजय साहू ने विद्यालय प्रबंधन की ओर से पुस्तकालय को दो कम्प्यूटर सेट दान करने की बात कही। इस अवसर पर चैत टोप्पो, रश्मि टोप्पो, मिना देवी, मोहमद नजुमुदिन अंसारी, प्रवीण कुमार, राहुल नाग, पूजा सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# 40वें0 वैचारिक क्रांति शिविर में भाग लेने 50 सदस्यीय दल दिल्ली रवाना



**लोहरदगा।** अखिल भारतीय दयानंद सेवाश्रम संघ के तत्वावधान में 40वें वैचारिक क्रांति शिविर, जो 19 मई से 28 मई तक आर्य समाज मंदिर, रानी बाग दिल्ली में आयोजन होगा, में झारखंड से 50 प्रशिक्षु भाग लेने के लिए रवाना हुए हैं। टीम का नेतृत्व गुरुकुल शांति आश्रम के संचालक एवं आर्य वीर दल झारखंड प्रदेश के प्रांत प्रभारी आचार्य शरचचंद्र आर्य कर रहे हैं। शिविर में चतरा, लोहरदगा एवं लातेहार के प्रतिनिधि भाग लेंगे। जहां बच्चों को आगामी 10 दिनों के शिविर में भारतीय संस्कृति, राष्ट्रीय प्रेम एवं चरित्र निर्माण की भावना जागृत करने हेतु अपनी संस्कृति और गौरव की रक्षा आदि विभिन्न कार्यक्रम के माध्यम से संस्कार एवं संस्कृति व चरित्र निर्माण बौद्धिक कार्यक्रम के माध्यम से प्रशिक्षित किया जाएगा।

# शिक्षिका आसफा खातून को सेवानिवृत्ति से पूर्व दी गई विदाई

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** राजकीय उत्क्रमित उर्दू मध्य विद्यालय लोहरदगा की शिक्षिका आसफा खातून का ग्रीष्मावकाश के आरंभ में अंतिम कार्य दिवस रहा। इनकी सेवानिवृत्त मई माह में होनी है। बुधवार को अंतिम कार्य दिवस के मौके पर इनको पूरे सेवाकाल बेदाग गुजारने पर सभी से बधाई दी गई और सेवानिवृत्त के बाद स्वस्थ जीवन की दुआ की। मौके पर प्रभारी मुमताज अहमद ने कहा कि आज बड़ी तेजी से अच्छे शिक्षक रिटायर होते जा रहे हैं। सरकारी विद्यालयों में पुनः लोगों का बच्चों को पढ़ाने का रुझान बढ़ा है। शिक्षक शिक्षा में नए प्रयोग की बाधा को पार करते हुए बच्चों का सर्वांगीण विकास में लगे हुए हैं। नए शिक्षक की बहाली दुर्भाग्य से समय पर नहीं हो पा रही है। ऐसे मौके पर आसफ मैडम का इस माह में रिटायर होना एक बढ़ी गैप है, जिसे निकट भविष्य में पूरा करना मुश्किल है। इनकी भावी जिंदगी के लिए दुआ करता हूं। आसफ ने कहा कि आज बच्चों से विदा लेना बहुत कठिन है। यहां हमें बेहतर काम करने की पूरी आजादी थी। इसी का नतीजा है कि बच्चे यहां से नवोदय विद्यालय से लेकर अन्य स्कूलों में जा कर अच्छा कर रहे हैं। मौके पर शिक्षक मुश्ताक अंसारी, नौशाद अंसारी, ओबैद भाई, संयोजिका सुफया खातून, नुजहत खातून, रवीना खातून, विद्यालय के सभी बच्चे मौजूद थे।

### भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री का लोहरदगा आगमन, स्वागत

**लोहरदगा।** भारतीय जनता पार्टी झारखंड प्रदेश के प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह के लोहरदगा आगमन पर भाजपा जिला अध्यक्ष मनीर उरांव, पूर्व जिला अध्यक्ष ब्रज बिहारी प्रसाद, राजकिशोर महतो, जिला उपाध्यक्ष हर्षनाथ महतो, नवीन कुमार टिंकु, सूरज मोहन साहू, राजकुमार वर्मा, बालकृष्णा सिंह, सजल कुमार ने स्वागत किया। वहीं जिला अध्यक्ष मनीर उरांव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी लोहरदगा जिला कार्यसमिति की बैठक 18 मई गुरुवार को लोहरदगा बक्सी डीपा स्थित भाजपा जिला कार्यालय में 11 बजे पूर्वाह्न से आयोजित की गई है। इस निमित्त पार्टी के जिला कार्यसंमिति बैठक में अपेक्षित कार्यकर्ताओं एवं वरिष्ठ नेताओं को सूचना दे दी गई है। बैठक मं जिला संगठन प्रभारी के अलावा प्रदेश भाजपा संगठन के नेतृत्व कर्ता भी उपस्थित रहेंगे।

## संकट शिकायत के बाद भी विभाग ने नहीं ली सुध, पानी के लिए परेशान ग्रामीण

# हैंडपंप बेकार, एक नलजल के सहारे 250 परिवार



**कुलदीप कच्छप। भंडरा / लोहरदगा**

झुलसा देने वाली गर्मी के बीच प्रखंड के गडरपो पंचायत अंतर्गत ग्राम पलमी में सैकड़ों ग्रामीण पानी की समस्या से जूझ रहे हैं। यह समस्या पिछले एक साल से बनी हुई है। पंचायत के सबसे अधिक आबादी वाले आदिवासी बहुल पंचायत के पलमी में आदिवासी, महली और मुस्लिम समाज के 250 परिवारों एक सोलर नलजल योजना के सहारे अपना काम चला रहे हैं। यहां पीएचई विभाग द्वारा तीन हैंडपंप बोर कराए गए हैं, लेकिन ये सभी चट्टान के कारण सफल नहीं हो सके। अधिक घनत्व और पानी की समस्या को लेकर पंचायत स्तर पर सौर ऊर्जा से संचालित नलजल योजना स्थापित की गई थी। इसके भरोसे सैकड़ों परिवार अपनी प्यास बुझा रहे हैं। पीएचई विभाग द्वारा सालभर से अधिक समय से खराब हैंडपंपों की मरम्मत नहीं कराई गई है। विभाग का कहना है कि बजट के माध्यम से मेंटनेंस कराया जाता है, जो अबतक नहीं आया है। वार्ड सदस्य लगन देवी का कहना है कि पूर्व में हैडपंप में आई खराबी को लेकर शिकायत दर्ज कराई गई थी। इसके बाद भी विभाग द्वारा इसकी मरम्मत नहीं कराई जा रही है। इसके कारण आमजनों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों की इस बस्ती में महिलाओं व बच्चों को सुबह होते ही पानी के लिए मशक्कत करनी पड़ती है। एक तरफ तो लोग गर्मी से बचने के लिए परेशान हैं, वहीं दूसरी तरफ ना चाहते हुए भी पानी के लिए लोगों की भीड़ सोलर जलापूर्ति पर लग जाती है। यहां रोजाना एक सोलर जलापूर्ति पर सुबह से शाम तक सैकड़ों परिवार पानी भरने आते हैं। सुबह और शाम लोगों को कई घंटे तक लंबे इंतजार के बाद पानी मिल पाता है।

### गर्मी में टूट जाता है हैंडपंपों का दम

ग्रामीण बताते है कि गांव में तीन हैंडपंप हैं। सभी हैंडपंप से पानी नहीं निकलता है। ग्रामीणों ने बताया कि सोलर जलापूर्ति खराब हो जाने पर दो किलोमीटर दूर से पेयजल लाना पड़ेगा। ग्रामीणों ने प्रशासन से पेयजल की समस्या को दूर कराने की मांग की है। इधर पंचायत के मुखिया सुमित उरांव ने बताया की पलमी गांव में पेयजल समस्या के समाधान के लिए पंचायत प्रशासन पूरी तत्परता से लगी हुई है। तीन बार डिप बोरिंग कराई गई पर सफल नहीं हो सकी। जल नल योजना को पंचायत में सर्व प्रथम पलमी से शुरू करने की रूप रेखा तैयार की गई है। इससे पेयजल समस्या दूर हो जाएगी।

# सभी सीएचसी में एक्स-रे तकनीशियन की होगी व्यवस्था

## उपायुक्त डॉ. वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अगुवाई में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक



**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ. वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आयोजित हुई। जिले में 17 स्थानों पर स्वास्थ्य उपकेंद्र निर्माण के संबंध में सदर प्रखंड, सेन्हा, भंडरा और कुडू प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि कुल 6 एचएससी निर्माण कार्य में डुप्लीकेसी पायी गई है। इस संबंध में उपायुक्त द्वारा तत्काल छह सीएससी में कार्य रोकने का निर्देश दिया गया। साथ ही, उप विकास आयुक्त की अध्यक्षता में जांच टीम का गठन किया गया जिसमें जिला यक्ष्मा पदाधिकारी और कार्यपालक दंडाधिकारी पूजा कुमारी रहेंगी। समिति द्वारा जांच रिपोर्ट उपायुक्त के समक्ष समर्पित किये जाने का निर्देश दिया गया। साथ ही, उन स्थानों के बदले अन्य छह स्थानों पर प्रस्ताव समर्पित किये जाने का भी निर्देश दिया गया। उपायुक्त द्वारा निर्देश दिया गया कि आयुष्मान भारत अंतर्गत प्राप्त फंड से सदर अस्पताल स्थित पीएसए प्लांट में एक तकनीकी सहायक और सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में एक एक्स-रे तकनीशियन की व्यवस्था करने का निर्देश सिविल सर्जन, लोहरदगा को दिया गया। बैठक में संस्थागत प्रसव, नेशनल डिवार्मिंग डे, एनीमिया मुक्ति संबंधित बिंदुओं की समीक्षा की गई। बैठक में सिविल सर्जन डॉ. संजय कुमार सुबोध, डीपीएम, एपीडेमियोलॉजिस्ट, पिरामल स्वास्थ्य के जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी समेत अन्य उपस्थित थे।

# अडाणी-हिंडनबर्ग मामले में सेबी को मिला 3 महीने का टाइम

**एजेंसी। नई दिल्ली**
सुप्रीम कोर्ट ने आज यानी बुधवार को अडाणी-हिंडेनबर्ग मामले की जांच के लिए मार्केट रेगुलेटर सेबी को 3 महीने का अतिरिक्त समय दे दिया। अब सेबी को अपनी रिपोर्ट 14 अगस्त तक सौंपनी होगी। 2 मार्च को कोर्ट ने इस मामले में एक कमेटी बनाई थी और सेबी को भी जांच के लिए 2 महीने का समय दिया था। यानी उसे 2 मई तक अपनी रिपोर्ट सौंपनी थी। सेबी की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल ऑफ इंडिया तुषार मेहता ने सुनवाई के दौरान जांच के लिए 6 महीने की मोहलत मांगी। हालांकि, बेंच ने 6 महीने का समय देने से इनकार कर दिया। बेंच ने कहा कि वह ₹अनिश्चित विस्तार₹ नहीं दे सकती। हमने 2 महीने का समय दिया था और अब इसे अगस्त तक बढ़ा दिया है। यानी सेबी को कुल 5 महीने का समय मिल चुका है। उधर इंडिपेंडेंट कमेटी की सौंपी गई जांच रिपोर्ट पर कोर्ट ने कहा कि उसे इस रिपोर्ट के विश्लेषण के लिए समय चाहिए। कमेटी की रिपोर्ट पक्षकारों को भी दी जाएगी। इस रिपोर्ट पर अगली सुनवाई 11 जुलाई को होगी। उखक डॉ. धनंजय यशवंत चंद्रचूड़, जस्टिस पी एस नरसिम्हा और जे बी पारदीवाला की बेंच ने इस पर सुनवाई की। इससे पहले 15 मई को सुप्रीम कोर्ट ने सेबी की समय बढ़ाने की मांग वाली इस याचिका पर सुनवाई स्थगित कर दी थी। वहीं 12 मई को सुनवाई के दौरान एडवोकेट प्रशांत भूषण ने सेबी की इस याचिका का विरोध करते हुए कहा था कि मार्केट रेगुलेटर 2016 से एक अन्य मामले में अडाणी ग्रुप की कंपनियों की जांच कर रहा है। ऐसे में सेबी को और समय देना सही नहीं है। इस दलील के बाद 15 मई को सेबी ने कोर्ट में एक



एफिडेविट दायर किया था। इसमें बताया गया था कि अडाणी ग्रुप की कंपनियों की 2016 से जांच किए जाने के दावे फैक्चुअली बेसलेस है। सेबी ने बताया कि पहले जो जांच की गई थी वो 51 भारतीय कंपनियों की ग्लोबल डिपॉजिटरी रिसीट्स से जुड़ा था। इनमें अडाणी ग्रुप की कोई भी लिस्टेड कंपनी शामिल नहीं थी।

# सोना और चांदी के दामों में गिरावट

**एजेंसी। नई दिल्ली**
आज यानी बुधवार (17 मई) को सर्राफा बाजार में सोने-चांदी की कीमतों में गिरावट देखने को मिली है। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन की वेबसाइट के मुताबिक, आज सरार्फा बाजार में 24 कैरेट सोने का दाम 448 रुपए गिरकर 60,618 रुपए प्रति 10 ग्राम पर आ गया है। वहीं 22 कैरेट सोने की कीमत 55,526 रुपए हो गई है। आइबीजेए की वेबसाइट के अनुसार आज चांदी की कीमत में आज मामूली गिरावट देखने को मिली है। ये 191 रुपए सस्ती होकर 71,739 रुपए प्रति किलोग्राम पर आ गई है। इससे पहले ये 71,930



रुपए पर थी। कमोडिटी बाजार के जानकारों के मुताबिक, अमेरिकी डॉलर की कीमतों में तेजी के कारण आज सोने की कीमतों में गिरावट आ रही है, क्योंकि डॉलर इंडेक्स 102 के स्तर पर पहुंच गया है। डॉलर इंडेक्स का मजबूत होना सोने पर दबाव डाल रहा है। आइआइएफएल सिक्योरिटीज के वाइस प्रेसिडेंट अनुज गुप्ता कहते हैं कि शेयर बाजार में जारी उतार-चढ़ाव के कारण सोने को सपोर्ट मिल रहा है। इसके चलते इस साल के आखिर तक सोना 65 हजार रुपए प्रति 10 ग्राम तक जा सकता है।

# शेयर बाजार में गिरावट

**एजेंसी। मुंबई**
आज यानी बुधवार (17 मई) को शेयर बाजार में गिरावट देखने को मिली है। सेंसेक्स 371 अंकों की गिरावट के साथ 61,560 के स्तर पर बंद हुआ। कल ये इतने पर ही बंद हुआ था। निफ्टी 104 अंक फिसलकर 18,181 पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 23 में गिरावट और सिर्फ 7 में तेजी देखने को मिली है। रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 13 पैसे कमजोर होकर 82.28 रुपए पर बंद हुआ। बाजार बंद होने तक ऑटो और ऋढउऋ मामूली मजबूती के साथ बंद हुए। मीडिया 2.09% और रियल्टी 1.33% सबसे ज्यादा टूटे। क्ळ 0.97% टूटा है। एनर्जी, बैंकिंग और फार्मा शेयरों में भी गिरावट रही। डॉलर इंडेक्स में रिबाउंड से कमोडिटीज पर दबाव दिख रहा है। कच्चा तेल 0.5% से ज्यादा फिसल है। ब्रेंट क्रूड फिलहाल 75 डॉलर प्रति बैरल के आसपास कारोबार कर रहा है। वहीं हळक 71 डालर प्रति बैरल के आसपास कारोबार कर रहा है। टेलीकॉम कंपनी भारती एयरटेल ने मंगलवार को अपने



द4एफवाइ23 यानी चौथी तिमाही (जनवरी-मार्च) के रिजल्ट्स अनाउंस किए। मार्च तिमाही में कंपनी का कंसोलिडेटेड नेट प्रॉफिट 50% बढ़कर 3,006 करोड़ रुपए हो गया है। पिछले साल की समान तिमाही में कंपनी को 2,008 करोड़ रुपए का प्रॉफिट हुआ था। मार्च तिमाही में ऑपरेशन से एयरटेल का रेवेन्यू 36,009 करोड़ रुपए रहा, जो एक साल पहले की समान तिमाही के 31,500 करोड़ रुपए से 14% ज्यादा है। इससे पहले मंगलवार यानी 16 मई शेयर बाजार में गिरावट देखने को मिली थी।

## मेटा ने 'मेंबर्स-ऑनली वल्ड्र्स' का शुरू किया बीटा टेस्ट

**सैन फ्रांसिस्को।** मेटा (पूर्व में फेसबुक) ने घोषणा की है कि उसने अपने सोशल वर्चुअल रियलिटी (वीआर) प्लेटफॉर्म 'होराइजन वर्ल्डस' में 'मेंबर्स-ऑनली वल्ड्र्स' का विस्तारित बीटा टेस्ट शुरू किया है। 'मेंबर्स-ऑनली वल्ड्र्स' क्रिएटर्स को एक ऐसी जगह बनाने और विकसित करने की अनुमति देती है जहां लोगों का एक समुदाय एक क्यूरेटेड एक्सपीरियंस का आनंद लेने के लिए एक साथ आ सकता है। मेटा ने मंगलवार को एक ब्लॉगपोस्ट में कहा, बीटा टेस्ट तक पहुंच रखने वाले लोगों के पास अब 'विजिबल मेंबर्स-ऑनली वर्ल्डस' बनाने की क्षमता होगी और मेटा होराइजन वर्ल्ड तक एक्सेस रखने वाला कोई भी व्यक्ति 'मेंबर्स-ऑनली वल्ड्र्स' में शामिल होने के लिए सर्च और रिक्वेस्ट करने में सक्षम होगा, जिससे लोगों को अपने समुदायों को विकसित करने, दुनिया में नए लोगों को खोजने और बनाने में मदद मिल सके। कंपनी ने कहा कि क्रिएटर्स हाथ से चुने गए सदस्यों द्वारा विशेष और विशिष्ट रूप से तैयार किए गए अनुभव प्रदान कर सकते हैं। क्रिएटर वीआईपी सपोटर्स को एक्सक्लूसिव एक्सेस दे पाएंगे।

# मनी ट्रांसफर सर्विस जेप्ज 420 कर्मचारियों की करेगा छंटनी




**एजेंसी। नई दिल्ली**
फिनटेक यूनिकॉर्न जेप्ज 26 प्रतिशत यानी 420 कर्मचारियों की छंटनी कर रहा है और प्रभावित लोगों को सूचित करना शुरू कर दिया है। सीएनबीसी के मुताबिक, लंदन बेस्ड मनी ट्रांसफर सर्विस प्रोवाइडर, जो वेस्टर्न यूनियन प्रतिद्वंद्वी है, में छंटनी मुख्य रूप से जेप्ज के कस्टमर केयर और इंजीनियरिंग टीमों को प्रभावित करेगी। जेप्ज ने कहा कि यह वर्ल्डरेमिट के साथ सेंडवेव के संयोजन के बाद डुप्लिकेट की गई भूमिकाओं को ध्यान में रखते हुए वर्कफोर्स ऑप्टीमाइजेशन को लागू किया जा रहा है। जेप्ज और सेंडवेव का इस्तेमाल 150 देशों में 11 मिलियन से अधिक यूजर्स द्वारा किया जा रहा है। प्रभावित कर्मचारियों को काउंसलिंग, कोचिंग, करियर और सीवी डेवलपमेंट और जॉब एप्लीकेशन के जरिए मदद की पेशकश की जाएगी। जेप्ज के सीईओ मार्क लेनहार्ड ने कहा, यह फैसले दो विशाल, सेगमेंटिड टीमों से जेप्ज के तहत एक गतिशील संगठन में परिवर्तन करने और एक पोर्टफोलियो बिजनेस के रूप में हमारी लॉन्ग टर्म रणनीतिक दिशा की महत्वाकांक्षी नींव रखने के लिए एक महत्वपूर्ण और आवश्यक कदम के रूप में चिन्हित है। उन्होंने कहा, वैश्विक आर्थिक परिस्थितियों के बावजूद प्रेषण उद्योग ने मजबूत वृद्धि बनाए रखी है, और हमने देखा है कि यह दर्शक दुनिया भर में लागत बढ़ने के कारण अपने प्रियजनों का समर्थन सुनिश्चित करने के लिए बड़े उपाय करते हैं। जेप्ज ने हेज फंड फैरालोन कैपिटल के नेतृत्व में निवेशकों से 292 मिलियन डॉलर के नए फंडिंग के साथ अगस्त 2021 में 5 बिलियन डॉलर वैल्यूएशन पर कैश जुटाया।

# इस साल भारत की आर्थिक वृद्धि 5.8 प्रतिशत : संयुक्त राष्ट्र

**एजेंसी। संयुक्त राष्ट्र**
संयुक्त राष्ट्र ने मंगलवार को कहा कि कई सकारात्मकताओं के साथ, इस वर्ष भारत की आर्थिक वृद्धि दर 5.8 प्रतिशत रहने की उम्मीद है। अंतरराष्ट्रीय संगठनों के मुताबिक प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में भारत में सबसे तेजी से विकास होगा। संयुक्त राष्ट्र की विश्व आर्थिक स्थिति और संभावनाओं की रिपोर्ट के मिडइयर अपडेट ने अगले साल के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) को लचीली घरेलू मांग द्वारा समर्थित 6.7 प्रतिशत पर रखने का अनुमान लगाया है। रिपोर्ट को जारी करते हुए संयुक्त राष्ट्र की वैश्विक आर्थिक निगरानी शाखा के प्रमुख, हामिद राशिद ने कहा कि भारत विश्व अर्थव्यवस्था में चमकदार स्थान पर बना हुआ है, जिसमें कई सकारात्मक चीजें शामिल हैं। मुद्रास्फीति में उल्लेखनीय रूप से लगभग 5.5 प्रतिशत की कमी आई है। उन्होंने कहा, इसका मतलब है कि राजकोषीय विस्तार और मौद्रिक आवास दोनों के लिए महत्वपूर्ण स्थान होगा, इससे घरेलू मांग का समर्थन होगा। हालांकि, उन्होंने कहा कि बाहरी जोखिम है। राशिद ने कहा कि यदि बाहरी वित्तपोषण की स्थिति और बिगड़ती है व अधिक सख्त हो जाती है, तो



भारत को विशेष रूप से निर्यात के लिए कुछ चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। जहां तक भारत की वृद्धि दर और भी ऊंची होने की बात है, उन्होंने कहा कि यह काफी अनिश्चितता के अधीन है, विशेष रूप से बाहरी वातावरण में। लेकिन उन्होंने कहा, हम अभी वर्ष के लिए अपने पूवानुर्मान के साथ बहुत आश्वस्त हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि अच्छी क्रेडिट रेटिंग वाली उभरती हुई अर्थव्यवस्थाओं में वित्तीय स्थिति आम तौर पर अपेक्षाकृत स्थिर रही है। अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने पिछले महीने चालू वित्त वर्ष में भारत की जीडीपी वृद्धि दर 5.9 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया था, जबकि विश्व बैंक (डब्ल्यूबी) ने इसे 6.3 प्रतिशत और एशियाई विकास बैंक ने 6.4 प्रतिशत पर रहने का अनुमान लगाया था। भारत के रिजर्व बैंक का अनुमान 6.5 प्रतिशत है। लेकिन दोनों बड़े अंतरराष्ट्रीय संस्थानों ने अनुमानों को पहले वाले से थोड़ा कम कर दिया - आईएमएफ ने 0.2 प्रतिशत और विश्व बैंक ने 0.3 प्रतिशत। संयुक्त राष्ट्र की नवीनतम रिपोर्ट में पूरे दक्षिण एशिया के लिए समग्र विकास परियोजनाओं में 0.1 प्रतिशत की कटौती कर इस वर्ष 4.7 प्रतिशत और अगले वर्ष 5.8 प्रतिशत कर दिया गया है।

## विदेश



# 24 घंटे में आतंकियों को पुलिस के हवाले करें इमरान

**एजेंसी। लाहौर**
पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की केयरटेकर सरकार ने 9 और 10 मई को हुई हिंसा पर सख्त रुख अपना लिया है। बुधवार को इन्फॉर्मेशन मिनिस्टर आमिर मीर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा- इमरान खान के जमान पार्क वाले घर में 40 आतंकी मौजूद हैं। अगर खान ने 24 घंटे में इन्हें पुलिस के हवाले नहीं किया तो एक्शन के लिए तैयार रहें। मीर के इस बयान के फौरन बाद पैरामिलिट्री फोर्स (पाकिस्तानी रेंजर्स) ने खान के घर को चारों तरफ से घेर लिया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक फौज भी ऑपरेशन के लिए तैयार है। 18 मार्च को जब पुलिस खान को गिरफ्तार करने यहां गई थी, तब उस पर जबरदस्त हमले हुए थे। पेट्रोल बमों के अलावा फायरिंग की गई थी। 63 पुलिसकर्मी घायल हो गए थे। इस बीच, इस्लामाबाद हाईकोर्ट ने एक बार इमरान पर रहमदिली दिखाई। बुधवार को उनकी प्रोटेक्टिव बेल 31 मई तक के लिए बढ़ा दी गई। हालांकि नेशनल अकाउंटेबिलिटी ब्यूरो (ठअइ) ने खान को 18 मई को पूछताछ के लिए बुलाया है। खान को ठअइ ने ही 9 मई को अल कादिर ट्रस्ट केस में गिरफ्तार किया था। पंजाब सरकार में मंत्री आमिर मीर ने बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस की। कहा- हमारे पास तमाम टेक्निकल और इंटेलिजेंस एविडेंस मौजूद हैं। हम 9 मई से ही खान के जमान पार्क वाले घर में हो रही हरकतों पर नजर रख रहे थे। इसके लिए स्पेशल इक्विपमेंट्स इस्तेमाल किए गए। आमिर ने आगे कहा- उनके घर में 40 दहशतगर्द मौजूद हैं। खान के पास इन्हें पुलिस के हवाले करने के लिए सिर्फ 24 घंटे हैं। ये वो लोग हैं जिन्होंने आर्मी कोर कमांडर के घर पर हमला किया था। इन्हीं लोगों ने सिक्योरिटी फोर्सेस पर पेट्रोल बम फेंके और फायरिंग की। ये वही लोग हैं जिन्होंने आर्मी हेडक्वॉर्टर पर अटैक किया। केयरटेकर गवर्नमेंट के मंत्री ने कहा- उम्मीद करते हैं कि खान 24 घंटे में इन तमाम लोगों को पुलिस और सिक्योरिटी फोर्सेस के हवाले कर देंगे। अगर ऐसा नहीं हुआ तो हमारी टीमें एक्शन के लिए तैयार हैं। 9 और 10 मई को पाकिस्तान के कई बड़े शहरों में ढळक कार्यकताओं ने हिंसा और आगजनी की थी। 3 दिन स्कूल और कॉलेज बंद रहे थे। 9 और 10 मई को पाकिस्तान के कई बड़े शहरों में ढळक कार्यकताओं ने हिंसा और आगजनी की थी। 3 दिन स्कूल और कॉलेज बंद रहे थे। मंगलवार को फौज के कोर कमांडर्स और फिर नेशनल सिक्योरिटी काउंसिल की मीटिंग हुई। हिंसा और अपने अफसरों के घर हमले पर फौज ने कहा- हमले प्लान्ड और साजिश के तहत हो रहे हैं। फौज को गद्दार बताया जा रहा है। हमने गुनहगारों की पहचान कर ली है। अब उन्हें माकूल जवाब दिया जाएगा। ये जरूरी है, क्योंकि कुछ लोग सिविल वॉर चाहते हैं। इस्लामाबाद में रेड अलर्ट है। सरकार के मुताबिक खान जब प्रधानमंत्री बने तो उन्होंने लैंड माफिया मलिक रियाज को मनी लॉन्ड्रिंग केस में फंसाया। लंदन में उसके 40 अरब जब्त कराए। बाद में ये पैसा ब्रिटेन सरकार ने पाकिस्तान को सौंप दिया। इमरान ने यह जानकारी कैबिनेट को भी नहीं दी। इसके बाद इमरान ने अल कादिर ट्रस्ट बनाया। इसने अल कादिर मजहबी तालीम देने के लिए अल कादिर यूनिवर्सिटी बनाई। इसके लिए अरबों रुपए की जमीन मलिक रियाज ने दी। बुशरा बीबी को डायमंड रिंग भी गिफ्ट की। बदले में रियाज के तमाम केस खत्म कर दिए गए। उसे करोड़ों रुपए के सरकारी ठेके भी मिले। होम मिनिस्टर राणा सनाउल्लाह ने कहा- 60 अरब रुपए की चपत सरकारी खजाने को लगी। 13 महीने में एक बार भी इमरान या बुशरा पूछताछ के लिए नहीं आए। 4 साल बाद भी इस यूनिवर्सिटी में 32 स्टूडेंट्स ही हैं। पाकिस्तान में पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को 9 मई को दोपहर करीब 3 बजे गिरफ्तार किया गया था। अल-कादिर ट्रस्ट स्कैम केस में पाकिस्तानी रेंजर्स ने ठअइ (नेशनल अकाउंटेबिलिटी ब्यूरो) के आदेश पर ये गिरफ्तारी की।

## अमेरिका में पंजाबी पिता-पुत्र की मौत

**कपूरथला।** अमेरिका के शहर फ्रेसनो में कपूरथला के रहने वाले युवा डॉक्टर व उसके एडवोकेट पिता की एक सड़क हादसे में मौत हो गई। युवा डॉक्टर पढ़ाई पूरी करने के बाद अपने परिवार के साथ डिग्री मिलने की खुशी में पार्टी करने जा रहे था। इस सड़क हादसे में पिता - पुत्र की मौत हो गई जबकि डॉक्टर की माता सड़क हादसे में गंभीर रूप से जख्मी हो गई है। मृतकों की पहचान पिता-पुत्र कपूरथला के भुलत्थ क्षेत्र के गांव बोपाराय के एडवोकेट कुलविंदर सिंह हंसपाल व उसके बेटे सुखविंदर सिंह के रूप में हुई है। जबकि कुलविंदर सिंह हंसपाल की पत्नी बलबीर कौर इस सड़क हादसे में गंभीर रूप से जख्मी हो गई है। 15 साल से अमेरिका में रह रहे थे इस बारे जानकारी देते हुए मृतक के भाई हरजिंदर सिंह वासी गांव बोपराए ने बताया कि कुलविंदर सिंह हंसपाल पिछले करीब 15 साल से अमेरिका में अपनी पत्नी व बच्चे के साथ रह रहा था।

## सूडान में संघर्ष के कारण 25,700 से ज्यादा लोग इथियोपिया में घुसेः संयुक्त राष्ट्र



**एजेंसी। आदिस अबाबा**
संयुक्त राष्ट्र के मानवीय मामलों के समन्वय कार्यालय (यूएनओसीएचए) ने कहा है कि सूडान में जारी संघर्ष के कारण इथियोपिया पहुंचने वाले लोगों की संख्या 25,700 से अधिक हो गई है। यूएनओसीएचए ने अपनी नवीनतम रिपोर्ट में कहा, पिछले कुछ सप्ताह में सूडान से लोग रोजाना इथियोपिया आ रहे हैं। इथियोपिया के मेटेमा बॉर्डर क्रॉसिंग पर अब तक 20,400 से अधिक लोग पंजीकृत हुए हैं जिनमें ज्यादातर इथियोपिया से आए हैं। इसने यह भी कहा कि शरणार्थियों के लिए एक नए क्रॉसिंग प्वाइंट बन चुके इथियोपिया के बेनीशंगुल-गुमुज क्षेत्र के अलमहल में हाल ही में 5,300 से अधिक लोग आए हैं जिन्हें तत्काल सहायता की आवश्यकता है। प्राथमिक जरूरतें भोजन, पानी और स्वच्छता को बढ़ावा देना, स्वास्थ्य और पोषण, आश्रय, गैर-खाद्य पदार्थ और सुरक्षा सेवाओं की डिलीवरी है। मेटेमा में, जो अब तक मुख्य क्रॉसिंग प्वाइंट है, मई के दूसरे सप्ताह में सहायता से जुड़ी गतिविधियों में तेजी आई है। यूनोचा ने कहा, संरक्षण भागीदारों ने आठ बड़े ट्रांजिट आश्रय शेड स्थापित किए हैं, जिससे कुछ सौ शरणार्थियों और शरण चाहने वालों को बॉर्डर क्रॉसिंग प्वाइंट से छह किमी दूर इस पारगमन स्थल पर स्थानांतरित करने की अनुमति मिली है, जहां वे आश्रय पा सकते हैं।

## हादसा

## हिंद महासागर में मछली पकड़ने आई चीनी नाव डूबी

# 39 क्रू मेंबर लापता, रेस्क्यू ऑपरेशन जारी


**एजेंसी। बीजिंग**
हिंद महासागर में चीनी नाव मछली पकड़ने आई थी, लेकिन वह हादसे का शिकार हो गई। स्टेट मीडिया के मुताबिक, मछली पकड़ने वाली एक चीनी नाव डूब गई है और उसमें सवार क्रू मेंबर के सभी 39 लोग लापता हैं। ब्रॉडकास्टर सीसीटीवी ने बताया कि यह घटना मंगलवार तड़के करीब 3 बजे हुई। रिपोर्ट में कहा गया है कि क्रू मेंबर के 39 सदस्यों में चीन के 17, इंडोनेशिया के 17 और फिलीपींस के पांच लोग शामिल हैं। हालांकि, डूबने के कारण के बारे में कुछ जानकारी नहीं मिल पाई है। चीनी नेता शी जिनपिंग और प्रधान मंत्री ली कियांग ने जीवित बचे लोगों की खोज में सहायता के लिए विदेशों में चीनी राजनयिकों साथ ही कृषि और परिवहन मंत्रालयों को आदेश दिया है। लुपेंगलाइयुआनयू नंबर 8 नाव शेडोंग के पूर्वी प्रांत में था, इसे पेंगलाईयिंग्यु कंपनी लिमिटेड द्वारा संचालित किया जा रहा था। माना जाता है कि चीन दुनिया का सबसे बड़ा मछली पकड़ने का बेड़ा संचालित करता है। उनमें से कई महीनों या वर्षों तक समुद्र में रहते हैं। इन्हें चीनी राज्य समुद्री सुरक्षा एजेंसियां और जहाजों के व्यापक नेटवर्क के




द्वारा सहायता दी जाती है। म्यांमार और बांग्लादेश में चक्रवात ने भारी तबाही मचाई हुई है, जिससे व्यापक विनाश हुआ है और कम से कम 21 लोगों की मौत हो गई है, वहीं सैकड़ों अन्य लोगों के लापता होने की आशंका है।

# नेपाल करेगा बांग्लादेश को 40 मेगावाट बिजली का निर्यात

**एजेंसी। काठमांडू**
नेपाल 40 मेगावाट तक बिजली बांग्लादेश को निर्यात करेगा। इस पर दोनों देशों के बीच सहमति हो गई है। जल्द ही बिजली बिक्री समझौते पर हस्ताक्षर होने की उम्मीद है। नेपाल के ऊर्जा सचिव दिनेश कुमार घिमिरे के बांग्लादेश दौरे के दौरान मंगलवार को दोनों पक्षों के बीच बिजली व्यापार को लेकर कई समझौते हुए हैं। ऊर्जा मंत्रालय के प्रवक्ता मधु प्रसाद भेटवाल ने सुनकोशी थ्री पनबिजली परियोजना के निर्माण के लिए छह महीने के भीतर एक संयुक्त उद्यम पर हस्ताक्षर करने के समझौते की जानकारी दी। बिजली व्यापार के लिए अंतरराष्ट्रीय ट्रांसमिशन लाइन के संभावित विकल्प का अध्ययन करने के लिए



भी एक समझौता हुआ है। साथ ही नेपाल और बांग्लादेश, भारत को शामिल करके बिजली क्षेत्र में सहयोग के लिए एक नेटवर्क स्थापित करने की पहल करने पर सहमत हुए हैं। अंतरराष्ट्रीय ट्रांसमिशन लाइन के निर्माण में भारतीय भूमि भी शामिल होगी । इसलिए दोनों देश भारत को राजी करने के लिए पहल कर रहे हैं।

ज्ञान की बात

'आपका काम है अपनी पसंद के काम को खोजना, अपनी पसंद के काम को खोजें और जब वह मिल जाए तो खुद को उस काम में पूरी तरह से लगा दे, यही सफलता का मार्ग है' – गौतम बुद्ध



# नकली शराब का कारोबार

**झारखंड** के कई जिलों में नकली शराब का कारोबार फल फूल रहा है। उत्पाद विभाग रांची और लोहरदगा की टीम ने मंगलवार को कुडू थाना क्षेत्र के बरहनियां में नकली शराब की मिनी फैक्ट्री का खुलासा किया है। यहां बड़ी मात्रा में अलग-अलग ब्रांड की नकली शराब बरामद की गई है। कुल 71 पेटियां (640 लीटर अंग्रेजी शराब) शराब जब्त की गई है, जिसकी अनुमानित कीमत पांच लाख रुपये बताई जा रही है। इस मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है, जबकि एक अन्य के विरुद्ध भी प्राथमिकी दर्ज की गई है। इससे पहले भी इस तरह के कई ठिकानों का पदार्फाश किया जा चुका है, जिसमें राजधानी रांची भी शामल है। झारखंड में निर्मित नकली शराब सिर्फ बिहार भेजने तक सीमित नहीं है। राज्य के कई शराब दुकानों में नकली शराब की बिक्री का मामला भी सामने आ चुका है। अब तक शराब में मिलावट करने के आरोप में कई कर्मचारियों को जेल भी भेजा गया है। इसके बावजूद इस 'जानलेवा कारोबार' पर रोक नहीं लग पाना कहीं न कहीं प्रशासनिक उदासीनता का परिणाम है। बिहार में शराबबंदी के बाद से कुडू के रास्ते झारखंड सीमा से लगे बिहार के क्षेत्र में अवैध शराब की खेप पहुंचाने का कारोबार लगातार बढ़ रहा है। शराब माफियाओं के लिए यह सेफ जोन बनकर रह गया है। हालांकि स्थानीय पुलिस और आबकारी विभाग अपने स्तर से इन पर हमेशा नकेल कसने का काम करता रहा है, लेकिन इसके बावजूद इतनी बड़ी मात्रा में अवैध शराब और पैकिंग का सामान के पकड़े जाने से साबित होता है कि इस काले कारोबार ने कितनी जड़े जमा ली हैं। अगर इस पर जल्द अंकुश नहीं लगा तो बहुत जल्द यह इलाका अवैध शराब के कारोबार में शिखर होगा।

**सामूहिक रूप से, यह समाज में सभी हितधारकों को विभिन्न तरीकों से प्रभावित करता है। इससे उद्योग और सरकार को सिर्फ राजस्व का नुकसान होता है, लेकिन इसके कारण उपभोक्ता सबसे अधिक प्रभावित होता है।**

जानी-मानी बात है कि शराब का अवैध व्यापार सतत आर्थिक विकास को कमजोर करता है। सामूहिक रूप से, यह समाज में सभी हितधारकों को विभिन्न तरीकों से प्रभावित करता है। उद्योग और सरकार को सिर्फ राजस्व का नुकसान होता है, लेकिन इसके कारण उपभोक्ता सबसे अधिक प्रभावित होता है, क्योंकि यह उपभोक्ता स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा है। खराब गुणवत्ता या नकली शराब मौत और गंभीर बीमारी का कारण बन सकती है। जैसा कि भारत में जहरीली शराब से होने वाली त्रासदियों की कई घटनाओं से पता चलता है। अनुमान के मुताबिक, 2016 से 2022 के बीच भारत में 6000 से ज्यादा लोग जहरीली शराब पीने से मारे गए। शराब पेय उद्योग की संवेदनशील प्रकृति के कारण भारत में सबसे अधिक विनियमित क्षेत्रों में से एक है। विशेषज्ञ अभी भी वास्तविक अनुमानों की गणना करना बहुत कठिन मानते हैं, क्योंकि भारत में अवैध शराब बिना दर्ज शराब की व्यापक छतरी के नीचे आती है। भारत में शराब की खपत पिछले कुछ वर्षों में तेजी से बढ़ी है, जो 6.177 बिलियन लीटर तक पहुंच गई है। इसे शराब माफिया आकर्षक अवसर के रूप में देख रहे हैं। भारत में, राज्य के पास शराब व्यापार को नियंत्रित और विनियमित करने की शक्ति है। शराब पेय उद्योग में विविध कानूनों के स्तर के कारण, राज्य उत्पाद शुल्क नियामक को केवल आय को संरक्षित करने की तुलना में अधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में पूर्ण-प्रूफ प्रणाली बनाने की जरूरत हैं। मौजूदा प्रणाली को और मजबूत करने की आवश्यकता है, जिसमें बुनियादी ढांचा, प्रौद्योगिकी स्वीकार्यता, अनुकूलनशीलता, अंतिम खुदरा बिंदु तक इंटरनेट कनेक्टिविटी, ट्रैकिंग और नेविगेशन, आधुनिक नियंत्रण कक्ष की स्थापना आदि शामिल हैं। नकली शराब बनाने वालों के खिलाफ एक कदम आगे रहना है तो इन उपायों को लागू करना होगा।

# सतही राजनीति व जनाकांक्षाओं की कसौटी





गिरीश्वर मिश्र

**भारत** की जनता में सहते रहने की अदम्य शक्ति है और वह सबको अवसर देती है कि वे अपने वादों और दायित्वों के प्रति सजग रहें परंतु जनप्रतिनिधि होने पर भी ज्यादातर राजनेता जन-प्रतिनिधित्व के असली काम को संजीदगी से नहीं लेते हैं। चुनावी सफलता पाने के बाद वे यथाशीघ्र और यथासंभव सत्ता भोगने के नुस्खे आजमाने लगते हैं। ऐसे में जन-सेवा का वह संकल्प और जज्बा एक ओर धरा रह जाता है जो धूमिल रूप में ही सही उनके मन कभी तैर रहा होता था। दरअसल वे एक व्यापारी की तरह सोचने और काम करने लगते हैं। बिगड़ैल काल देवता से भयभीत वे राजनीति के व्यवसाय से (अपने लिए) समयबद्ध ढंग से अधिकाधिक धन-धान्य या समृद्धि उगाहने में दत्तचित्त जुट जाते हैं। पर आगे क्या हो सकता है इसका दर्दनाक उदाहरण पश्चिम बंगाल में जेलबंद शिक्षा मंत्री और उनके सहयोगियों से मिलता है। जिस तरह शिक्षक नियुक्ति के मामले में करोड़ों रुपयों के गम्भीर आर्थिक घोटालों का पता चल रहा है और हजारों की संख्या में नियुक्ति पा चुके शिक्षकों को उच्च न्यायालय के आदेश द्वारा नौकरी से मुक्त किया जा रहा है वह स्वतंत्र भारत के राजनीतिक और शैक्षिक इतिहास में नायाब है। तेजतर्रार, लोकप्रिय और खुद को लोकसंग्रह को समर्पित कहने वाली मुख्यमंत्री की नाक तले इतना कुछ विधिवत अनियमितता के साथ कैसे होता रहा, यह घोर आश्चर्य का विषय है। यह इस बात का भी प्रमाण है कि राजनीति के खिलाड़ी अहंकार में डूब कर कुछ भी करने को स्वतंत्र मान बैठते हैं। वे यह भूल जाते हैं कि समाज के स्तर पर इसके कितने दूरगामी परिणाम होंगे। वे जाने-अनजाने अच्छे-बुरे विचारों, व्यवहारों और मूल्यों के बीज बोते चलते हैं। वे आचरण और सफलता के न केवल मानक स्थापित करते हैं बल्कि उसका अपने उदाहरण के साथ उसका निदर्शन भी जनता के सामने पेश करते चलते हैं। छोटे-बड़े नेता समाज के सामने एक मॉडल के रूप में आते हैं। प्रिंट और इलेक्ट्रानिक मिडिया की बेहद प्रभावी उपस्थिति से वे समाज के बड़े हिस्से को अपने असर में ले लेते हैं। वे अपनी चाल-ढाल, वेश-भूषा और बात-व्यवहार से सफलता की मंजिल तक रहे (बेहिसाब) बेरोजगार भारतीय युवा वर्ग (ब्रिगेड!) को जायज और नाजायज किसी भी तरह से काम कराने के लिए संदेश देते हैं। उपाय (साधन!) कुछ भी हो चलेगा, शर्त इतनी होती है कि उससे मनोवांछित लक्ष्य (साध्य!) की प्राप्ति (सिद्धि!) किसी भी तरह जरूर सुनिश्चित हो सके। इस क्रम में परिवार, क्षेत्र, जाति, धर्म और भाषा जैसे सरोकार भी दावेदार होते हैं। इनमें से किसका कितना जोर चलेगा यह उस समय की परिस्थितियों पर निर्भर करता है। यह बड़ा ही दुखद है कि सेवा-धर्म के साथ शुरू हुई राजनीति ने जो अपना कलेवर बदलना शुरू किया तो अब उसका कोई अंत ही दृष्टि में नहीं आता। बाहु-बाल, अपराध और धन-बल के बढ़ते गठजोड के फलस्वरूप माफिया भी सांसद हो जाते हैं और सरकारें भी उन पर मेहरबान रहती हैं। आज राजनीति में योग्यता और सेवा का प्रश्न गौण हो रहा है। इसकी जगह जन-सम्बंध, लोकप्रियता और सम्पर्क-शक्ति को तरजीह दी जाती है। इनसे भी ज्यादा पारिवारिक पृष्ठभूमि और आर्थिक औकात को महत्व मिलता है। ऐसा आदमी ठीक नेता कहा जाता है जो जनता में अपना दबदबा बनाए रखे। यह याद रखना होगा कि स्वास्थ्य, कानून,

**राजनीतिक दबाव में इसकी भी बुरी तरह उपेक्षा होने लगने लगी है। कोशिश यही रहती है कि यथाशक्ति अपना, अपने भरोसे का किसी तरह से (आर्थिक या अन्य) लाभ पहुंचाने वाले आदमी को मौका दिया जाय।**

**इन दिनों**

प्रौद्योगिकी और शिक्षा जैसे तकनीकी क्षेत्रों में ज्ञान तथा कौशल की विशेषज्ञता का कोई विकल्प नहीं होता है। राजनीतिक दबाव में इसकी भी बुरी तरह उपेक्षा होने लगने लगी है। कोशिश यही रहती है कि यथाशक्ति अपना, अपने भरोसे का, अपनी जाति बिरादरी का, अपनी विचारधारा का या फिर किसी तरह से (आर्थिक या अन्य) लाभ पहुंचाने वाले आदमी को मौका दिया जाय। बिहार और पश्चिम बंगाल में सरकारी भर्तियों में 'कैश या काइंड' में लाभ ले कर नौकरी देने की सरकारी नीति के उपयोग के जो मामले उभर कर सामने आ रहे हैं वे आंख खोल देने वाले हैं। इन सब में सत्ता का जबरदस्त दुरुपयोग किया गया है और आंख मूंद कर अवैध कमाई की संभावना से भी इनकार नहीं किया जा सकता। अपने आदमियों को (ही) भरने के दुराग्रह के तात्कालिक लाभ दिखते हैं और कुछ (अवांछित) लोगों को नौकरी और अन्य लाभ भी मिल जाते हैं। उन लोगों से दल विशेष को लाभ भी मिल सकता है परन्तु अंततः उस तरह का निवेश सामाजिक अन्याय का ही रूप लेगा। यदि और जगहों की खोज खबर ली जाए तो इस तरह की और गड़बड़ियां भी जरूर मिलेंगी जहां विभिन्न पदों पर धन ले कर नियुक्तियां हुई हैं। राजनीतिक संस्कृति का अनिवार्य अंश बनता जा रहा सीमित स्वार्थ का विषाणु राजरोग की तरह जीवन के अनेक क्षेत्रों को बुरी तरह संक्रमित करता जा रहा है और कार्य संस्कृति को बाधित कर रहा है। लोगों को लग रहा है कि राजनीति की इस टेढ़ी चाल से शिक्षा की व्यवस्था और प्रशासन की प्रणाली ध्वस्त होती जा रही है। आम जनों का विशेष कर युवा वर्ग का अपनी योग्यता, क्षमता, परिश्रम और ईमानदारी पर से भरोसा उठता जा रहा है। ऐसा करते हुए नेता गण यह भूल जा रहे हैं कि पूर्वाग्रह के आधार पर भेद-भाव की नीति के साथ प्रजातंत्र की गाड़ी ज्यादा आगे नहीं जा सकती। इस तरह की असमानताओं को प्रकट और प्रच्छन्न रूप से लागू करना समाज के प्रति अक्षम्य अपराध होगा जिसका लाभ किसी को नहीं होने वाला है। सत्ता में आने के पहले राजनेता चुनावी दंगल में एक व्यापक दृष्टि के साथ सामने आते हैं और अचानक जादू का पिटारा खुलने लगता है। एक के बाद एक वादे किये जाते हैं। मतदाता को संतुष्ट करने का कोई दांव नहीं छोड़ा जाता है। ऐसा करते हुए अक्सर सरकारी खजाने की हालत को नजरअंदाज करने से किसी को कोई गुरेज नहीं होती है। कर्नाटक के हालिया चुनाव में मतदाताओं के विभिन्न वर्गों को संतुष्ट करना सफलता पाने की मुख्य युक्ति थी। यह करने के लिए सिलेंडर देवता का पूजन, पुरानी पेंशन योजना को लागू करना और अनेक स्थानीय मुद्दों के प्रति अतिरिक्त संवेदनशीलता से मतदाता को रिझाया गया। साथ ही जाति, धर्म, और क्षेत्र की सामाजिक पृष्ठभूमि के साथ लगाव भी मतदान पर हावी रहा। उल्लेखनीय है कि पुराने मंत्रिमंडल के एक दर्जन मंत्रियों को हार का मुंह देखना पड़ा। यह तथ्य उनकी कार्य-निपुणताओं को प्रश्नांकित करता है। चुनाव परिणामों द्वारा जनता ने यह संदेश भी दिया है कि उसकी सहनशीलता की भी सीमा होती है। नारे और वादों से उकता चुकी जनता को जमीनी हकीकत में बदलाव की चाहत है। आगामी चुनावों की भी यही कसौटी रहेगी। सतही राजनीति का दांव अब नहीं चलने वाला है।

**बोधि वृक्ष**

## आईए सुनें बद्रीनाथ धाम की कथा

**तत्पछ्यात** अलकनंदा के दायीं और बायीं ओर नर, नारायण तपस्या करने लगे। जिस पर्वत पर नर ने तप किया उसे नर पर्वत तथा जिस पर नारायण ने तप किया उसे नारायण पर्वत के नाम से जाना जाता है। जब नर, नारायण के तप के प्रभाव तीनो लोको में फैल गया। उनकी घोर तपस्या का पता जब सहस्त्र कवच को चला तो वह नर, नारायण से युद्ध करने बद्री का आश्रम में आ गया। फिर पहले दिन नारायण ने युद्ध किया और सहस्त्र कवच का एक कवच तोड़ दिया, अगले ने नारायण तप करने लगे तो नर ने उसका दूसरा कवच तोड़ दिया फिर यही शिलशिला चलता रहा। एक दिन नर तप करते तो उस दिन नारायण लड़ते, अगले दिन नारायण तप करते तो नर लड़ते। ऐसा करते-करते सहस्त्र कवच के ९९९ कवच तोड़ दिये। फिर सहस्त्र कवच डर के भागने लगा और उसके पीछे नर, नारायण करने लगे तो वह भाग कर सूर्य देव की शरण में चला गया। सूर्य देव ने फिर भगवान नर, नारायण से बिनती की, कि प्रभु अभी यह मेरी शरण में है और मेरा धर्म इसकी रक्षा करना है। तो दया करके सहस्त्र कवच को अभी छोड़ दें। श्री नारायण ने सूर्य देव की बात रखते हुए उन्हें कहा कि अभी तो में इसे छोड़ देता हूँ, किन्तु द्वापरयुग में आपको इसे कुंती के आवाहन करने पर अपने पुत्र के रूप ने भेजना होगा। उस समय मैं कृष्ण अवतार में रहूँगा और नर, अर्जुन के अवतार में तब इसकी मृत्यु अर्जुन के हाथों से होगी।नर, नारायण वापस बद्री का आश्रम आकर तप करने लगे। कुछ समय बाद भगवान् नारायण ने देवताओं से कहा बद्री का आश्रम से, नारद शिला के नारद कुंड के नीचे से उनकी मूर्ति निकालो और उसकी स्थापना करो क्योंकि कलयुग का आरम्भ होने वाला है और मैं साक्षात रूप में नहीं रह सकता। उस मूर्ति कि जो भी प्राणी दर्शन करेगा उसे मेरे साक्षात दर्शन करने का फल प्राप्त होगा। जो भी यहाँ सच्चे मन से आयेगा उसे मोक्ष कि प्राप्ति होगी।

(समाप्त)

# भारत के बुनियादी ढ़ाचे पर साइबर हमले का खतरा!



डॉ. अनिल कुमार निगम

**साइबर** सुरक्षा आज वैश्विक मुद्दा है। जितनी तीव्र गति से भारत समेत विभिन्न देशों में डिजिटलाइजेशन बढ़ रहा है, उतनी ही गति से साइबर हमलों का खतरा मंडरा रहा है। भारत के बुनियादी ढांचे पर साइबर हमले का खतरा बना हुआ है। अमेरिका, भारत और ब्राजील साइबर हमलावरों के सीधे निशाने पर हैं। स्वास्थ्य और वित्त क्षेत्र के साथ-साथ विमानन उद्योग, तेल, गैस और ऊर्जा सेक्टर और तकनीकी कंपनियों जैसे मूलभूत ढांचे के महत्वपूर्ण अंगों को साइबर हमलों का निशाना बनाया जा रहा है। हालांकि भारत अपनी साइबर सुरक्षा पर काफी ध्यान दे रहा है, परंतु नवंबर 2022 में जिस तरीके से भारत के सबसे शीर्ष चिकित्सा संस्थान- अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) दिल्ली को निशाना बनाया गया, वह अत्यंत चिंताजनक है। सवाल यह है कि अगर साइबर हमलावर भारत के मूलभूत ढांचे मसलन ऊर्जा आपूर्ति, रेलवे सिगनलिंग, पीएनजी गैस आपूर्ति, बैंकिंग सिस्टम को हैक कर लेते हैं तो क्या भारत इससे निपटने में सक्षम है? क्या भारत में सूचना तंत्र की सुरक्षा के उपाय पर्याप्त हैं? वर्ष 2022 में भारत के सरकारी संस्थानों पर 82 साइबर हमले हुए। यह आंकड़ा पिछले वर्ष 2021 की तुलना में आठ गुना अधिक है। साइबर हमलों का अध्ययन करने वाली कंपनी क्लाउडसेक की रिपोर्ट के अनुसार भारत में सरकारी संस्थाओं को टार्गेट करने वाले साइबर हमलों में तीव्र वृद्धि हुई है। 2021 में देश के सार्वजनिक क्षेत्र की संस्थाओं में सिर्फ 11 हमले दर्ज किये गये थे। भारत की कंप्यूटर इमरजेंसी रिस्पॉन्स टीम ने 2022 की अपनी इंडिया रैनसमवेयर रिपोर्ट में कहा था कि भारत में महत्वपूर्ण मूलभूत ढांचे समेत तमाम क्षेत्रों पर रैनसमवेयर के हमलों की संख्या में 51 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। यह विदित है कि साइबर हमले से एम्स की गतिविधियों पर अत्यंत प्रतिकूल असर पड़ा था। अस्पताल के मुख्य और बैकअप सर्वर में सभी फाइलें करप्ट हो गई थीं। साइबर हमलावर लगभग चार करोड़ मरीजों का आंकड़ा चुराने में सफल रहे। इसमें बेहद संवेदनशील आंकड़े भी शामिल हैं। यह भी ज्ञात है कि वर्ष 2021 में अमेरिका की औपनिवेशिक पाइप लाइन में रूसी हमलावरों ने रैंससमवेयर से हमला किया था। उसके बाद वहां अफरा-तफरी मच गई थी। यह पाइप लाइन छह दिन के लिए ठप हो गई थी। अमेरिका के 17 राज्यों में गैस की जबरदस्त किल्लत हो गई थी। वास्तव में रैंसमवेयर एक तरह का मैलवेयर है जो कंप्यूटर फाइलों, सिस्टम अथवा नेटवर्क को एक्सेस करने से रोकता है। हमलावर इसके माध्यम से पीड़ित पक्ष से अपनी मांग पूरी करवाता है। क्लाउडसेक का मानना है कि विश्वभर में स्वास्थ्य क्षेत्र पर जो साइबर हमले हो रहे हैं, उनमें भारत का स्थान दूसरा है। वर्ष 2021 में दुनिया में स्वास्थ्य क्षेत्र पर जो साइबर हमले हुए, उनमें से 7.7 प्रतिशत भारत पर हुए थे। हालांकि साइबर हमलों के मामले में सबसे ज्यादा निशाने पर

**वास्तव में रैंसमवेयर एक तरह का मैलवेयर है जो कंप्यूटर फाइलों, सिस्टम अथवा नेटवर्क को एक्सेस करने से रोकता है। हमलावर इसके माध्यम से पीड़ित पक्ष से अपनी मांग पूरी करवाता है।**

**देश-विदेश**

अमेरिका ही है। 2021 में पूरी दुनिया में स्वास्थ्य क्षेत्र पर हुए साइबर हमलों में से अकेले अमेरिका पर 28 प्रतिशत हमले हुए थे। ये दुनिया के तेजी से बढ़ते डिजिटलीकरण का नतीजा है, विशेष रूप से कोविड-19 महामारी के कारण ऐसा हो रहा है। एक अन्य सॉफ्टवेयर सुरक्षा कंपनी इंडसफेस ने कहा कि उसके ग्राहकों पर दस लाख से ज्यादा साइबर हमले हुए, इनमें से 2,78,000 हमले भारत में हुए।

**फोटो की दुनिया**



**फेसबुक वॉल से**

जल्दी जागना हमेशा फ़ायदेमंद होता है...

फिर चाहे

वो नींद से हो,
अहम् से हो,
या फिर वहम् से हो... :)

# दांडी पकड़े आदिवासियों के 'गांधी'



ललित गर्ग

**सुखी** परिवार अभियान के प्रणेता, आदिवासी जनजीवन के मसीहा एवं प्रख्यात जैन संत गणि राजेन्द्र विजय पिछले 36 वर्षों से आदिवासी विषयों एवं मुद्दों को लेकर सक्रिय है, उन्होंने आदिवासी जनजीवन के उन्नयन एवं विकास के लिये अनेक जनकल्याणकारी गतिविधियों-योजनाओं जिनमें शिक्षा, सेवा, चिकित्सा एवं आर्थिक उन्नयन के उपक्रम किये हैं, जो आदिवासी जन-जीवन में उतरती रोशनी है। हाल ही में गुजरात में 4400 करोड़ की परियोजनाओं का शुभारंभ करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ऑनलाइन कवांट की आदिवासी महिलाओं से बातचीत करते हुए गणि राजेन्द्र विजय को जिस स्नेह एवं आत्मीयता से याद किया, समूचे देश ने यह परिदृश्य देखा और उनकी सेवाओं को महसूस किया। मोदी का इस तरह इस संत पुरुष को याद करना, उनके गौरव को, उनके होने का भान कराता हैं। निश्चित ही गणि राजेन्द्र विजयजी आदिवासी समाज को उचित दर्जा दिलाने एवं उनकी समस्याओं के समाधान के लिये तत्पर है। वे स्वयं समर्थ एवं समृद्ध है, अतः शिक्षा जैसी मूलभूत सुविधाओं के लिये स्वयं आगे आएं। एक तरह से एक संतपुरुष के प्रयत्नों से एक सम्पूर्ण पिछडा एवं उपेक्षित आदिवासी समाज स्वयं को आदर्श रूप में निर्मित करने के लिये तत्पर हो रहा है, यह एक अनुकरणीय एवं सराहनीय प्रयास है। लेकिन इन आदिवासी लोगों को राजनीतिक संरक्षक भी मिले, इसके लिये वे सभी राजनीतिक दलों के नेताओं से सम्पर्क स्थापित कर आदिवासी जीवन के दर्द से उन्हें अवगत कराया। भारतीय समाज में जिन आदर्शों की कल्पना की गई है, वे भारतीयों को आज भी उतनी ही श्रद्धा से स्वीकार हैं। व्यक्ति अगर अकेला भी हो पर नैतिकता का पक्षधर हो और उसका विरोध कोई ताकतवर कुटिलता और षड्यंत्र से कर रहा हो तो जनता अकेले आदमी को पसन्द करेगी। इन्हीं मूल्यों की प्रतिष्ठापना, गणि राजेन्द्र विजय के मिशन एवं विजन का उद्देश्य है। गणि राजेन्द्र विजय एक ऐसा व्यक्तित्व है जो आध्यात्मिक विकास और नैतिक उत्थान के प्रयत्न में तपकर और अधिक निखरा है। वे आदिवासी जनजीवन के उत्थान और उन्नयन के लिये लम्बे समय से प्रयासरत हैं और विशेषतः आदिवासी जनजीवन में शिक्षा की योजनाओं को लेकर जागरूक है, इसके लिये सर्वसुविधयुक्त करीब 12 करोड की लागत से एकलव्य आवासीय माडल विद्यालय का निर्माण उनके प्रयत्नों से हुआ है, वर्ष 2007 में तत्कालीन मुख्यमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस विद्यालय एवं अन्य योजनाओं का शुभारंभ करीब डेढ़ लाख आदिवासी लोगों के बीच किया, इतनी विशाल आदिवासी उपस्थिति गणिजी के इस क्षेत्र में प्रभाव को दर्शा रही थी। उनके नेतृत्व में अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित है, जिनमें कन्या शिक्षा के लिये ब्राह्मी सुन्दरी कन्या छात्रावास का कुशलतापूर्वक संचालन हो रहा हैं। इसी आदिवासी अंचल में जहां जीवदया की दृष्टि से गौशाला संचालित है तो चिकित्सा और सेवा के लिये चलयमान चिकित्सालय भी अपनी उल्लेखनीय सेवाएं दे रहा है। आदिवासी जनजीवन की आर्थिक उन्नति एवं स्वावलम्बन के लिये वे सुखी परिवार ग्रामोद्योग भी संचालित कर रहे हैं। अपने इन्हीं व्यापक उपक्रमों की सफलता के लिये वे कठोर साधना करते हैं और अपने शरीर को तपाते हैं। अपने कार्यक्रमों में वे आदिवासी के साथ-साथ आम लोगों में शिक्षा के साथ-साथ नशा मुक्ति एवं रूढ़ि उन्मूलन की अलख जगाते हैं। उनके प्रयत्नों का उद्देश्य है शिक्षा एवं पढ़ने की रूचि जागृत करने के साथ-साथ आदिवासी जनजीवन के मन में अहिंसा, नैतिकता एवं मानवीय मूल्यों के प्रति आस्था जगाना है।

**आदिवासी जनजीवन की आर्थिक उन्नति एवं स्वावलंबन के लिये वे सुखी परिवार ग्रामोद्योग भी संचालित कर रहे हैं। अपने इन्हीं व्यापक उपक्रमों की सफलता के लिये वे कठोर साधना करते हैं।**

**देश-दुनिया**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, स्थानीय संपादक : ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-2283384/ फैक्स : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25-एलएफ, तानसेन मार्ग, नई दिल्ली-1, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लातेहार कार्यालय : रमेश सेनेटरी, मेन रोड, लातेहार -829206, फोन : 9128656020, 7763034341, लोहरदगा कार्यालय : रिलायंस पेट्रोल पंप के बगल में, आशा कॉम्प्लेक्स लोहरदगा- फोन : 7903891779, 8271983099, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# लीची की बागवानी से 'शाही' जीवन जी रहे पुलिस अधिकारी राजाशंकर

लीची और बिहार का मुजफ्फरपुर एक दूसरे के पर्याय जैसे हैं। लेकिन जिले के निरूपुर निवासी सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी ने इस मिथक को तोड़ने के लिए अपने गांव में बागवानी शुरू की है। उनके बगीचे में तैयार शाही लीची अब मुंबई, दिल्ली और नासिक जा रही है।

### दोनों भाई आज भी करते हैं एक ही थाली में भोजन

निरूपुर के राजाशंकर तिवारी 2013 में आरपीएफ के असिस्टेंट कमांडेंट पद से रिटायर हुए। दो भाई हैं लेकिन दोनों भाइयों की कोई संतान नहीं थी, लिहाजा एक बच्चे को गोद लिया जो अब 21 वर्ष का हो चुका है। दोनों भाई आज भी एक ही थाली में भोजन करते हैं। आमतौर पर बड़े पद पर रहकर सेवानिवृत्ति के बाद लोग शहरों का रुख करते हैं, लेकिन राजाशंकर तिवारी ने गांव को ठिकाना बनाया। रिटायरमेंट के पहले ही राजाशंकर तिवारी ने गांव में बागवानी की प्लानिंग कर ली थी। 2002 की चकबन्दी के बाद चक बड़ा हुआ तो गांव के दोपही मौजे में अक्टूबर 2005 में चार बीघे में शाही लीची के 275 पेड़ लगवाया। इसके साथ ही पांच बीघे में आम के दो सौ पेड़ लगाए। गांव के आसपास के मजदूरों को बागवानी की देखरेख करने की जिम्मेदारी दी। 2013 में रिटायर हुए तो पूरी तरह से गांव को ही ठिकाना बनाया। रिटायरमेंट के बाद मुजफ्फरपुर जाकर लीची अनुसंधान केन्द्र में लीची के बागवानी के गुर सीखे।

### बिहार के व्यापारी ने लीची के बाग को लिया कांट्रेक्ट पर



उन्होंने अपने लीची और आम के बगीचे में गेस्टहाउस बनाया है। जहां रह कर देखभाल करते हैं। उनके बाग में फिलहाल लीची के 232 पेड़ तैयार हैं। जबकि आम के भी दो सौ पेड़ पूरी तरह से तैयार हैं। 211 से अधिक लीची के पेड़ों में फल लगने शुरू हुए। पिछले साल तक इतने बड़े बाग में तैयार लीची और आम लोकल मार्केट में ही बिकती थी। जिस कारण मुनाफा कम होता था। हालांकि, इस बार भी पुरवा हवा कम बहने से आठ टन ही लीची तैयार हुई है, मगर मार्केटिंग के नुस्खों ने उनकी शाही लीची को चर्चा के केन्द्र में ला दिया है। यही वजह है कि बिहार के मुजफ्फरपुर से आए व्यापारी ने उनके लीची के बाग को कांट्रेक्ट पर ले लिया है। पिछले सप्ताह चेन्नई में बने कार्टन में पैक होकर लीची की एक-एक खेप मुम्बई व दिल्ली भेजी जा चुकी है। बुधवार को ट्रेन से लीची की एक खेप महाराष्ट्र के नासिक भेजी जा रही है।

### बलिया की लीची वैसे ही प्रसिद्ध होगी, जैसे सत्तू

राजाशंकर तिवारी के बगीचे में इस बार आम की फसल भी अच्छी है। लंगड़ा, दशहरी और चौसा नस्ल के आम जून माह में पक कर तैयार होंगे। राजाशंकर तिवारी की कोशिश है कि बलिया में तैयार लीची वैसे ही प्रसिद्ध होगी, जैसे यहां का सत्तू है।

### बलिया की लीची दुबई भेजने की तैयारी

सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी राजाशंकर तिवारी ने मेहनत कर परम्परा से हटकर लीची के बाग तो तैयार कर लिए हैं, लेकिन प्रशासन और राजनीतिक स्तर पर उदासीनता से थोड़े परेशान भी हैं। उन्होंने कहा कि हमारे यहां बातें अधिक होती हैं, धरातल पर काम कम। इससे हमें निराशा होती है। कहा कि अभी मेरे पास निर्यात करने के लिए लाइसेंस नहीं है। जिलाधिकारी रवींद्र कुमार ने निर्यात के लिए उत्साहित किया है। दुबई में लीची के व्यापारियों से बात हुई है। जल्द लाइसेंस मिला तो बलिया की लीची देश से बाहर जाएगी। इससे लोकल मार्केट में भी प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि देश में लीची के औने-पौने दाम मिल रहे हैं, जबकि वर्तमान में दुबई के मार्केट में अच्छा रेट है।

### नौकरी में रहते हुए बागवानी की ओर आकर्षित हुए

72 वर्षीय राजाशंकर तिवारी ज्यादातर आरपीएफ मुख्यालय में ही रहे। जहां बागवानी में मन रमने लगा। उन्होंने बताया कि मैंने कहीं पढ़ा था कि एक पेड़ अपने पूरे जीवन में नब्बे लाख का आउटपुट देता है। तभी से मेरे मन में पेड़ों के प्रति झुकाव बढ़ गया। बचपन में हम पेड़ों की डालियों पर खेला करते थे। जिससे पेड़ों से लगाव रहता था। आज पेड़ कम हैं। बच्चे पेड़ों से दूर हो गए हैं। बढ़ती आबादी में प्रकृति के शोषण की प्रवृत्ति मानसिकता है।

# बढ़ते वजन से हैं परेशान तो गर्मी में पिएं डेडोक्स वाटर

आजकल की लाइफस्टाइल खराब होने के कारण लोग तेजी से बढ़ते वजन से परेशान होते हैं। ज्यादा वजन कई गंभीर बीमारियों का भी कारण हो सकता है। ऐसे में अगर आप अपना वजन बढ़ने परेशान हैं तो आप कुछ वेट लॉस डिटॉक्स ड्रिंक का भी सेवन कर आसानी से वजन घटा सकते हैं। आजकल गलत खानपान से कई लोगों का वजन तेजी से बढ़ने लगता है। बढ़ा वजन कई गंभीर बीमारियों का कारण हो सकता है। ऐसे में अगर आपका भी तेजी से वजन बढ़ रहा है तो आपको सावधान रहने की जरूरत है। आपको अपने बढ़ते वजन को कंट्रोल करने का प्रयास करना चाहिए। कई लोग वजन घटाने के लिए डायटिंग का सहारा लेते हैं। वेट लॉस करने के लिए लोग अक्सर खाना-पानी कम कर देते हैं औ वर्कआउट पर ज्यादा फोकस करते हैं। लेकिम क्या आप जानते हैं कि गर्मी में वजन घटाने के लिए आप कुछ वेट लॉस डिटॉक्स ड्रिंक का भी सेवन कर सकते हैं। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको उन डिटॉक्स वॉटर के बारे में बताने जा रहे हैं। जिनको पीकर आप अपना वेट लॉस कर सकते हैं।



**धनिया वॉटर :** अगर आप भी अपना वेट लॉस करना चाहते हैं तो धनिया पानी इसमें आपकी मदद कर सकता है। बता दें कि धनिया के बीज फैट को तेजी से बर्न करने का काम करता है। जिससे व्यक्ति को वजन घटाने में मदद मिलती है। इसके अलावा धनिया में एक ऐसा कंपाउडर पाया जाता है। वहीं धनिया के बीजों की तासीर ठंडी होती है। ऐसे में अगर धनिया पानी का रोजाना सेवन करते हैं, तो इससे वेट लॉस में मदद मिलती है।

**सौंफ वॉटर :** सौंफ का पानी भी वजन कम करने में काफी सहायक होता है। सौंफ में सेलेनियम, जिंक, मैंगनीज और फॉस्फोरस जैसे पोषक तत्व के अलावा एंटीऑक्सीडेंट पाए जाते हैं। यह शरीर को फ्री रेडिकल्स से बचाने में मदद करता है। सौंफ के पानी का सेवन करने से मेटाबॉलिज्म बूस्ट होता है। जिससे वेट लॉस में मदद मिलती है। सौंफ का पानी बनाने के लिए आप रात भर के लिए सौंफ को पानी में भिगोकर रख दें। फिर अगली सुबह खाली पेट सौंफ का पानी पिएं।

**खस वॉटर :** वजन कम करने के लिए खस की जड़ का भी सेवन किया जाता है। इसके लिए आप पहले खस की जड़ को पानी में भिगोकर रख दें। फिर अगली सुबह उठकर इस पानी का सेवन करें। अगर आप चाहें तो खस की जड़ को पानी में उबालकर भी उसका सेवन कर सकते हैं। खस की जड़ ठंडी होती है, वेट लॉस के साथ ही यह आपके शरीर को ठंडा रखती है।

**पुदीना वॉटर :** पुदीना वॉटर हमारे शरीर में मेटाबॉलिज्म को बढ़ाता है और पाचन तंत्र के सुधार में सहायक होता है। वेट लॉस के लिए भी पुदीना वॉटर एक अच्छा विकल्प है। क्योंकि पुदीने का पानी कैलोरी बर्न करने में सहायता करता है। पुदीना पानी के लिए एक पैन में सबसे हले पानी को गर्म करें फिर इसको छान लें। इसके बाद रोज सुबह खाली पेट पुदीने के पानी की सेवन करने से आद आसानी से अपना वजन घटा सकते हैं।

**नींबू वॉटर :** गर्मी से बचने के लिए लोग अक्सर नींबू पानी का सेवन करते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि नींबू पानी वेट लॉस करने में भी मदद करता है। नींबू में आयरन, पोटैशियम और विटामिन सी समेत कई पोषक तत्व पाए जाते हैं। नींबू पानी का सेवन करने से पाचन तंत्र में भी सुधार होता है। वेट लॉस के लिए आप हर रोज सुबह खाली पेट गुनगुने पानी में नींबू का रस निचोड़ कर इसका सेवन कर सकते हैं।

❖ अनन्या मिश्रा

# हीमोफीलिया से पीड़ित बच्चे की देखभाल के लिए अपनाएं ये टिप्स



हीमोफीलिया एक प्रकार का ब्लड डिसऑर्डर होता है। यह रोग बच्चे को अपने माता-पिता से मिलता है। हीमोफीलिया से पीड़ित बच्चे की खास देखभाल किए जाने की जरूरत होती है। इन टिप्स की मदद से आप अपने बच्चे का ख्याल रख सकते हैं।

हीमोफीलिया अनुवांशिक रोग होता है, यह बच्चों को अपने माता-पिता से विरासत में मिलता है। हीमोफीलिया में खून के थक्के नहीं बन पाते हैं और वह जम नहीं पाते हैं। ऐसी स्थिति में जब किसी को चोट आदि लगती है तो उसके शरीर से अधिक खून बनता हैं। क्योंकि शरीर में थक्के न बन पाने के कारण लगातार खून बहता रहता है। हमारे खून में क्लॉटिंग प्रोटीन पाया जाता है, जो प्रोटीन रक्त में थक्कों के निर्माण में सहायक होते हैं। जिससे रक्तस्राव को रोकने में मदद मिलती है। ऐसे में बच्चों को कई गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ता है। बच्चों की मांसपेशियों या जोड़ों में ब्लीडिंग की समस्या हो सकती है। इसके अलावा हड्डियों और मांसपेशियों में ट्यूमर जैसी स्थिति, जोड़ों में सूजन होना, जोड़ों में दर्द, संक्रमण या फिर क्लॉटिंग फैक्टर के खिलाफ एंटीबॉडी का विकास आदि समस्याएं हो सकती हैं। इस समस्या से निजात पाने के लिए डॉक्टर द्वारा सही इलाज और बच्चों की खास देखभाल की जानी चाहिए। इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बाल रोग विशेषज्ञ की बताई गए कुछ टिप्स शेयर कर रहे हैं। जिनके जरिए आप अपने बच्चों का ध्यान रख सकते हैं।

### इन बातों का रखें खास ख्याल

यदि किसी बच्चे को हीमोफीलिया होता है, तो ऐसी स्थिति में अधिक से अधिक प्रयास यही करे कि बच्चे को चोट न लगे। क्योंकि चोट लगने से ब्लीडिंग होगी

समय-समय पर बच्चे का डॉक्टर से चेकअप जरूर कराते हैं।

डॉक्टर द्वारा दी गई दवाएं रेगुलर तौर पर बच्चे को जरूर दें।

डॉक्टर से यह भी पूछ लें कि बच्चों को किन खेलों से दूरी बनानी चाहिए।

इसके साथ ही किसी भी तरह की सर्जरी से पहले डॉक्टर का परामर्श जरूर लें।

### इन बातों पर दें ध्यान

हेल्थ एक्सपर्ट्स के मुताबिक यदि बच्चे को हीमोफिलिया है तो बच्चे के स्कूल स्टाफ, दोस्तों आदि को इसकी जानकारी जरूर दें। साथ ही आपातकाल स्थिति में बच्चे को किस तरह की देखभाल की जरूरत है, यह जानकारी भी देनी चाहिए।

इसके अलावा ब्लीडिंग को कैसे रोकना है, या अगर छोटी-मोटी चोट लगी है, तो उस दौरान क्या करना चाहिए।

डॉक्टर से कब परामर्श लेनी है और उनके पास कब जाना है या बुलाना है। इन सब बातों के बारे में जानकारी होनी जरूरी है।

# बच्चों के दिमाग पर गहरा असर डालती है ये बीमारी



पांडा सिंड्रोम के लक्षण अधिकतर 3 से 12 साल तक के बच्चों में देखे जाते हैं। इस दौरान बच्चे के व्यवहार में बदलाव आता है। हेल्थ एक्सपर्ट्स के अनुसार, हर बच्चे में इसके अलग-अलग लक्षण हो सकते हैं। पांडा सिंड्रोम बीमारी कम उम्र के बच्चों में देखने को मिलती है। ऑब्सेसिव-कंपल्सिव डिसऑर्डर यानी की डउऊया स्ट्रेप्टोकोकल संक्रमण होने के बाद अचानक से दोनों के लक्षण दिखाई देने पर पांडा सिंड्रोम हो सकता है। वहीं एक स्ट्रेप संक्रमण होने के बाद अचानक से ओसीडी या टिक के लक्षण दिखने की स्थिति में भी पांडा सिंड्रोम हो सकता है। नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ मेंटल हेल्थ के मुताबिक पीडियाट्रिक ऑटोइम्यून न्यूरोसाइकैट्रिक डिसऑर्डर एसोसिएटिड विद स्ट्रप्टोकोकल इंफेक्शन को पांडा सिंड्रोम कहते हैं।

### बच्चों को ज्यादा खतरा

प्राप्त जानकारी के अनुसार, अधिकतर पांडा सिंड्रोम के लक्षण 3 से 12 साल के बच्चों में देखने को मिलते हैं। हेल्थ एक्सपर्ट्स की मानें तो जन्म के दौरान लड़कियों की अपेक्षा यह लड़को में ज्यादा होता है। वहीं कुछ शोधकर्ताओं का मानना है कि किशोरों या वयस्कों में स्ट्रेप संक्रमण से मानसिक या न्यूरोलॉजिकल लक्षण दिखना असामान्य है। इसके अलावा कई रिसर्चों में यह भी सामने आया है कि पांडा सिंड्रोम एक दुर्लभ बीमारी है।

### पांडा सिंड्रोम के लक्षण

हेल्थ एक्सपर्ट्स का मानना है कि हर बच्चे में पांडा सिंड्रोम के अलग-अलग लक्षण भी पाए जा सकते हैं। पांडा सिंड्रोम के लक्षण किसी बच्चे में अचानक से भी शुरू हो सकते हैं। कई बार ऐसा लगता है इसके लक्षण सिर्फ कुछ दिनों या हफ्तों तक रहते हैं। लेकिन एक बार खत्म होने के बाद यह लक्षण दोबारा भी लौट आते हैं। इस दौरान पीड़ित में टेंशन, तनाव, बिस्तर गीला करना, सोने में परेशानी, खाने में अरुचि, मूड या व्यक्तित्व में चेंजेस आना, गुस्सा करना, फिजूलखर्ची और अटेंशन-डेफिसिट/हाइपरएक्टिविटी डिसऑर्डर (एडीएचडी) के लक्षण दिखाई देते हैं।

### न्यूरोलॉजिकल लक्षण

पांडा सिंड्रोम के न्यूरोलॉजिकल लक्षणों में हाथ से लिखने में समस्या होना, स्कूल में खराब परफॉर्मेंस, को-ऑर्डिनेशन में प्रॉब्लम, मोटर स्किल (मांसपेशियों की गति) में परिवर्तन, ध्यान केंद्रित करने या सीखने में कठिनाई होना और रोशनी व ध्वनि के प्रति संवेदनशील होना शामिल है।

### क्यों होता है पांडा सिंड्रोम

जब आपके बच्चे की प्रतिरक्षा प्रणाली बैक्टीरिया से लड़ने के लिए एंटीबॉडी का उत्पादन करने लगती है,तब स्ट्रेप संक्रमण होता है। हालांकि एंटीबॉडी गलती से अन्य ऊतकों में स्वस्थ कोशिकाओं पर भी हमला कर उन्हें प्रभावित कर सकती हैं। क्योंकि यह कोशिकाएं स्ट्रेप संक्रमण की नकल करती हैं। वहीं कुछ एक्सपर्ट्स का मानना है कि आपके बच्चे के मस्तिष्क में ऊतकों को भी एंटीबॉडी प्रभावित कर सकते हैं।

# वेट लॉस जर्नी में इन टिप्स की मदद से खुद को करें मोटिवेट

जब भी आप कोई काम करते हैं तो उसके पीछे कोई ना कोई कारण अवश्य होना चाहिए। जिस भी काम के पीछे कारण नहीं होता है, वह कभी भी सफल नहीं होता है। इसलिए, पहले खुद से पूछें कि आप वजन कम क्यों करना चाहते हैं। किसी भी काम को करने के लिए मोटिवेशन होना बेहद जरूरी है। ऐसा ही कुछ वेट लॉस के साथ भी है। कुछ लोग बहुत ही एनर्जी के साथ वेट लॉस जर्नी शुरू करते हैं, लेकिन सही मोटिवेशन ना होने के कारण वे अपनी जर्नी को बीच में ही छोड़ देते हैं। इसके बाद अपनी बॉडी को ही दोष देना शुरू करते हैं कि उनका वजन कम हो ही नहीं सकता। हो सकता है कि आप सही तरह से वेट लॉस कर रहे हों, लेकिन मोटिवेशन ना होने के कारण आप अपनी जर्नी को आगे ना बढ़ाना चाहते हों।

**खुद से पूछें क्यों कम करना है वजन :** जब भी आप कोई काम करते हैं तो उसके पीछे कोई ना कोई कारण अवश्य होना चाहिए। जिस भी काम के पीछे कारण नहीं होता है, वह कभी भी सफल नहीं होता है। इसलिए, पहले खुद से पूछें कि आप वजन कम क्यों करना चाहते हैं। मसलन, आप सिर्फ अपनी बॉडी को शेप में रखना चाहते हैं या फिर भयंकर बीमारियों को मात देना चाहते हैं। जब आपके पास कोई कारण होगा तो ऐसे में आप जल्दी से अपना कदम पीछे नहीं लेंगे।

**बनाएं कम्युनिटी :** कई बार जब हम अकेले दौड़ रहे होते हैं तो जल्द ही रेस को बीच में छोड़ देते हैं। आपके साथ ऐसा ना हो, इसलिए ऐसे लोगों की कम्युनिटी में जुड़े, जो फिटनेस फ्रीक हों। उनसे आपको बहुत अधिक मोटिवेशन मिलेगा। साथ ही, उनसे कई नई तरह की जानकारियां भी हासिल होंगी। जिससे आप खुद को अधिक मोटिवेटिड फील करेंगे और अपनी वेट लॉस जर्नी को बीच में छोड़ने का ख्याल भी आपके मन में नहीं आएगा।

**सेट करें गोल :** अगर आप चाहते हैं कि आप अपनी जर्नी बीच में ना छोड़ें तो इसके लिए जरूरी है कि आप रियलिस्टिक गोल्स सेट करें। आप यह सोच लें कि आपको कितना वजन कम करना है और उसके लिए समय भी सुनिश्चित करें। महीने में एक से दो किलो वजन कम करने का लक्ष्य रखें। अगर आप सही डाइट लेते हैं और वर्कआउट करते हैं तो 2-3 किलो वजन आसानी से कम हो जाता है। जब आपको उम्मीद से बेहतर रिजल्ट मिलेगा तो इससे यकीनन आपको काफी अच्छा लगेगा।

❖ मिताली जैन

## आज का राशिफल

**मेष राशि :** आज का दिन अच्छा रहेगा। मित्रों के सहयोग से कारोबार में अनुकूल परिस्थितियां रहेंगी। बड़े कार्यों में सफलता हासिल होगी। कुछ पुराने मित्रों से संपर्क बन सकते हैं।

**वृष राशि :** आज का दिन शुभ फलदायक रहेगा। आर्थिक लाभ मिल सकता है। नौकरी तथा कारोबार के क्षेत्र में धनलाभ के योग हैं।

**मिथुन राशि :** आज का दिन अच्छा रहेगा। आकस्मिक धनलाभ के योग हैं। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। नए कार्य शुरू करने के लिए दिन अनुकूल नहीं है।

**कर्क राशि :** आज का दिन सामान्य रहेगा। मन अशांत और शरीर थोड़ा थकान से भरा रहेगा। आर्थिक लाभ होगा, लेकिन अनावश्यक खर्च बढ़ने की संभावना रहेगी।

**सिंह राशि :** आज का दिन अच्छा बीतेगा। आकस्मिक धनलाभ होने की भी संभावना है। दोस्तों से लाभ हो सकता है। नौकरी-पेशे वाले लोगों को लाभ होगा।

**कन्या राशि :** आज का दिन शुभ रहेगा। पूरा दिन अद्भुत अनुभव व जोश से भरा रहेगा। धैर्यशीलता में वृद्धि होगी। अधिकारी आप के कार्य से संतोष का अनुभव करेंगे।

**तुला राशि :** आज का दिन सामान्य रहेगा। आर्थिक लाभ के योग रहेंगे, लेकिन परिश्रम की भी अधिकता रहेगी। नौकरी में अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है।

**वृश्चिक राशि :** आज का दिन अच्छा रहेगा। आकस्मिक धनलाभ मिल सकता है। प्रिय व्यक्ति से मुलाकात आनंदायक रहेगी। छात्रों के लिए अच्छा समय है।

**धनु राशि :** आज का दिन सामान्य रहेगा। कारोबार में आर्थिक लाभ मिलने की संभावना है, खर्चों की अधिकता रहेगी। मित्रों और स्नेहीजनों के साथ प्रवास या पर्यटन का योग है।

**मकर राशि :** आज का दिन लाभदायक रहेगा। निवेश करने के लिए दिन अच्छा रहेगा। शारीरिक व मानसिक रूप से उत्तम रहेगा। परिजन व पड़ोसियों से बहस करने से बचें।

**कुंभ राशि :** आज का दिन सामान्य रहेगा। व्यावसायिक कार्यों में सरकारी हस्तक्षेप बढ़ेगा। आय में वृद्धि होगी। अधिक परिश्रम करने पर सफलता मिलेगी, लेकिन अनावश्यक खर्च भी अधिक बढ़ेगा।

**मीन राशि :** आज का दिन मिला-जुला रहेगा। कारोबार में आर्थिक लाभ मिलने के योग हैं। किसी यात्रा पर जा सकते हैं। खुद पर संयम रखें। क्रोध एवं आवेश की अधिकता रहेगी।





## NEWS इन ब्रीफ

### हत्या के प्रयास के मामले में मुख्तार अंसारी बरी, पर रहेंगे

**गाजीपुर (उत्तर प्रदेश)।** गाजीपुर की सांसद/विधायक अदालत ने बुधवार को गैंगस्टर से नेता बने मुख्तार अंसारी को हत्या के प्रयास के एक मामले में बरी कर दिया। यह मामला 2009 का है। मीर हसन ने सोनू यादव के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कराया था और पांच बार के विधायक मुख्तार अंसारी को साजिशकर्ता के रूप में नामित किया था। उस समय अंसारी पहले से ही जेल में बंद था। मुख्य आरोपी सोनू यादव को भी बरी कर दिया गया है। हालांकि, इस मामले में बरी होने के बावजूद मुख्तार जेल में ही रहेगा, क्योंकि उसके खिलाफ कई अन्य मामले लंबित हैं।

### जम्मू-कश्मीर में जवान ने खुद को गोली मारी

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के पुलवामा जिले में बुधवार को केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के एक जवान ने अपनी सर्विस राइफल से खुद को गोली मार ली। अधिकारियों ने कहा कि जवान पुलवामा के अवंतीपोरा इलाके में तैनात था। एक अधिकारी ने कहा कि शव को पोस्टमार्टम के लिए पुलिस कंट्रोल रूम में भेज दिया गया है। इस घटना में एक मामला दर्ज कर लिया गया है। घटना की जांच की जा रही है, और यह पता लगाया जा रहा है कि जवान को इतना बड़ा कदम उठाने को क्यों मजबूर होने पड़ा।

### उग्रवादी हमले में घायल असम राइफल्स के जवान ने इलाज के दौरान दम तोड़ा

**इंफाल।** मणिपुर में उग्रवादी हमले में घायल हुए असम राइफल्स के जवान आलोक राव ने बुधवार को कोलकाता के कमांड अस्पताल में दम तोड़ दिया। रक्षा अधिकारियों ने यह जानकारी दी है। राव 10 मई को मणिपुर के सेनापति जिले में जातीय संघर्ष में उग्रवादियों के हमले में घायल हो गए थे। अधिकारियों के अनुसार, उग्रवादियों ने डोलाईथाबी में सेना-असम राइफल्स के इलाके में गश्त के दौरान गोलीबारी की थी, जिसमें 18 असम राइफल्स के राइफलमैन राव घायल हो गए थे। सुरक्षाकर्मियों की जवाबी कार्रवाई के बाद चरमपंथी भागने में सफल रहे। घायल राव को हेलीकॉप्टर से मणिपुर के सैन्य अस्पताल और फिर कोलकाता के कमांड अस्पताल ले जाया गया।

### पत्रकार विवेक रघुवंशी की मदद के आरोप में नौसेना का पूर्व कमांडर गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने बुधवार को नौसेना के एक पूर्व कमांडर को स्वतंत्र पत्रकार विवेक रघुवंशी को डीआरडीओ से संबंधित संवेदनशील जानकारी हासिल करने में मदद करने के आरोप में गिरफ्तार किया। जांच एजेंसी ने पाकिस्तान सहित विदेशी देशों की खुफिया एजेंसियों के साथ गोपनीय जानकारी साझा करने के आरोप में रघुवंशी को भी गिरफ्तार किया था। पूर्व कमांडर की पहचान आशीष पाठक के रूप में हुई है। दोनों को सीबीआई अदालत में पेश किया जाएगा और जांच एजेंसी द्वारा उनकी हिरासत की मांग किए जाने की संभावना है। रघुवंशी संवेदनशील सूचनाओं के अवैध संग्रह में शामिल थे। उन्होंने डीआरडीओ रक्षा परियोजनाओं और उसकी प्रगति का सूक्ष्म विवरण एकत्र किया।

### केंद्रीय कैबिनेट ने खरीफ सीजन में खाद की कीमत नहीं बढ़ाने का किया फैसला

# 1.08 लाख करोड़ के उर्वरक सब्सिडी प्रस्ताव को दी मंजूरी



**एजेंसी। नई दिल्ली**

मोदी सरकार ने देश के किसानों को राहत देने के लिए खरीफ सीजन में खाद की कीमत नहीं बढ़ाने का फैसला किया है। बुधवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में रबी सीजन, 2022-23 के लिए पोषक तत्व आधारित सब्सिडी (एनबीएस) दरों में संशोधन और खरीफ सीजन, 2023 के लिए पोषक तत्व आधारित सब्सिडी (एनबीएस) की दरों के निर्धारण को मंजूरी दे दी गई। केंद्रीय कैबिनेट के फैसले की जानकारी देते हुए केंद्रीय मंत्री मनसुख मंडाविया ने बताया कि सरकार ने देश के किसानों के हित में बड़ा और महत्वपूर्ण फैसला करते हुए यह तय किया है कि खरीफ सीजन के दौरान सरकार खाद की कीमतों को नहीं बढ़ाएगी। उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय बाजार में बढ़ रही कीमत के बावजूद किसानों को समय पर सस्ता खाद मिले, यह सुनिश्चित करते हुए सरकार ने इस पर सब्सिडी बढ़ाई लेकिन इसकी एमआरपी नहीं बढ़ाई। उन्होंने कहा कि किसानों को रियायती, सस्ती और उचित कीमतों पर उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए सरकार ने हमेशा कदम उठाएं हैं। मनसुख मंडाविया ने यह भी बताया कि खरीफ फसलों के लिए खाद की कीमत नहीं बढ़ाने के इस फैसले को लागू करने के लिए सरकार को उर्वरक सब्सिडी के रूप में 1 लाख 8 हजार करोड़ रुपये की राशि खर्च करनी पड़ेगी। केंद्रीय मंत्री ने पिछली यूपीए सरकार की आलोचना करते हुए यह भी कहा कि उनके कार्यकाल के दौरान देश में यूरिया की किल्लत के कारण कई बार किसानों को सड़क पर उतरना पड़ता था, लेकिन सत्ता में आने के बाद मोदी सरकार ने यह सुनिश्चित किया है कि देश में कभी भी यूरिया की किल्लत न हो और यह हमेशा किसानों के लिए उपलब्ध रहे।

### आईटी हार्डवेयर सेक्टर के लिए पीएलआई 2.0 योजना को दी मंजूरी

**केंद्रीय** कैबिनेट ने आईटी हार्डवेयर सेक्टर के लिए पीएलआई 2.0 योजना को मंजूरी दे दी है। बुधवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में आईटी हार्डवेयर के लिए उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना 2.0 को मंजूरी दे दी गई है। कैबिनेट के फैसले की जानकारी देते हुए केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि 17 हजार करोड़ रुपये के बजट के साथ आईटी हार्डवेयर सेक्टर के लिए इस पीएलआई 2.0 योजना को 6 वर्ष के लिए मंजूरी दी गई है। उन्होंने दावा किया कि इस नई प्रोत्साहन योजना को मंजूरी मिलने से आईटी हार्डवेयर सेक्टर में 3.35 लाख करोड़ रुपये के लगभग के उत्पादन में बढ़ोतरी होने और 2,430 करोड़ रुपये के लगभग के निवेश आने की संभावना है। केंद्रीय मंत्री ने इंडियन ब्रांड्स को मजबूत करने की सरकार की मंशा का जिक्र करते हुए इससे सीधे तौर पर 75 हजार नए रोजगार के अवसर पैदा होने और प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष दोनों प्रकार के रोजगारों की संभावनाओं को मिलाने पर दो लाख से भी कहीं ज्यादा नए रोजगार के अवसर पैदा होने का दावा किया है। इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण और मोबाइल फोन के निर्माण में भारत की उपलब्धियों का जिक्र करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की फोक्सड नीति के कारण भारत ने इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण के क्षेत्र में इस साल उत्पादन में 105 बिलियन अमरीकी डालर (लगभग 9 लाख करोड़ रुपये) के एक प्रमुख बेंचमार्क को पार कर लिया है। भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा मोबाइल फोन निमार्ता बन गया है। मोबाइल फोन का निर्यात इस साल 11 अरब अमेरिकी डॉलर (करीब 90 हजार करोड़ रुपये) के एक बड़े पड़ाव को पार कर गया है।



वैश्विक इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्र भारत आ रहा है, और भारत एक प्रमुख इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण देश के रूप में उभर रहा है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि मोबाइल फोन के लिए उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना (पीएलआई) की सफलता के आधार पर केंद्रीय मंत्रिमंडल ने आज आईटी हार्डवेयर के लिए इस पीएलआई योजना 2.0 को मंजूरी दी है। आईटी हार्डवेयर सेक्टर के लिए इस नई पीएलआई स्कीम में लैपटॉप, टैबलेट, ऑल-इन-वन पीसी, सर्वर और अल्ट्रा स्मॉल फॉर्म फैक्टर डिवाइस शामिल हैं। भारत सभी वैश्विक बड़ी कंपनियों के लिए एक विश्वसनीय आपूर्ति श्रृंखला भागीदार के रूप में उभर रहा है। बड़ी आईटी हार्डवेयर कंपनियों ने भारत में विनिर्माण सुविधाएं स्थापित करने में गहरी दिलचस्पी दिखाई है। यह देश के भीतर अच्छी मांग वाले मजबूत आईटी सेवा उद्योग द्वारा समर्थित है। अधिकांश बड़ी कंपनियां भारत में स्थित सुविधा से भारत के भीतर ही घरेलू बाजारों में आपूर्ति करना चाहती हैं और इसके साथ ही भारत को निर्यात का केंद्र भी बनाना चाहती हैं।

## सुप्रीम कोर्ट ने अदानी-हिंडनबर्ग जांच पर सेबी को 14 अगस्त तक रिपोर्ट सौंपने को कहा

**एजेंसी। नई दिल्ली**

सर्वोच्च न्यायालय ने बुधवार को भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) से अदानी-हिंडनबर्ग विवाद की जांच पर 14 अगस्त को एक अद्यतन स्थिति रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा। भारत के मुख्य न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ ने सेबी का प्रतिनिधित्व कर रहे सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से कहा कि अदालत सितंबर तक समय दे सकती है, लेकिन 14 अगस्त को हमें बताएं, आप किस चरण में हैं, हमें एक अद्यतन रिपोर्ट दें। मेहता ने तर्क दिया कि सेबी को अपनी रिपोर्ट पूरी करने के लिए छह महीने का विस्तार पहले ही सीमित



कर दिया गया है। बेंच में शामिल जस्टिस पी.एस. नरसिम्हा और जे.बी. पारदीवाला ने मेहता से कहा, हमें बताएं कि आपने क्या किया है और अदालत ने शुरू में दो महीने का समय दिया था और अब इसे अगस्त तक बढ़ा दिया है। शीर्ष अदालत ने जोर देकर कहा कि वह जांच पूरी करने के लिए अनिश्चितकालीन विस्तार नहीं दे सकती। अधिवक्ता प्रशांत भूषण ने प्रस्तुत किया कि हाल के वर्षों में और कई शिकायतों के बावजूद, सेबी ने कुछ नहीं किया। बाजार नियामक ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि 2016 से अदानी समूह पर लगे आरोपों की जांच तथ्यात्मक रूप से निराधार है। सेबी ने यह आगाह किया कि रिकॉर्ड पर पूरे तथ्य सामग्री के बिना मामले का कोई भी गलत या समय से पहले निष्कर्ष न्याय के उद्देश्य की पूर्ति नहीं करेगा और कानूनी रूप से अस्थिर होगा। सेबी द्वारा मामले में समय के विस्तार के लिए आवेदन का मतलब निवेशकों और प्रतिभूति बाजार के हित को ध्यान में रखते हुए न्याय सुनिश्चित करना है।

### बाबरी विवाद में मुस्लिम पक्ष के वकील जफरयाब जिलानी का निधन

**लखनऊ।** अयोध्या बाबरी विवाद में मुस्लिम पक्ष के अधिवक्ता रहे जफरयाब जीलानी का बुधवार को लखनऊ में निधन हो गया। लंबे समय के बीमार चल रहे थे। जीलानी के बेटे नजम जफरयाब ने बताया कि उनके पिता ने लखनऊ के निषाद अस्पताल में पूर्वान्ह करीब 11 बज कर 50 मिनट पर आखिरी सांस ली। वह पिछले काफी समय से बीमार थे। उनके परिवार में पत्नी, दो बेटे और एक बेटी है। बता दें कि ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड (एआइएमपीएलबी) के सचिव जफरयाब जिलानी लंबे समय से बीमार चल रहे थे। पहले भी एक दो बार उनकी तबीयत अचानक बिगड़ गई थी।

### समीक्षा : शोधित जल के उपयोग की रफ्तार धीमी, बोले मंत्री शेखावत

# गंगा नदी तट पर सर्वेक्षण करायेगी सरकार

**एजेंसी। नई दिल्ली**

गंगा नदी के तट पर स्थित बिजली संयंत्रों द्वारा शोधित जल के उपयोग की धीमी गति को देखते हुए सरकार इस नदी तट के 10 किलोमीटर के दायरे में अधिक जल की खपत करने वाले बिजली संयंत्रों, तेल शोधक कारखानों, कागज, कपड़ा उद्योगों आदि का सर्वेक्षण करायेगी। गंगा नदी पर अधिकार सम्पन्न कार्यबल (ईटीएफ) की पिछले महीने हुई 11वीं बैठक के कार्यवृत (मिनट्स) दस्तावेज से यह जानकारी मिली है। बैठक के कार्यवृत के अनुसार जल शक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने इसमें कहा कि विद्युत संयंत्रों द्वारा शोधित जल के उपयोग की रफ्तार धीमी है ऐसे में प्रक्रियाओं को तेज करने तथा



जरूरी मंजूरी प्रदान करने को लेकर जल्द कदम उठाये जाएं। उन्होंने निर्देश दिया कि गंगा नदी के तट पर स्थित सभी विद्युत संयंत्रों को शोधित जल का उपयोग करने को कहा जाए तथा जल संसाधन सचिव एवं विद्युत सचिव की अध्यक्षता में मासिक समीक्षा बैठक की जाए। मंत्री ने गंगा नदी के तट के 10 किलोमीटर के दायरे में स्थित कागज एवं लुगदी उद्योग, बिजली संयंत्रों, तेल शोधक कारखानों, कपड़ा उद्योगों जैसे अधिक जल की खपत करने वाले उद्योगों का सर्वेक्षण कराने को भी कहा। सर्वेक्षण में इन उद्योगों द्वारा उपयोग में लाये जाने वाले भूजल या सतह जल के रूप में ताजे जल के स्रोत के स्थान का पता लगाने तथा इन उद्योगों को ताजे जल पर निर्भरता कम करने के निर्देश देने को भी कहा गया है। राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन (एनएमसीजी) को इससे जुड़ी पहलों की नियमित निगरानी करने को कहा गया है। गंगा नदी के तट पर स्थित उद्योगों या संयंत्रों द्वारा शोधित जल के उपयोग की पहल को लेकर बिजली मंत्रालय ने बताया कि दिल्ली में दो गैस आधारित विद्युत संयंत्र (प्रगति पी पी) अभी शोधित जल का उपयोग कर रहे हैं। साथ ही इस नदी के तट पर स्थित 26 बिजली संयंत्रों की अब तक पहचान की गई है जो जलमल संवर्द्धन संयंत्रों (एसटीपी) के माध्यम से शोधित जल का उपयोग कर सकते हैं। यह भी सूचित किया गया कि शोधित जल के उपयोग करने को लेकर पानीपत तल शोधक संयंत्र की पहचान की गई है।

### गैंगस्टर-आतंकवादी सांठगांठ मामला

# एनआईए ने 122 जगहों पर छापे मारे, संवेदनशील दस्तावेज बरामद

**एजेंसी। नई दिल्ली**

एक बड़े ऑपरेशन के तहत राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने बुधवार को छह राज्यों में 122 स्थानों पर छापेमारी की। सूत्रों ने बताया इसमें कई आपत्तिजनक दस्तावेज बरामद हुए हैं। छापेमारी के दौरान स्थानीय पुलिस और अर्धसैनिक बल एजेंसी की मदद कर रहे थे। ये छापे गैंगस्टर-ड्रग्स तस्कर-आतंकवादी सांठगांठ मामले की चल रही एक जांच का हिस्सा हैं, जिसमें खालिस्तानी तत्वों से संबंध का संदेह है। सूत्रों के मुताबिक, उत्तराखंड, पंजाब, दिल्ली, मध्य प्रदेश, राजस्थान और हरियाणा में छापेमारी चल रही थी। छापेमारी के दौरान कुछ



आपत्तिजनक दस्तावेज भी बरामद हुए हैं। पंजाब में 58 ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है। पंजाब पुलिस ने ट्वीट किया, पंजाब पुलिस के सहयोग से एनआईए पंजाब में 58 स्थानों पर छापेमारी कर रही है। पंजाब पुलिस पंजाब में 143 स्थानों पर घेराबंदी और तलाशी अभियान चला रही है। दिल्ली में दो दर्जन जगहों पर छापेमारी चल रही है। एनआईए की कार्रवाई आतंकवाद के कृत्यों की योजना बनाने और उन्हें क्रियान्वित करने में खालिस्तानी समूहों से जुड़े गैंगस्टरों की संलिप्तता की ओर इशारा करने वाली खुफिया सूचनाओं के जवाब में आई है। एजेंसी का उद्देश्य आतंकवाद को बढ़ावा देने में शामिल नेटवर्क को उजागर करना और उनकी गतिविधियों को बाधित करना है। ऑपरेशन राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा पैदा करने वाले आपराधिक नेटवर्क को खत्म करने के एनआईए के प्रयासों में एक महत्वपूर्ण कदम है। फिलहाल एनआईए ने इस मामले में कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है।

# आंध्र-प्रदेश तेलंगाना की सीमा पर सड़क हादसे में छह आदिवासी मजदूरों की मौत

**एजेंसी। गुंटूर**

आंध्र प्रदेश-तेलंगाना सीमा के पास आंध्र प्रदेश के पलनाडू जिले के पोंडुगला गांव में बुधवार तड़के एक ऑटो-रिक्शा के एक ट्रक की चपेट में आने से छह लोगों की मौत हो गई और छह अन्य घायल हो गए। दुर्घटना के शिकार आदिवासी जो पड़ोसी राज्य तेलंगाना के रहने वाले थे और खेतों में काम करने के लिए ऑटो से पालनाडु जिले के पुलीपाड़ा जा रहे थे। पुलिस के मुताबिक, तेलंगाना के नलगोंडा जिले की ओर जा रहे एक ट्रक ने नलगोंडा से पलनाडु की ओर आ रहे ऑटोरिक्शा को टक्कर मार दी। इसके बाद ट्रक चालक तेलंगाना की ओर भाग गया। पुलिस ने तेजी से कार्रवाई करते हुए एक विशेष टीम का गठन किया और उस ट्रक का पता लगाया, जिसका पंजीकरण नंबर तमिलनाडु का था। घायलों को गुरजाला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।


### बिहार : लखीसराय में सड़क दुर्घटना में पांच पुलिसकर्मियों समेत सात घायल

**पटना।** बिहार के लखीसराय जिले में बुधवार सुबह एक तेज रफ्तार ट्रक ने वैन को टक्कर मार दी। इस हादसे में पांच पुलिसकर्मियों सहित सात लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में दो अन्य दो घायल हुए हैं वह कैदी हैं। सूत्रों के मुताबिक, सारण जिले में तैनात घायल पुलिसकर्मी जिला जेल में बंद दो कैदियों को लेने लखीसराय आए थे। उनके खिलाफ सारण बैंक लूट मामले में केस दर्ज किया गया था। यह हादसा बाइपास रोड स्थित न्यू मार्केट के पास पचना मोड़ पर हुआ। पुलिस ने कहा कि न्यू मार्केट में एक फ्लाईओवर था और ट्रक के ठीक पीछे दो कैदियों को ले जा रही पुलिस वैन थी। पीछे से एक तेज रफ्तार ट्रक आया और पुलिस वैन को टक्कर मार दी। टक्कर तेज होने के कारण पुलिस वैन सामने खड़े ट्रक से जा टकराई। घायलों को स्थानीय व्यापारियों ने रेस्क्यू कर लखीसराय के सदर अस्पताल पहुंचाया।




### सारा अली खान का कान फिल्म फेस्टिवल में डेब्यू

**प्रतिष्ठित** कान फिल्म फेस्टिवल 2023 का रेड कार्पेट पहले दिन चकाचौंध और भव्यता से भरा रहा। एक्टर सारा अली खान ने अपने कान फिल्म फेस्टिवल की शुरूआत के लिए एक देसी लुक चुना, जिसने कई दिल जीत लिए। उन्होंने सिल्वर एम्बेलिश्ड ड्रेस के साथ नाओमी कैंपबेल चोपर्ड ज्वेलरी पहनीं। कान फिल्म फेस्टिवल 2023 के पहले दिन के कुल लुक्स को काफी पसंद किया गया। सारा अली खान ने अबू जानी संदीप खोसला द्वारा डिजाइन की गई हाथ से कशीदाकारी मल्टी-पैनल ड्रेस में अपना कान्स डेब्यू किया।



### फिल्म 'भेड़िया' की ओटीटी रिलीज डेट आई सामने

वरुण धवन और कृति सनोन स्टारर 2022 में रिलीज 'भेड़िया' अब जल्द ही ओटीटी प्लेटफॉर्म पर दिखेगी। फैंस लंबे समय से ओटीटी पर 'भेड़िया' का इंतजार कर रहे थे। यह फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज होने के कुछ दिनों के भीतर ओटीटी पर रिलीज होनी थी, लेकिन इसके लिए करीब 6 महीने इंतजार करना पड़ा। पहले भी चर्चा थी कि 'भेड़िया' 21 अप्रैल को ओटीटी पर रिलीज होगी। आखिरकार वरुण धवन और कृति सेनन की 'भेड़िया' 26 मई को ओटीटी प्लेटफॉर्म जियो सिनेमा पर रिलीज होगी। जियो के नए ओटीटी प्लेटफॉर्म में और भी कई सुविधाएं हैं।



## 'आदिपुरुष' की रिलीज से एक महीने पहले, प्रभास ने नया पोस्टर शेयर किया

**'आदिपुरुष'** का सिनेमाघरों में रिलीज के लिए काउंटडाउन शुरू हो गया है। फिल्म का प्रीमियर ट्रिबेका फिल्म फेस्टिवल में होगा, जिसके बाद आज से ठीक एक महीने बाद यह फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म के निमार्ताओं ने प्रभास को राघव के रूप में दिखाते हुए एक शानदार नया पोस्टर रिलीज किया है। पोस्टर को सोशल मीडिया पर शेयर करते हुए प्रभास ने कैप्शन में लिखा है, मंगलमय हर भक्त होगा, जब आदिपुरुष का स्वागत होगा। आदिपुरुष के आगमन की गूंज से सभी की भक्ति उमड़ पड़ी है, एक महीना बाकी है! जय श्रीराम हैशटैग आदिपुरुष 16 जून को दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी! रामायण पर आधारित एक पौराणिक ड्रामा, फिल्म ओम राउत द्वारा लिखित और निर्देशित है। फिल्म को हिंदी और तेलुगू में एक साथ शूट किया गया। इस फिल्म में प्रभास, कृति सैनन, सैफ अली खान, सनी सिंह, देवदत्त नाग और वत्सल शेठ मुख्य भूमिकाओं में हैं। इसका संगीत अजय-अतुल ने तैयार किया है।



# पंचायतों के सर्वांगीण विकास के लिए नौ थीम पर दिया गया प्रशिक्षण

- प्रखंड कार्यालय नामकुम में दो दिवसीय राज्यस्तरीय कार्यक्रम
- राज्य में नामकुम से सर्वप्रथम प्रशिक्षण कार्यक्रम की हुई शुरूआत



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

पंचायतों के सर्वांगीण विकास के लिए पंचायती राज विभाग नौ थीम पर काम कर रहा है। इसी थीम पर योजनाओं का चयन कर कार्य करने के लिए नामकुम प्रखंड कार्यालय में दो दिवसीय राज्यस्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पंचायती राज निदेशक निशा उरांव ने बताया कि नौ थीम में गरीबी मुक्त और उन्नत आजीविका गांव, स्वस्थ गांव, बाल हितैशी गांव, जल पर्याप्त गांव, स्वच्छ और हरित गांव, गांव में आत्मनिर्भर बुनियादी ढांचा, सामाजिक रूप से सुरक्षित गांव, सुशासन वाला गांव तथा महिला और बाल हितैशी गांव शामिल हैं। इसी थीम पर योजनाओं का चयन कर उस पर जमीनी स्तर पर कार्य किया जाएगा। इसके मद्देनजर इससे जुड़े लोगों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। निशा उरांव ने कहा कि इस प्रशिक्षण के उपरान्त प्रशिक्षु अपने पंचायत/गांव को विकसित करने हेतु योजनाओं का चयन कर सकते हैं एवं गांव के लोगों को प्रशिक्षण देकर विकास में भागीदार बना सकते हैं। उन्होंने जानकारी दी कि राज्य में नामकुम से सर्वप्रथम प्रशिक्षण की शुरूआत की गई है। नामकुम प्रखंड को प्रशिक्षण हेतु चयन करने के बारे में उन्होंने बताया कि नामकुम प्रखंड की स्थिति सबसे बेहतर है तथा यह रांची जिले से सबसे नजदीक का प्रखंड है। मौके पर जिला पंचायती राज पदाधिकारी बीरेंद्र चौबे ने भी प्रशिक्षण कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए दिशा निर्देश दिए। प्रशिक्षण कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त, रांची दिनेश कुमार यादव, प्रखंड विकास पदाधिकारी ज्ञान शंकर जायसवाल, प्रमुख आशा कच्छप तथा उप प्रमुख वीणा देवी सहित राज्यस्तर के प्रशिक्षक तथा सभी 24 जिलों के डीपीएम, शिक्षा विभाग, चिकित्सा विभाग, जेएसएलपीएस, कृषि विभाग, कल्याण विभाग, मनरेगा, स्वच्छ भारत मिशन के प्रतिनिधि समेत सहायक अभियंता/ कनीय अभियंता/ सभी मुखिया/पंचायत सचिव तथा संबंधित विभागों के कर्मचारी उपस्थित थे।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जून में कर सकते हैं झारखंड का दौरा

# वंदे भारत ट्रेन को दिखाएंगे हरी झंडी



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

जून महीने में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी झारखंड दौरे पर आएंगे। इसको लेकर के झारखंड में तैयारी शुरू हो गई है। अगर सब कुछ ठीक-ठाक रहा तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जून महीने में झारखंड दौरे पर आ सकते हैं। हालांकि अभी पीएम मोदी के आने की तारीख पर अंतिम मुहर नहीं लगी है।दरअसल रांची से पटना के लिए वंदे भारत एक्सप्रेस की शुरूआत रांची से होनी है। इसे लेकर के रेलवे अपनी सभी तैयारियों को अंतिम रूप देने की कवायद में जुटा है। वंदे भारत ट्रेन के परिचालन का शुभारंभ प्रधानमंत्री के द्वारा किया जाना है। झारखंड के भाजपा नेता और रेल मंत्रालय दोनों तैयारी में जुटे हुए हैं। वंदे भारत एक्सप्रेस की चल रही तैयारी को लेकर के रांची सांसद संजय सेठ और रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ दिल्ली में बैठक हुई थी। जिसके बाद यह बात तय की गई थी कि पटना से हटिया के लिए वंदे भारत एक्सप्रेस की शुरूआत जून महीने में की जा सकती है। इसकी सभी तैयारियां लगभग पूरी हो गई हैं। ट्रेन के परिचालन को लेकर के पटना से हटिया का जो समय रखा गया है वह सुबह 6:55 बजे का है और हटिया से पटना जाने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस शाम में 5:00 बजे जाएगी। वंदे भारत ट्रेन की शुरूआत करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी झारखंड आ सकते हैं। इसके लिए प्रस्ताव का पत्र प्रधानमंत्री कार्यालय को भेज दिया गया है। रेलवे के सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को मांगा गया है। अब प्रधानमंत्री कार्यालय से यह तय किया जाएगा कि जून महीने में कौन सी तारीख प्रधानमंत्री की मिल पाती है। उसके बाद यह तय किया जाएगा कि किस तारीख को वंदे भारत का शुभारंभ होगा, लेकिन कुल मिलाकर यह कहा जा सकता है कि जिस तरीके से तैयारी चल रही है, जून महीने में बिहार और झारखंड के लोगों से पटना रांची की यात्रा के लिए वंदे भारत की सौगात मिल जाएगी।

# वी फाउंडेशन का 'गुरुशाला समर कैंप' 30 जून तक




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

वी की सीएसआर शाखा वी फाउंडेशन ने स्कूली बच्चों के लिए ऑनलाइन 'गुरुशाला समर कैंप 2023' का आयोजन किया है। इसमें हिस्सा लेने के लिए भारत भर के बच्चों को आमंत्रित किया है। यह कैंप 30 जून 2023 तक कक्षा 6 से 10 तक के छात्रों के लिए सप्ताह के तीन दिन सोमवार, बुधवार और शुक्रवार को सुबह 11 बजे से दोपहर 12 बजे के बीच चलाया जा रहा है। भारत में कही से भी छात्र गुरुशाला समर कैंप में निःशुल्क भाग ले सकते हैं और विशेषज्ञों द्वारा आयोजित मजेदार और इंटरैक्टिव सत्रों का लाभ उठा सकते हैं। कैंप के सत्रों में 'डू इट योरसेल्फ' , 'थिएटर' सत्रों के माध्यम से छात्र चुनौतीपूर्ण सामाजिक परिदृश्यों और कमजोर भावनाओं को व्यक्त करने के लिए रचनात्मक और आत्मविश्वास बढ़ाने वाली तकनीक सीख सकते हैं। 'फिटनेस विद फन' सत्र में नृत्य, जुंबा और योग जैसी गतिविधियां शामिल हैं। 'सेल्फ-डिफेन्स' में गुरुशाला के छात्रों को स्वयं की रक्षा की तकनीक सिखाई जाएगी, जबकि 'हेल्थ एंड हाइजीन' में आवश्यक स्वास्थ्य देखभाल पर बच्चों में जागरूकता पैदा की जाएगी। कैंप के आखिर में सभी बच्चों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, असाधारण प्रतिभा दिखाने वाले छात्रों को आकर्षक पुरस्कारों से पुरस्कृत किया जाएगा।

## राज्यस्तरीय खरीफ-सह-मिलेट्स कर्मशाला 2023 का आयोजन

# पदाधिकारी किसानों का भरोसा हासिल करें



**मंत्री ने कहा कि राशि का आवंटन और खर्च कर देना ही हमारा काम नहीं है, बल्कि किसानों की समस्याओं को करीब से देखने की जरूरत है।**

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राज्य के कृषि मंत्री श्री बादल ने पदाधिकारियों से कहा कि किसानों के प्रति उनमें एक कमिटमेंट होना चाहिए। उनकी हर समस्या, आपकी समस्या प्रतीत हो और उस समस्या के समाधान के लिए आप संबंधित विभाग से समन्वय बनाकर काम करें। अगर आप ऐसा करते हैं, तो किसानों में आपके प्रति भरोसा बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि राशि का आवंटन और खर्च कर देना ही हमारा काम नहीं है, बल्कि किसानों की समस्याओं को करीब से देखने की जरूरत है। कृषि मंत्री बादल हेसाग स्थित पशुपालन भवन के सभागार में इंटरनेशनल मिलेट्स ईयर 2023 के अवसर पर आयोजित राज्यस्तरीय खरीफ सह मिलेट्स कर्मशाला 2023 में राज्य के सभी जिला कृषि पदाधिकारी और जिला सहकारिता पदाधिकारियों को संबोधित कर रहे थे। श्री बादल ने कहा कि सभी पदाधिकारियों को ऐसे जिलों से सीखने की जरूरत है, जिस जिले में उत्कृष्ट तरीके से योजनाओं का क्रियान्वयन किया गया है। कहा, हम राज्य के किसानों को अनुदानित दर पर बीज उपलब्ध करा रहे हैं, लेकिन हम किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने में क्यों पीछे हैं, इसपर काम करने की जरूरत है। कृषि मंत्री श्री बादल ने कहा कि राज्य की जीडीपी में 14 प्रतिशत कृषि की भागीदारी है, जिसे हम 20 प्रतिशत तक ले जाना चाहते हैं। इसमें बिरसा एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी जैसे संस्थान हमारे सहयोगी हैं, लेकिन हम इस बात का आकलन अभी तक नहीं कर सके हैं कि गैर सिंचित भूमि के लिए हमे क्या काम करने की जरूरत है। चेकडैम, खदानों के पानी से सिंचाई की जा सकती है। श्री बादल ने कहा कि किसानों के कल्याण के उद्देश्य से हमने चैंबर ऑफ फार्मर्स की परिकल्पना की थी, जिसमें अध्यक्ष, सचिव और कोषाध्यक्ष पद पर नए लोगों को बैठना था और अधिकारियों को उसमें सदस्य बनाने की बात थी, लेकिन उसमें अब तक परिकल्पना के आधार पर सकारात्मक परिणाम नहीं मिले हैं।

## जेएन कॉलेज में शुरू हुआ प्रज्ञा केंद्र

**रांची।** जेएन कॉलेज, धुर्वा में बुधवार को कॉमन सर्विस सेंटर (प्रज्ञा केंद्र) की शुरूआत हुई। रांची विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा ने इसका विधिवत उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि कॉलेज में कॉमन सर्विस सेंटर खुलने से दूरदराज से आनेवाले विद्यार्थियों को काफी मदद मिलेगी। साथ ही, उन्होंने प्राचार्य अबरार अहमद को कॉलेज का नैक मूल्यांकन कराने के लिए तैयारी शुरू करने का निर्देश दिया। कुलपति ने कहा कि रांची विश्वविद्यालय की आईक्यूएसी टीम जेएन कॉलेज में 20 मई को नैक की तैयारी के मद्देनजर आएगी। प्राचार्य डॉ अबरार अहमद में नैक की तैयारी को सुचारू ढंग से करने की बात कही। उन्होंने कहा कि कॉलेज के बेहतर नैक मूल्यांकन के लिए सभी तैयारियां शुरू की जा चुकी हैं। मौके पर डॉ एचके चौरसिया, डॉ एसएन उरांव, डॉ हिमावती बिन्हा, डॉ हर्षमति सिंकू, डॉ केपी सिंह, डॉ जगदीश लोहरा, डॉ विद्यानंद चौधरी सहित शिक्षक, शिक्षकेतर कर्मी और विद्यार्थी उपस्थित थे।

# राष्ट्रीय सब जूनियर पुरुष हॉकी चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए झारखंड टीम राउरकेला रवाना




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

18 से 28 मई 2023 तक बिरसा मुंडा अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम राउरकेला ,उड़ीसा में आयोजित 13वी हॉकी इंडिया राष्ट्रीय सब जूनियर पुरुष हॉकी चैंपियनशिप 2023में भाग लेने के लिए 18 सदस्यीय झारखंड टीम आज राउरकेला रवाना हुई।इससे पूर्व हॉकी झारखंड के कार्यालय में हॉकी झारखड़ की और सभी खिलाड़ियों को हॉकी इंडिया से मिले अंतर्राष्ट्रीय स्तर का हॉकी स्टिक ,गेंद और टीम में सामिल दोनो गोलकीपर को गोलकीपर कीट तथा खेल विभाग झारखंड सरकार के द्वारा मिले सभी खिलाड़ियों को जर्सी और ट्रैक शूट दिया गया।झारखंड टीम असीम एक्का,अमन तिग्गा,डेबिट बारला,फागुवा होरो, कुलदीप बारला, पतरस हस्सा,रोहित तिर्की,,घुरन लोहरा,रोहित प्रधान, बीकरम सोरेंग,राणा सिंह मुंडा, जेम्स नाग,अंकित एक्का, निकोलस टोपनो, जोलेंन टोपनो, साबियान किड़ो, नवीन इंदवार, राकेश बड़ा, कोच मनीष कुमार है। उपर्युक्त सभी खिलाड़ियों को हॉकी इंडिया के महासचिव सह हॉकी झारखंड के अध्यक्ष भोलानाथ सिंह, हॉकी झारखंड के महासचिव विजय शंकर सिंह,सीईओ रजनीश कुमार ने खेल कीट वितरण किया और जीत की शुभकामनाएं दी। झारखंड सरकार खेल विभाग की निदेशक श्री मति सरोजनी लकड़ा और सभी पदाधिकारियों ने भी झारखंड टीम को शुभकामनाएं दी।

# 'हो' विषय का रिजल्ट 31 जुलाई से पहले जारी करने को कोर्ट ने दिया निर्देश



**नवीन मेल संवाददातपा। रांची**

झारखंड हाई कोर्ट के जस्टिस डॉ एसएन पाठक की कोर्ट में बुधवार को स्थानीय विषय 'हो' के लिए असिस्टेंट प्रोफेसर नियुक्ति में साक्षात्कार लिए जाने के एक साल बीतने के बाद भी जेपीएससी द्वारा रिजल्ट जारी नहीं किए जाने को सरस्वती गगराई एवं अन्य की रिट याचिका की सुनवाई हुई। कोर्ट ने मामले में जेपीएससी को 31 जुलाई से पहले रिजल्ट जारी करने का निर्देश दिया। कोर्ट ने मामले को निष्पादित कर दिया। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता शुभाशीष रसिक सोरेन ने पैरवी की। दरअसल, हो विषय के लिए असिस्टेंट प्रोफेसर नियुक्ति प्रक्रिया वर्ष 2018 में शुरू हुई थी। कुछ कारणों से वर्ष, 2019 में इस प्रक्रिया में रुकावट आई थी। बाद में वर्ष 2022 में फिर से प्रक्रिया शुरू हुई थी। इसमें 28 मार्च, 2022 को करीब 20 अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लिया गया था लेकिन रिजल्ट जारी नहीं होने से याचिकाकर्ता ने हाई कोर्ट में याचिका दाखिल की थी। असिस्टेंट प्रोफेसर में हो विषय के लिए करीब सात पदों के लिए विज्ञापन जेपीएससी ने निकाला था।

# होपवेल हॉस्पिटल में पहली बार पेनक्रियाज कैंसर का हुआ सफल सर्जरी




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राजधानी के कर्बला चौक स्थित अत्याधुनिक सुविधा युक्त होपवेल हॉस्पिटल में पेनक्रियाज कैंसर से पीड़ित दो मरीजों की सफल सर्जरी की गई। इस संबंध में होपवेल हॉस्पिटल के व्यवस्थापक व प्रख्यात जीआई एवं एडवांस लेप्रोस्कोपिक सर्जन डॉ. शाहबाज आलम ने पत्रकारों को बताया कि खूंटी निवासी 60 वर्षीय महिला रिजवाना खातून और चान्हो निवासी लगभग 55 वर्षीय महिला नजमा खातून के पेनक्रियाज में बने ट्यूमर की सफल सर्जरी की गई। उन्होंने बताया कि लीवर ट्रांसप्लांट के बाद इस प्रकार का पेट का यह सबसे जटिल ऑपरेशन है। इसे व्हिपल( द्दस्त्रस्त्र'ी' )सर्जरी कहा जाता है। उन्होंने बताया कि खूंटी निवासी मरीज रिजवाना खातून पेट में दर्द की शिकायत लेकर आई थी। अपच, उल्टी और भूख न लगना आदि की समस्या से पीड़ित थीं। उनके परिजनों ने यहां संपर्क किया। तत्पश्चात डॉ. शाहबाज आलम ने एंडोस्कोपी, सीटी स्कैन सहित अन्य सभी आवश्यक जांच करने के बाद यह कंफर्म किया कि मरीज को पेनक्रियाज में ट्यूमर है, कैंसर का भी संदेह है। इसके लिए मरीज के परिजनों की सहमति से सर्जरी की तैयारी की गई। पेनक्रियाज में कैंसर प्रथम स्टेज में था।

# पृष्ठ एक के शेष

**बाबा नगरी से राष्ट्रपति के दौरे की...**

में राजभवन में विश्राम करेंगी। 25 मई को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू रांची के अलावा खूंटी के भी कुछ कार्यक्रमों में भाग लेंगी। राष्ट्रपति के खूंटी दौरे को लेकर भी झारखंड पुलिस अपनी सुरक्षा व्यवस्था की तैयारियों को पुख्ता करने में जुटी हुई है।

**ये है निर्धारित कार्यक्रम..**

25 मई को ही राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू वापस रांची लौट आएंगी और रात्रि विश्राम राजभवन में कर 26 मई कोट्रिपल आईटी कन्वर्सेशन में भाग लेंगी। इस कन्वर्सेशन की मुख्य अतिथि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ही है। 26 मई को दिन के लगभग एक बजे राष्ट्रपति द्रौपदी मुरमू भारतीय वायुसेना के विशेष विमान से दिल्ली वापस लौट जाएंगी।

**डाक पार्सल वेन से ले जा रही...**

**क्योंकि ऐसे एल्डरमैन के पास मतदान शक्ति होती है।** सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि उपराज्यपाल को एमसीडी में एल्डरमैन नामित करने का अधिकार देने का मतलब है कि वह निर्वाचित नगर निकाय को अस्थिर कर सकते हैं। भारत के मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली पीठ ने एमसीडी में एल्डरमैन को नामित करने के उपराज्यपाल के अधिकार को चुनौती देने वाली याचिका पर फैसला सुरक्षित रखते हुए यह बात कही। पीठ ने कहा कि क्या एमसीडी में 10 विशिष्ट लोगों का नामांकन केंद्र के लिए इतना चिंता का विषय है?न्यायालय ने निर्वाचित सरकार की सहायता और परामर्श के बिना दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) में 10 ह्यएल्डरमैनह्व को नामित करने के लिए उपराज्यपाल के संविधान तथा कानून के तहत अधिकार के स्रोत के बारे में मंगलवार को सवाल किया था।

**फेस डिटेक्शन कैमरा से धारा...**

पता नहीं चल पाए। एटीएस से मिली जानकारी के अनुसार पूछताछ में अमन ने इस बात का भी खुलासा किया है। उसने एटीएस को बताया कि ठिकाना बदलने से पुलिस उस तक पहुंच नहीं पाती थी।

## जिस सिम से करता बात फिर उसे नहीं रखता अपने पास

गैंगस्टर अमन श्रीवास्तव शातिर अपराधी है। वह अपना सारा काम पूरी प्लानिंग के साथ ही करता था। बताया जा रहा है कि वह जिस मोबाइल नंबर से जिस स्थान से अपने गुर्गों व अन्य लोगों से बात करता था। फिर उस मोबाइल नंबर को वह बंद कर उसी स्थान पर छोड़ देता था। इसके बाद वह दूसरा मोबाइल नंबर(सिम कार्ड) लेकर जाता था। इससे पुलिस उसका लोकेशन निकाल नहीं सके। अगर पुलिस उसके उस ठिकाने पर पहुंच भी जाए तो उसे सफलता नहीं हाथ नहीं लगे।

**खुद मांगता था कारोबारियों से रंगदारी**

श्रीवास्तव गैंग का सरगना अमन कोयला कारोबारियों और व्यवसायियों से खुद रंगदारी मांगता था। बताया जा रहा है कि वह मुंबई, सूरत, बंगलोर, पूणे आदि जगहों से कारोबारियों को फोन करता था। उसे पहले धमकी देता फिर रंगदारी की रकम मांगता था। रकम की वसूली वह अपने गुर्गों के जरीए करवाता था। रंगदारी की रकम नहीं देने वाले कारोबारियों पर वह हमले करवाता था।

## चेतावनी | बिना हेलमेट पकड़े गए तो अभिभावकों से की जायेगी शिकायत

# स्कूली बच्चों पर भी अब सख्ती करने की हो रही तैयारी



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

बिना हेलमेट और ट्रिपल राइड करने वाले युवाओं और स्कूली बच्चों के खिलाफ अब सख्ती की जाएगी। शहर में नियमित अभियान चलेगा। बिना हेलमेट और ट्रिपल राइड करते पकड़े गए स्कूली बच्चों के अभिभावकों को इसकी तत्काल जानकारी दी जाएगी। अभिभावकों के यह बताया जाएगा कि उनके बच्चे किस स्थान पर हैं और बिना हेलमेट ट्रिपल राइड करते पकड़े गए हैं। अभिभावकों को भी बच्चों को ट्रिपल राइड नहीं करने देने और बिना हेलमेट दो पहिया वाहन नहीं देने को कहा जाएगा। यह अभियान शहर के बाहरी इलाकों और रिंग रोड पर भी चलाया जाएगा। जिला परिवहन पदाधिकारी प्रवीण कुमार प्रकाश ने इसकी पहल की है और पिछले दिनों जांच के दौरान बिना हेलमेट ट्रिपल राइड के पकड़े गए स्कूली बच्चों के अभिभावकों को इसकी जानकारी भी दी। इसके बाद अभिभावकों ने जानकारी देने के लिए आभार जताया और बच्चों की गतिविधियों पर नजर रखने का भरोसा भी दिया। हाल के दिनों में कई स्कूली बच्चों को बाइक पर स्कूल यूनिफॉर्म में भी वाहन चेकिंग के दौरान पकड़ा गया था। उनके पास लाइसेंस भी नहीं था। हालांकि छात्रों को चेतावनी देकर छोड़ दिया गया था। जिला परिवहन पदाधिकारी प्रवीण प्रकाश के अनुसार सड़क हादसों की बढ़ती संख्या और इसमें युवाओं की मौत अधिक होने के कारण प्रशासन सख्ती दिखा रहा है। पिछले दिनों नामकुम में अभिभावकों को छात्रों की करतूत की जानकारी दी गई थी और उन्हें भी बिना लाइसेंस, हेलमेट के वाहन नहीं देने को कहा गया था। अब इस इसे नियमित किया जाएगा। स्कूलों के आसपास भी नियमित जांच की जाएगी।

### पिछले साल सड़क हादसों में 57 फीसदी युवाओं की मौत

रांची में लापरवाही से वाहन चलाने से दुर्घटनाएं बढ़ी हैं। वर्ष 2022 में रांची में 634 वाहन दुर्घटनाएं हुईं। इनमें 412 यानी 65 फीसदी मौत हो गई। जान गंवाने वालों में 18 से 30 वर्ष के 235 युवा थे, जबकि झारखंड में 2022 में 5007 दुर्घटनाएं हुई, इनमें 3703 लोगों की मौत हो गई। इनमें 18-35 वर्ष के 41 लोग हैं। इन आंकड़ों को परिवहन कार्यालय भी गंभीर मान रहा है और अब लापरवाही से वाहन चलाने वालों के खिलाफ सख्ती बरतने की तैयारी कर रहा है। अगर सख्ती नहीं होगी तो बच्चे और भी लापरवाह हो जायेंगे।

# ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेलने को भारतीय महिला हॉकी टीम तैयार

**एजेंसी। एडिलेड**

भारतीय महिला हॉकी टीम अपने दौरे के पहले मैच में गुरुवार को मेजबान ऑस्ट्रेलिया से भिड़ने के लिए पूरी तरह से तैयार है, जहां वे एडिलेड के मेट स्टेडियम में 18 से 27 मई तक पांच मैच खेलेंगी। शीर्ष गोलकीपर सविता और उपकप्तान दीप ग्रेस एक्का की अगुवाई वाली टीम श्रृंखला के पहले तीन मैचों में ऑस्ट्रेलिया से खेलेगी, इसके बाद ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ दो मैच होंगे। यह दौरा आगामी हांगझाऊ एशियाई खेलों 2023 के लिए भारतीय टीम की तैयारियों का हिस्सा है जो इस साल सितंबर-अक्टूबर में होगा। भारतीय टीम 20 मई और 21 मई को बैक-टू-बैक गेम खेलने से पहले 18 मई को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच के साथ अपने दौरे की शुरूआत करेगी। इसके बाद आगंतुक 25 मई और 27 मई को ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ मुकाबला करेंगे।



ऑस्ट्रेलियाई महिला हॉकी टीम इस समय दुनिया में तीसरे स्थान पर है, जबकि भारतीय टीम आठवें स्थान पर है। विशेष रूप से, भारतीय महिला हॉकी टीम 14 मई को एडिलेड के लिए रवाना हुई और तब से वे ऑस्ट्रेलिया में परिस्थितियों के अनुकूल होने के लिए वहां प्रशिक्षण ले रही हैं। उसी पर बोलते हुए, कप्तान सविता ने कहा, हम हर रोज और यहां तक कि रोशनी के नीचे भी प्रशिक्षण ले रहे हैं ताकि टीम एडिलेड में मैदान और परिस्थितियों के लिए अभ्यस्त हो जाए क्योंकि हमारे मैच शाम को होने वाले हैं।

उन्होंने कहा, बुधवार की सुबह हमारा प्रशिक्षण सत्र भी था, और टीम ने कुछ गेमप्ले किए, क्योंकि हम कल अपने पहले गेम के लिए तैयार हो रहे हैं। इस बीच, भारतीय महिला हॉकी टीम के मुख्य कोच जेनेक शोपमैन ने कहा कि टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेलने के लिए पूरी तरह से तैयार है। शोपमैन ने कहा, खिलाड़ी उत्साहित हैं और ऑस्ट्रेलिया का सामना करने के लिए तैयार हैं। यहां मौसम काफी अच्छा है। हम अच्छा महसूस कर रहे हैं और यह दिखाने के लिए तैयार हैं कि हम पिछले कुछ हफ्तों से क्या काम कर रहे हैं। दिलचस्प बात यह है कि भारतीय महिला हॉकी टीम ने 2021 में टोक्यो ओलंपिक के सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया को 1-0 से हराया।

यह भारतीय टीम के लिए एक ऐतिहासिक जीत थी क्योंकि वे केवल अपने तीसरे ओलंपिक में प्रतिस्पर्धा कर रही थीं और क्वार्टर फाइनल के लिए पहली बार क्वालीफाई किया था जबकि ऑस्ट्रेलिया तीन बार के स्वर्ण पदक विजेता थे। भारतीय टीम ने बर्मिंघम में राष्ट्रमंडल खेलों 2022 के सेमीफाइनल मैच में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भी कड़ा संघर्ष किया और स्कोर को 1-1 से बराबरी पर ला दिया। हालांकि, ऑस्ट्रेलिया ने फाइनल में जगह बनाने के लिए पेनल्टी शूट-आउट 3-0 जीता, जो वे इंग्लैंड से हार गए। इस बीच, भारत ने अपना तीसरा/चौथा स्थान मैच जीतकर कांस्य पदक अपने नाम किया।

### भारत के ऑस्ट्रेलिया दौरे का कार्यक्रम

**18 मई, गुरुवार:** भारत बनाम ऑस्ट्रेलिया, 14:15 भारतीय समयानुसार
**20 मई, शनिवार:** भारत बनाम ऑस्ट्रेलिया, 14:15 भारतीय समयानुसार
**21 मई, रविवार:** भारत बनाम ऑस्ट्रेलिया, 13:45 भारतीय समयानुसार
**25 मई, गुरुवार:** भारत बनाम ऑस्ट्रेलिया ए, 14:15 भारतीय समयानुसार
**27 मई, शनिवार:** भारत बनाम ऑस्ट्रेलिया ए, 14:15 भारतीय समयानुसार

## स्कॉटलैंड ने विश्व कप क्वालीफायर के लिए 15 सदस्यीय टीम घोषित की

**एजेंसी। दुबई**

कॉटलैंड ने जिम्बाब्वे में होने वाले आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप क्वालीफायर के लिए अपनी 15 सदस्यीय टीम घोषित कर दी है। टीम में वरिष्ठ खिलाड़ियों के साथ युवाओं को भी मौका दिया गया है। विश्व कप 2023 के लिए क्वालिफाइंग मुकाबले 18 जून से 9 जुलाई तक खेले जाएंगे। क्वालीफायर टूनार्मेंट के जरिए दो टीमें क्वालिफाई करेंगी।

लोहरदगा जिला के 40 वां स्थापना दिवस के मौके पर सभी लोहरदगा वासियों को हार्दिक हार्दिक बधाई।
आईए अपराध व भयमुक्त समाज के निर्माण में अपनी भागीदारी निभाएं।


वशिष्ठ नारायण सिंह
अनुमंडलीय पुलिस पदाधिकारी, लोहरदगा।

NEWS इन ब्रीफ

### रवि बिश्नोई ने आईपीएल करियर में 50 विकेट पूरे किए

**लखनऊ।** लखनऊ सुपर जायंट्स के स्पिनर रवि बिश्नोई ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) करियर में अपने 50 विकेट पूरे कर लिए हैं। इस युवा स्पिनर ने लखनऊ में मुंबई इंडियंस (एमआई) के खिलाफ मंगलवार को खेले गए मैच के दौरान यह उपलब्धि हासिल की। मैच में बिश्नोई ने 6.50 की इकॉनमी के साथ चार ओवर में 26 रन देकर 2 विकेट लिए। उन्होंने सलामी बल्लेबाज ईशान किशन और मुम्बई के कप्तान रोहित शर्मा का विकेट लिया। आईपीएल करियर में रवि बिश्नोई के अब 50 मैचों में 27.45 की औसत और 7.63 की इकॉनमी रेट से 51 विकेट हो गए हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी प्रदर्शन 24 रन देकर 3 विकेट है। मौजूदा आईपीएल सीजन की बात करें तो अब तक खेले 13 मैचों में उन्होंने 24.14 की औसत और 7.95 की इकॉनमी रेट से 14 विकेट लिए हैं।

### पंचनद क्रिकेट चैंपियनशिप के क्वार्टरफाइनल में जीती बेनीपुरा

**औरैया।** चंबल विद्यापीठ परिवार द्वारा आयोजित 'पंचनद क्रिकेट चैंपियनशिप' के नौवें दिन बेनीपुरा और कर्तलापुर टीमों के बीच क्वार्टर फाइनल मुकाबला हुआ। हिम्मतपुर ग्राउंड पर तेज हवा से बार-बार धूल की चादर छा जाती। बेनीपुरा टीम ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 12 ओवर में छह विकेट के नुकसान से 125 रन बनाए। बेनीपुरा टीम के खिलाडी.सनी ने चार छक्के और नौ चौके लगाने के साथ 76 रन बनाये। बेनीपुरा टीम के कप्तान यशवंत ने 23 रन बनाये। अक्षय और अवनीश ने दो-दो विकेट झटके। जवाब में उतरी कर्तलापुर टीम लक्ष्य का पीछा करते हुए नौ विकेट के नुकसान से 119 रन बनाकर हार गयी। आखिरी लम्हे तक मैच दिलचस्प बना रहा। कर्तलापुर टीम के खिलाड़ी आलम अली और गोलू ने 34-34 रन बनाए।

# दिल्ली ने पंजाब को जीत के लिए 214 रनों का दिया लक्ष्य



**एजेंसी। धर्मशाला**

पंजाब किंग्स ने इंडियन प्रीमियर लीग 2023 के 64वें मुकाबले में दिल्ली कैपिटल्स को जीत के लिए 214 रन का टारगेट दिया। दिल्ली ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में दो विकेट पर 213 रन बनाए। टीम ने सीजन में पहली बार 200 का आंकड़ा पार किया है। राइली रूसो ने 37 बॉल में 82 रन बनाए। उन्होंने अपने क्ख्छ करियर का पहला अर्धशतक जमाया, वहीं पृथ्वी शॉ 54 रन बनाकर आउट हुए। उन्होंने सीजन की पहली फिफ्टी जमाई। यह शॉ की 13वीं फिफ्टी है। इससे पहले, कप्तान डेविड वॉर्नर 31 बॉल पर 46 रन बनाकर आउट हुए। पंजाब की ओर से सैम करन ने दो विकेट लिए। पहला: 11वें ओवर की दूसरी बॉल पर शिखर धवन ने करन की बॉल पर वॉर्नर का कमाल कैच पकड़ा। दूसरा: 15वें ओवर की आखिरी बॉल पर सैम करन ने पृथ्वी शॉ को अथर्व तायड़े के हाथों कैच कराया। राइली रूसो ने अपने क्ख्छ करियर का पहला अर्धशतक बनाया। उन्होंने 25 बॉल में फिफ्टी पूरी की। उन्होंने 37 बॉल पर 221.62 के स्ट्राइक रेट से 82 रन बनाए। उन्होंने 6 चौके और 6 छक्के जमाए। दिल्ली के ओपनर पृथ्वी शॉ ने सीजन की पहली फिफ्टी जमाई। उन्होंने 36 बॉल पर हाफ सेंचुरी पूरी की। यह पृथ्वी की क्ख्छ में 13वीं फिफ्टी है। कप्तान डेविड वॉर्नर और पृथ्वी शॉ की साझेदारी ने दिल्ली को मजबूत शुरूआत दिलाई। दोनों ने पहले विकेट के लिए 62 बॉल पर 94 रन जोड़े। इस साझेदारी को सैम करन ने डेविड वॉर्नर को आउट कर तोड़ा। वॉर्नर 31 बॉल में 46 रन बनाकर आउट हुए। पावरप्ले में दिल्ली ने शानदार शरुआत की। टीम ने 6 ओवर में बिना नुकसान के 61 रन बनाए। टीम के दोनों ओपनर्स नाबाद रहे।पंजाब किंग्स : शिखर धवन (कप्तान), अथर्व तायड़े, लियाम लिविंगस्टोन, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), सैम करन, हरप्रीत बरार, शाहरुख खान, राहुल चाहर, कगिसो रबाडा, नाथन एलिस और अर्शदीप सिंह। इम्पैक्ट प्लेयर्स : प्रभसिमरन, सिकंदर रजा, मैथ्यू शॉर्ट, ऋषि धवन और मोहित राठी। ?दिल्ली कैपिटल्स : डेविड वार्नर (कप्तान), पृथ्वी शॉ, फिलिप सॉल्ट (विकेटकीपर), राइली रूसो, अक्षर पटेल, अमान खान, यश धुल, कुलदीप यादव, एनरिक नोर्त्या, खलील अहमद और ईशांत शर्मा।

### एशियाई अंडर-23, अंडर-17 कुश्ती चैम्पियनशिप के ट्रायल के लिए मिली रिकॉर्ड प्रविष्टियां

नई दिल्ली। भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) द्वारा कुश्ती के संचालन के लिए गठित तदर्थ समिति को आगामी अंडर-23 और अंडर-17 एशियाई चैम्पियनशिप के ट्रायल के लिए रिकॉर्ड 1700 से अधिक प्रविष्टियां मिली हैं। अंडर-17 और अंडर-23 पहलवानों के लिए एशियाई चैंपियनशिप 10-18 जून तक बिश्केक में आयोजित की जाएगी। तदर्थ समिति 17 से 20 मई तक सोनीपत के एनआईएस (राष्ट्रीय खेल संस्थान) पटियाला और भारतीय खेल प्राधिकरण के क्षेत्रीय केंद्र में ट्रायल आयोजित करेगा।

स्वास्थ्य विभाग, लोहरदगा की ओर से समस्त जिलेवासियो को लोहरदगा जिला के 40 वां स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।
मास्क, सेनिटाईजर व साबून का उपयोग करे घर पर रहे, स्वस्थ व सुरक्षित रहें


डॉ संजय कु. सुबोध
सिविल सर्जन, लोहरदगा।


लोहरदगा कांग्रेस परिवार की ओर से समस्त जिलेवासियों को लोहरदगा जिला के 40 वां स्थापना दिवस की हार्दिक हार्दिक बधाई।
आइए लोहरदगा जिले के समग्र विकास में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।

हर हाथ शक्ति हर हाथ तरक्की
कांग्रेस का हाथ आम आदमी के साथ

धीरज प्रसाद साहू
राज्यसभा सांसद लोहरदगा।

## आईपीएल 2023

### शेन बॉन्ड का बड़ा बयान, बोले-

# हम एक ही गलती को दोहरा रहे है





**एजेंसी। लखनऊ**

मुंबई इंडियंस के गेंदबाजी कोच शेन बॉन्ड ने लखनऊ सुपरजायंट्स के खिलाफ आखिरी ओवरों में अधिक रन लुटाने पर गेंदबाजी इकाई पर निराशा जताते हुए कहा कि उनकी टीम बार-बार एक ही गलती को दोहरा रही है। मुंबई को मंगलवार को खेले गये मैच के आखिरी ओवर में जीत के लिए 11 रन चाहिये थे लेकिन चोट से वापसी कर रहे बायें हाथ के तेज गेंदबाज मोहसिन खान ने शानदार गेंदबाजी कर लखनऊ को पांच रन से जीत दिला दी। लखनऊ सुपरजायंट्स की टीम 17 ओवर में तीन विकेट पर 123 रन बनाकर रन बनाने के लिए संघर्ष कर रही थी लेकिन मुंबई ने आखिरी तीन ओवरों में 54 रन लुटा दिये। इस दौरान क्रिस जॉर्डन के 18वें ओवर में 24 रन बने। बॉन्ड ने मैच के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा, मेरे लिए सबसे निराशाजनक बात यह है कि हम जिन योजनाओं के बारे में बात करते हैं, मैदान में उन पर टिके नहीं रहते है। मार्कस (स्टोइनिस) जैसे खिलाड़ियों के लिए हम इस विकेट पर क्या करना चाहते थे, इसे लेकर हम बहुत स्पष्ट थे। हमने उन्हें गेंदबाजी को लेकर योजना बनायी थी लेकिन इसके मुताबिक गेंदबाजी नहीं की। स्टोइनिस ने अपनी 47 गेंद की पारी में आठ छक्के जड़ नाबाद 89 रन बनाये।

### प्लेऑफ के 3स्थानों के लिए लड़ रही हैं 7 टीमें

**नई दिल्ली।** आईपीएल 2023 के लीग चरण में सिर्फ सात मैच बचे हैं और मौजूदा चैंपियन गुजरात टाइटंस ने अपना स्थान पक्का कर लिया है, जबकि दिल्ली कैपिटल्स और सनराइजर्स हैदराबाद प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो गई है। इसका मतलब है कि सात टीमें अब तीन प्लेऑफ स्थानों के लिए लड़ रही हैं। लखनऊ सुपर जायंट्स ने मंगलवार को मुंबई इंडियंस पर पांच रन की रोमांचक जीत हासिल कर प्लेऑफ में पहुंचने और शीर्ष दो में संभावित रूप से पहुंचने की अपनी उम्मीदों को जिंदा रखा है। यदि वे शनिवार को अपने आखिरी लीग मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स पर जीत हासिल करते हैं और चेन्नई सुपर किंग्स दोपहर के खेल में दिल्ली कैपिटल्स से हार जाते हैं, तो शीर्ष-दो स्थान और प्लेऑफ योग्यता दांव पर होगी। लेकिन अगर लखनऊ कोलकाता से हार जाता है, तो उसे 15 अंक पार नहीं करने के लिए चेन्नई, मुंबई इंडियंस, रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर और पंजाब किंग्स में से दो की आवश्यकता होगी। लखनऊ के पक्ष में बात यह है कि वे चेन्नई-दिल्ली मैच खत्म होने के बाद कोलकाता के खिलाफ खेलेंगे और उन्हें पता चल जाएगा कि एनआरआर के ध्ष्टिकोण से प्लेऑफ में जाने के लिए वास्तव में क्या आवश्यक है।

Meri LiFE Lifestyle for Environment
वन प्रमंडल लोहरदगा की ओर से लोहरदगा जिला के 40 वां स्थापना दिवस पर समस्त लोहरदगा वासियो व मित्रों को हार्दिक बधाई।
वन बचाएं, जल बचाएं, उर्जा बचाएं एवं Life style for Environment अपनाएं।


अरविन्द कुमार
वन प्रमण्डल पदाधिकारी
लोहरदगा वन प्रमण्डल

लोहरदगा जिले के 40 वां स्थापना दिवस पर समस्त जिलेवासियों को जिला प्रशासन की ओर से हार्दिक हार्दिक बधाई।
सामाजिक समरसता का वातावरण तैयार कर आईए लोहरदगा जिले के समग्र विकास में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।

डॉ. वाघमारे प्रसाद कृष्ण
उपायुक्त सह जिला दण्डाधिकारी, लोहरदगा।